e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 163
रविवार
16.06.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
चंचल चित से करने वाले कार्य कभी समाप्त नहीं होते। पहले निश्चय करिए, फिर कार्य आरम्भ करिए।

## क्विक न्यूज

### हाथियों के विचरण से वन विभाग ने जारी किया अलर्ट

**बलौदाबाजार :** वनमंडल बलौदाबाजार अंतर्गत बार नवापारा अभ्यारण्य, वन विकास निगम क्षेत्र एवं देवपुर परिक्षेत्र के जंगलों में 2 नग दंतैल हाथी विचरण कर रहे हैं।इसी प्रकार 1 नग दंतैल हाथी अर्जुनी के जंगलों में विचरण कर रहा है जो कि महासमुंद के जंगल से आया हुआ है। इस प्रकार अलग-अलग परिक्षेत्र में कुल 3 हाथी विचरणरत हैं। जंगल में हाथी की मौजूदगी से वन विभाग ने कई गाँवों में अलर्ट जारी कर दिया है। बारनवापारा अभ्यारण्य में विचरणरत हाथी एमई-3 तथा 01 नग छोटा दंतैल हाथी जो कि महासमुंद एवं गोमरदा अभ्यारण्य से आया हुआ है।विभाग ने परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम हरदी, रामपुर, पकरीद,अकलतरा,कोठारी, सैहाभाठा, पाड़ादाह, दोंद में अलर्ट जारी किया गया है। गाँव में मुनादी कराकर ग्रामीणों को जंगल की ओर न जाने की हिदायत दी गई है। इसके साथ ही वन विभाग लगातार हाथी को ट्रैक कर रहा है।

### बैंककर्मियों को बंधक बनाकर दिनदहाड़े एक्सिस बैंक से 17.5 लाख की लूट

**पटना :** राजधानी पटना में बिहटा के देखूली स्थित एक्सिस बैंक की शाखा से शनिवार को अपराधियों ने बैंककर्मियों को बंधक बनाकर करीब 17.50 लाख रुपये लूट लिये।बैंककर्मियों की ओर से दी गयी सूचना पर कई थानों की पुलिस टीम के साथ पुलिस के आला अधिकारी पहुंचे। मामले की छानबीन की जा रही है। अपराधियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। बताया जा रहा है कि चार हथियारबंद अपराधी बैंक में दाखिल हुए और बैंककर्मियों को बंधक बनाकर करीब 17.50 लाख रुपये लूट कर चलते बने।फिलहाल बैंक के अधिकारी लूटे गए रूपयों का मिलान कर रहे हैं।

### येदियुरप्पा सीआईडी के समक्ष 17 जून को होंगे पेश

**नई दिल्ली :** वरिष्ठ भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा ने शनिवार को बताया कि वह उनके खिलाफ दर्ज पॉक्सो मामले में पूछताछ के लिए 17 जून को सीआईडी के सामने पेश होंगे।येदियुरप्पा ने कहा कि उनके खिलाफ साजिश की गई है, जिसका जनता जवाब देगी।उल्लेखनीय है कि कर्नाटक हाई कोर्ट ने कल सीआईडी को येदियुरप्पा को गिरफ्तार किए जाने पर रोक लगा दी थी। न्यायालय ने कहा था कि वे समान्य व्यक्ति नहीं है, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हैं। साथ ही वे जांच में सहयोग देने के लिए तैयार हैं।

### पेट्रोल में तीन और डीजल की कीमतों में 3.05 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि, कांग्रेस सरकार का बड़ा फैसला

**बेंगलुरु :** कर्नाटक सरकार ने ईंधन की कीमतों को बढ़ाने का फैसला लिया है। कांग्रेस की सिद्धारमैया सरकार ने पेट्रोल के दाम तीन और डीजल की कीमतों को लगभग 3.05 रुपये प्रति लीटर बढ़ाने का फैसला लिया है। कांग्रेस सरकार के इस फैसले के मुताबिक कांग्रेस सरकार ने पेट्रोल का सेल्स टैक्स 29.84 फीसदी, जबकि डीजल का बिक्री कर 18.44 फीसदी बढ़ाने का फैसला लिया है। इस फैसले के असर के बारे में पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने बताया कि कर्नाटक में तत्काल प्रभाव से पेट्रोल की कीमत लगभग तीन रुपये जबकि डीजल की कीमत 3.05 रुपये बढ़ जाएगी।

### शान्ता कुमार ने की स्वामी रामदेव को भारत रत्न देने की वकालत

**पालमपुर :** पूर्व केन्द्रीय मंत्री शान्ता कुमार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिख कर स्वामी रामदेव को भारत रत्न देने की वकालत की है। उनका तर्क है कि योग और स्वदेशी के लिए अत्यन्त सराहनीय और ऐतिहासिक कार्य करने के लिए स्वामी रामदेव को यह सम्मान मिलना चाहिए।शान्ता कुमार ने शनिवार को एक बयान में कहा कि 21 जून को पूरा विश्व योगमय हो जाएगा। यह भारत के लिए अत्यन्त सौभाग्य की बात है। सदियों तक योग कुछ आश्रमों तक सीमित रहा। देश के इतिहास में पहली बार एक अकेले संन्यासी स्वामी रामदेव ने आस्था चैनल के सहयोग से सदियों बाद योग को घर-घर पहुंचाया। एक जन आंदोलन बनाया।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $38^{0}$ |
| न्युनतम | $26^{0}$ |

नीट परीक्षा रद्द करने की मांग,छात्रों ने केंद्र सरकार का पुतला फूंका, पुलिस ने भांजी लाठियां

# सड़कों पर उतरे छात्र, किया प्रदर्शन

**पटना में दिनकर गोलंबर के पास शनिवार को नीट के परीक्षार्थियों ने हंगामा किया. इस बीच उन्हें ओपेन बोर्ड के 12वीं के परीक्षार्थियों का साथ मिला.प्रदर्शनकारी छात्रों ने केंद्र सरकार का पुतला फूंका और सड़क पर टायर जलाकर मार्ग को अवरूद्ध कर दिया. इस दौरान दिनकर गोलंबर पर आवागमन पूरी तरीके ठप हो गया.**



एजेंसी

**पटना :** नीट परीक्षा में हुई कथित गड़बड़ी को लेकर छात्रों में आक्रोश देखा जा रहा है. बिहार की राजधानी पटना में शनिवार को सैकड़ों छात्र परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे और जमकर प्रदर्शन किया.
प्रदर्शनकारी छात्रों को हटाने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा. पुलिस ने लाठियां भांजी तब जाकर विरोध प्रदर्शन शांत हुआ. पटना में दिनकर गोलंबर के पास शनिवार को नीट के परीक्षार्थियों ने हंगामा किया. इस बीच उन्हें ओपेन बोर्ड के 12वीं के परीक्षार्थियों का साथ मिला.प्रदर्शनकारी छात्रों ने केंद्र सरकार का पुतला फूंका और सड़क पर टायर जलाकर मार्ग को अवरूद्ध कर दिया. इस दौरान दिनकर गोलंबर पर आवागमन पूरी तरीके ठप हो गया. मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्रों को खदेड़ कर हटाया, तब जाकर हालात सामान्य हो सके.

### मांगे पूरी होने तक जारी रहेगा आंदोलन प्रदर्शनकारी

छात्रों ने कहा कि एनटीए ने जो ग्रेस मार्क्स दिया, वह कहीं से भी उचित नहीं था. इसके बाद यह मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंचा. पेपर लीक का सबूत आर्थिक अपराध इकाई पटना पुलिस के पास है. इससे यह साबित होता है कि एक दिन पहले ही अभ्यर्थियों के पास प्रश्न पत्र आ गए थे.प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यह आंदोलन मांग पूरी होने तक जारी रहेगा.

**छात्र नीट परीक्षा को कैंसिल करने की मांग कर रहे थे.**

**पुलिस ने लाठियां भांजी तब जाकर विरोध प्रदर्शन शांत हुआ.**

**यह मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच गया है.**

### नीट परीक्षा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का आरोप

छात्र नीट परीक्षा को कैंसिल करने की मांग कर रहे थे. प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि नीट परीक्षा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई है. इसलिए परीक्षा रद्द की जाए, और फिर से ली जाय.उन्होंने कहा कि प्रश्न पत्र लीक करने के मामले में गिरफ्तारी हुई है, फिर भी सरकार मानने को तैयार नहीं है.

## 2 महीने में पटरियों पर दौड़ेगी वंदे भारत स्लीपर अश्विनी वैष्णव



**नई दिल्ली :** शनिवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक बड़ा ऐलान किया कि मात्र 2 महीने के भीतर देश में 'वंदे भारत स्लीपर' ट्रेन सेट पटरियों पर दौड़ने लगेंगे. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्रकारों से एक बातचीत के दौरान कहा कि सरकार ट्रेनों में वेटिंग की समस्या से निपटने के लिए लगातार कोशिश कर रही है. वहीं 60 दिनों के भीतर 'वंदे भारत स्लीपर' पटरियों पर दौड़ना शुरू कर देगी. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 'वंदे भारत स्लीपर' पटरियों पर दौड़ने के लिए तैयार है. फिलहाल 2 ट्रेन सेट तैयार किए गए हैं. इन दो ट्रेन पर अगले 6 महीने तक टेस्टिंग होगी. उसके बाद इन ट्रेन्स को आम सेवा के लिए लॉन्च करना शुरू किया जा सकता है. अभी वंदे भारत स्लीपर के लिए 4 कोच का एक बेसिक ट्रेन सेट तैयार किया गया है. इतना ही नहीं सरकार की योजना अगले पांच साल में लगभग 400 वन्दे भारत ट्रेन ट्रैक पर लाने की योजना है. वंदे भारत ट्रेन में इंजन अलग से नहीं होता है, बल्कि ये ट्रेन सेट का ही हिस्सा होता है. इससे ट्रेन को तेज गति से चलाने में मदद मिलती है. वहीं इसका डिजाइन एयरोडायनामिक बनाया जाता है.रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ट्रेनों में भीड़ कम करने की रेलवे की कोशिशों के बारे में भी बताया.

## छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में 8 नक्सली ढेर, एक जवान शहीद



एजेंसी

**नारायणपुर :** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गए. इस घटना में एसटीएफ का एक जवान शहीद हो गया तथा दो अन्य घायल हैं. पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस महीने की 12 तारीख को जिले के अबुझमाड़ क्षेत्र में स्थित कुतुल, फरसबेड़ा और कोड़तामेटा गांव के जंगल में नक्सल विरोधी अभियान शुरू किया गया था.उन्होंने बताया कि अभियान में नारायणपुर-कोण्डागांव-कांकेर- दन्तेवाड़ा जिले का डीआरजी, विशेष कार्य बल, भारत तिब्बत सीमा पुलिस के 53वीं वाहिनी और सीमा सुरक्षा बल की 135वीं वाहिनी का बल शामिल है.पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आज सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई. इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने आठ नक्सलियों को मार गिराया.उन्होंने बताया कि इस घटना में एसटीएफ का एक जवान शहीद हुआ है तथा एसटीएफ के दो अन्य जवान घायल हैं. अधिकारियों ने बताया कि घायल जवानों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, उन्हें चिकित्सा के लिए रायपुर ले जाया जाएगा. घायल जवानों की स्थिति सामान्य और खतरे से बाहर है.पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने घटनास्थल से आठ नक्सलियों के शव, इंसास रायफल, .303 रायफल, एक बैरल ग्रेनेड लांचर सहित भारी मात्रा में हथियार और अन्य सामान बरामद किया है.

**पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस महीने की 12 तारीख को जिले के अबुझमाड़ क्षेत्र में स्थित कुतुल, फरसबेड़ा और कोड़तामेटा गांव के जंगल में नक्सल विरोधी अभियान शुरू किया गया था.उन्होंने बताया कि अभियान में नारायणपुर-कोण्डागांव-कांकेर-दन्तेवाड़ा जिले का डीआरजी, विशेष कार्य बल, भारत तिब्बत सीमा पुलिस के 53वीं वाहिनी और सीमा सुरक्षा बल की 135वीं वाहिनी का बल शामिल है.**

## रांची लाया गया कुवैत में मृत मोहम्मद अली हुसैन का पार्थिव शरीर

**मृतक के परिजन को उपायुक्त ने सौंपा 5 लाख की अनुदान राशि का चेक**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** कुवैत में मृत मोहम्मद अली हुसैन का पार्थिव शरीर कुछ देर पहले रांची एयरपोर्ट पर लाया गया। शोक संतप्त परिजनों के साथ उपायुक्त, राँची श्री राहुल कुमार सिन्हा भी एयरपोर्ट पर मौजूद रहे। उन्होंने मोहम्मद अली हुसैन के परिजनों से बातचीत की एवं उन्हें ढांढस बंधाते हुए कहा कि दुःख की इस घड़ी में पूरा प्रशासन आप सभी के साथ है। कुवैत में मृत मोहम्मद अली हुसैन के परिजनों को 05 लाख की अनुदान राशि चेक सौंपा गया। मुख्यमंत्री झारखंड अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी श्रमिक अनुदान योजना अंतर्गत उपायुक्त, रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा ने मृतक के भाई मोहम्मद आसिफ को चेक सौंपा। बता दें कि मोहम्मद अली हुसैन अपने तीन भाई-बहनों में सबसे छोटा था। 57 वर्षीय मोहम्मद अली के पिता मुबारक हुसैन ने बताया कि कुवैत अग्निकांड से तकरीबन 20 दिन पहले पश्चिम एशियाई देश गया था। अली का शव देखर इलाके में पहुंचने पर उसके परिवार के सदस्य, रिश्तेदार और दोस्त टूट गए और उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उसे ऐसी घटना का सामना करना पड़ेगा। अली के पिता ने कहा कि उनका बेटा अपने परिवार का समर्थन करने के लिए पहली बार देश से बाहर गया था।

# लोकसभा में स्पीकर पद को लेकर छिड़ा घमासान

**इस पर शुक्रवार को जेडीयू ने साफ कर दिया था कि तेलुगु देशम पार्टी और जेडीयू एनडीए के साथ मजबूती से खड़ा है. स्पीकर पद के लिए बीजेपी जिसे भी नामित करेगी दोनों पार्टी उसका समर्थन करेंगे.**



एजेंसी

**नई दिल्ली :** विपक्षी पार्टी स्पीकर चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार उतार सकता है. अगर डिप्टी स्पीकर का पद विपक्ष को दिया जाता है तो वे स्पीकर के लिए अपना उम्मीदवार नहीं उतारेंगे.एनडीए की नई सरकार बनने के बाद से ही यह अटकलें लगाई जाने लगी थी कि जनता दल यूनाइटेड लोकसभा में स्पीकर का पद मांग सकती है. इस पर शुक्रवार को जेडीयू ने साफ कर दिया था कि तेलुगु देशम पार्टी और जेडीयू एनडीए के साथ मजबूती से खड़ा है. स्पीकर पद के लिए बीजेपी जिसे भी नामित करेगी दोनों पार्टी उसका समर्थन करेंगे. विपक्षी पार्टी पहले ही कह चुकी है कि इस बार सदन में बीजेपी की मनमर्जी नहीं चलेगी.17वीं लोकसभा का कार्यकाल 17 जून 2019 से 5 जून 2024 तक था. इस दौरान संसद में कई प्रदर्शन हुए.कई बार ऐसे मौके आए जब सांसदों को निलंबित कर दिया गया. दिसंबर 2023 में शीतकालीन सत्र के दौरान 146 सांसदों को निलंबित कर दिया गया था.लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद 8 जून को कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक बुलाई गई थी, जिसमें पार्टी की पूर्वी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा था कि अब संसद को उस तरह से नहीं दबाया जा सकता और न ही दबाया जाना चाहिए, जैसा कि पिछले 10 सालों से किया जा रहा था.

# खाई में गिरा टेंपो ट्रैवलर, 14 की मौत

एजेंसी

**उत्तराखंड :** ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रुद्रप्रयाग के समीप रैंतोली में एक वाहन दुर्घनाग्रस्त होकर 250 मीटर गहरी खाई में अलकनंदा नदी किनारे जा गिरा। इस हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई। 10 की घटनास्थल में ही दम तोड़ दिया था। इसके अलावा दो की मौत जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग और दो की मौत एम्स ऋषिकेश में हुई है। हादसे में घायल 13 लोगों में सात का जिला चिकित्सालय में इलाज चल रहा है। जबकि 5 एम्स में



भर्ती हैं। हादसे का कारण वाहन चालक को झपकी आना बताया जा रहा है। साथ ही वाहन में सवार 23 लोगों में अधिकांश भी नींद में थे। शुक्रवार देर रात्रि को नई दिल्ली से अलग-अलग जगह के 23 युवाओं का दल टेंपो- ट्रेवलर में चोपता-तुंगनाथ-चंद्रशिला ट्रेकिंग के लिए रवाना हुआ था।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रुद्रप्रयाग जिले में हुए हादसे पर गहरा दुख जाहिर किया। उन्होंने घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री राहत कोष से मदद का ऐलान किया गया है। मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।हादसे के खबर पर दुख जताते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि टेंपो ट्रैवलर के दुर्घटनाग्रस्त होने का अत्यंत पीड़ादायक समाचार प्राप्त हुआ। स्थानीय प्रशासन व एसडीआरएफ की टीमें राहत एवं बचाव कार्यों में जुटी हुई है। घायलों को नज़दीकी चिकित्सा केंद्र पर उपचार के लिए भेज दिया गया है। ज़िलाधिकारी को घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं।

# भारतीय रेलवे ने लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय रेलवे ने कई स्थानों पर सार्वजनिक सेवा कार्यक्रम में सबसे अधिक लोगों के शामिल होने का प्रतिष्ठित लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया है। रेल मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। रेल मंत्रालय ने 26 फरवरी 2024 को एक कार्यक्रम आयोजित किया था जिसमें 2,140 स्थानों पर 40,19,516 लोगों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रेलवे पुलों के ऊपर और नीचे सड़क के उद्घाटन और रेलवे स्टेशनों की आधारशिला रखने के लिए आयोजित किया था।

असर्फी कैंसर संस्थान
वही तरीका वही इलाज
संभव है कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
PET CT Scan
की सुविधा उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity, Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad - 828105

# राजद के नेताओं को आत्मचिंतन की आवश्यकता : राजेंद्र सिन्हा

## पलामू लोकसभा में हार के बाद झामुमो ने की समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झामुमो पलामू ने क्राउन प्लाजा में पलामू लोकसभा चुनाव के परिणाम को ले कर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें झामुमो के जिला स्तरीय और सभी प्रखंड स्तर के नेता कार्यकर्ता शामिल हुए। इस समीक्षा बैठक की अध्यक्षता झामुमो के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने की और संचालन सन्नू सिद्धिकी ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय समिति सदस्य संजीव तिवारी, सुनील तिवारी, चंदन सिन्हा, मुन्ना सिन्हा, मनोज गुप्ता भी शामिल हुए। इस समीक्षा बैठक में राजद द्वारा गठबंधन की समंजस्यता की कमी, मैनेजमेंट को कमी, प्रत्याशी के घोषणा में राजद द्वारा देर करना, प्रेस मैनेजमेंट की कमी जैसी बातें सामने आई। अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कहा झामुमो ने पूरी ताकत से गठबंधन की राजद प्रत्याशी की मदद की, राजद पहली बार 4 लाख पार कर पाया ये गठबंधन की ताकत से ही संभव हो सका है। परंतु राजद द्वारा गठबंधन में सामंजस्य सही तरीके से स्थापित नहीं किया गया जिससे की हार का सामना करना पड़ा, राजद के बड़े नेताओं को अब आत्मचिंतन करने की आवश्यकता है। आज जीता हुआ चुनाव हारने का दुख झामुमो के एक एक कार्यकर्ता को है। झामुमो के सभी कार्यकर्ता जुझारू हैं, और सभी नेताओं कार्यकर्ताओं ने एकजुटता के साथ प्रचंड गर्मी में गठबंधन के लिए प्रचार प्रसार किया है।÷ झामुमो के सभी प्रखंड अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं ने कहा की केंद्रीय नेतृत्व से आग्रह है की प्रत्याशी की घोषणा कार्यकर्ताओं चुनाव के दो महीने पहले की जाए। और प्रत्याशी पलामू की सामाजिक और भौगोलिक परिस्थिति से अवगत हो ऐसा प्रत्याशी होता तो पलामू का चुनाव हम आराम से जीत जाते। सभी विंग के अध्यक्ष सचिव ने राजद पर रोष व्यक्त करते हुए कहा मेदनीनगर नगर निगम में झामुमो द्वारा आयोजित इकलौता रोड शो को छोड़ दिया जाए तो प्रत्याशी को अधिकतर क्षेत्रों में राजद द्वारा घुमाया भी नहीं गया था। झामुमो के नेताओं ने लगातार आग्रह भी किया था निगम में जनसंपर्क के लिए परंतु राजद प्रत्याशी ने जनसंपर्क नहीं किया, हार की बड़ी वजह मतदाता से दूरी भी एक बड़ी वजह रही। राजद द्वारा प्रचार प्रसार भी सही से नहीं किया गया था, प्रचार की गाड़ी भी सभी पंचायतों और वार्डों में नहीं पहुंची पाई थी। समीक्षा बैठक में वरिष्ठ नेता बबलू शाहनबज, इकबाल अहमद, बीरेंद्र पासवान, उपाध्यक्ष कमाल खान, राकेश सिन्हा, असफर रब्बानी, संयुक्त सचिव अनुराग प्रताप सिंह, शाहबाज आलम, अल्पसंख्यक मोर्चा से अध्यक्ष फजायल अंसारी, अल्पसंख्यक महानगर अध्यक्ष सोनम राइन, युवा मोर्चा से अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, सचिव - शार्दूल विनायक, कोषाध्यक्ष - देवानंद भारद्वाज, उपाध्यक्ष - मुकेश चौधरी, संजय चंद्रवंशी महिला मोर्चा से अध्यक्ष सुशीला मिश्रा, सचिव संजू देवी, मंजू चंद्रवंशी, कांति चंद्रवंशी, सुशीला देवी, नगर अध्यक्ष रंजीत जायसवाल, नगर सचिव छोटू त्रिपाठी, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष ललन चौधरी, छात्र मोर्चा से अध्यक्ष कौशल किशोर सचिव सैयद फैजल ,बबलू सिंह विवेकानंद सिंह एवं विभिन्न प्रखंडों के अध्यक्ष एवं सचिव- रंजीत सिंह, श्रवण गुप्ता, राजेन्द्र सोनी, उदय पासवान, उदय भुइयां, कमरुद्दीन अंसारी, संजय तिवारी, सुरेंद्र सिंह, कमेश पांडेय, अमित कुमार ये सभी उपस्थित थे।

## डालसा ने किया सदर हॉस्पिटल में पानी व ओआरएस का किया गया वितरण



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर शनिवार को सदर अस्पताल में भीषण गर्मी को देखते हुए मरीजों के बीच पानी और ओआरएस का वितरण किया गया। इस मौके पर पीएलभी मुनेश्वर राम व भागीरथी दुबे ने 75 लोगों को शुद्ध पानी व ओआरएस के पैकेट दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि पलामू में काफी गर्मी पड़ रहा है जिससे यहां का टेंपरेचर 45 डिग्री के पार रह रहा है। लोगों को सुरक्षित व स्वस्थ रहने के लिए डालसा की ओर से शुद्ध पेयजल व ओआरएस का पैकेट वितरण किया जा रहा है। साथ ही लोगों को धूप से बचने की सलाह दी जा रही है।

## पति ने पत्नी को पीट कर किया घायल, मामला महिला थाना पहुंचा



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** तरहसी थाना क्षेत्र के भडरी गांव निवासी गुड्डू प्रसाद ने अपनी पत्नी काजल कुमारी को शनिवार की सुबह पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।इस घटना के बारे में घायल काजल कुमारी ने बताया की पांच दिन पहले उसके घर में एक बची जन्म ली है।बच्ची जन्म लेने पर उसका पति गुड्डू नाराज होकर बच्ची के जन्म लेने के दिन से ही मुझे प्रताड़ित करता रहता है। महिला ने बताया की शनिवार की सुबह बच्ची को लेकर हमारे और गुड्डू के बीच झगड़ा हो गया।इस बीच गुड्डू ने हमे लाठी डंडे से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।इस घटना की जानकारी मिलने पर मेरे माता पिता जब हमारा ससुराल पहुंचे तो गुड्डू और उसके परिजनों ने हमारे माता पिता के साथ भी मारपीट की।इसके बाद माता पिता घायल काजल कुमारी को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां इलाज के बाद वह खतरे से बाहर है।वही इस घटना के बाद काजल अपने पति के द्वारा मारपीट करने से संबंधित मामला मेदिनीनगर महिला थाना में दर्ज करा दिया है।वही मामला दर्ज होने के बाद से महिला थाना की पुलिस मारपीट से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

# ट्रेन हादसा में शामिल केतार अंतर्गत दासीपुर के युवक विकास की हुई मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** ट्रेन हादसा में घटित घटना शुक्रवार की रात्रि इंटरसिटी एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह से यात्रियों में भगदड़ मचने के उपरांत ट्रेन से कूद कर इधर-उधर भागने के दौरान डाउन लाइन पर आ रही मालगाड़ी के चपेट में तीन यात्रियों को आने से मौत हो गई थी जिसमें दो मृतकों की पहचान डाल्टनगंज के बैरिया व रोहतास के हरिहरगंज के रूप में हुई थी। एक मृतक की पहचान नहीं की जा सकी थी तो प्रशासनिक सहयोग से उसकी पहचान शनिवार को केतार थाना अंतर्गत दासीपुर निवासी स्व0 महेंद्र बैठा के 22 वर्षीय पुत्र विकास बैठा के रूप में की गई। परिजनों की खबर मिलते ही रो-रो कर बुरा हाल था। ज्ञात हो की ट्रेन हादसा इंटरसिटी एक्सप्रेस रांची से सासाराम जा रही थी कुमंडीह स्टेशन पर सिग्नल न मिलने के कारण खड़ी थी तभी कुछ यात्रियों के द्वारा आग लगने की अफवाह फैला दी गई तत्पश्चात यात्रियों में अपरा तफरी मच गई इधर-उधर भागने के क्रम में घटना घटित हो गई।

# सुन्दरीकरण के नाम पर बर्बाद हो गया बक्शी उच्च विद्यालय का ऐतिहासिक मैदान

### नगर पंचायत के निक्कमी व्यवस्था के कारण धरोहर हो रहा है विनाश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत बक्शी उच्च विद्यालय मैदान सुन्दरीकरण के नाम पर हो गया बर्बाद, जी हां विकास के नाम सरकारी पैसे का दुरुपयोग ही नही बल्कि शहर ऐतिहासिक धरोहर के नाम से जाने पहचाने वाले अंग्रेजी हुकूमत के समय से स्थापित यह विद्यालय अपने आप मे ऐतिहासिक धरोहर रहा है जहाँ के मैदान पूर्व बड़े बड़े नेता हेलीकॉप्टर से मंच साझा किया करते थे खेल के लिए यह हुसैनाबाद का मात्र एक मैदान था जहाँ जिला स्तरीय व राज्य स्तरीय फुटबॉल व क्रिकेट के सुपर मैदान थी लेकिन वर्तमान में यह मैदान में नगर पंचायत व शहरी विकास मद से सुन्दरीकरण किया जा रहा जिसमे ना तो एईई,और ना जेईई कभी जमीन पर उतर कर उसके अनुकूल योजना बनाया और ना ही हो रहे निर्माण कार्य की सुद्धि लिया आलम यह हैं इस चारदीवारी युक्त मैदान के बगल से नाली व फेवर ब्लॉक का पाथवे बनाया जा रहा जिसमे ना कंक्रीट बेड बना है और ना ही नाली की पानी की कोई निकासी हैं उतना ही नही पूर्व से यह मैदान को मिटी फिलिग कर ऊंचा किया गया हैं जिसमे घटिया पथरीला मिट्टी का उपयोग किया जा रहा और लेबल भी नही है जिसके कारण मैदान में रोड़ा और पत्थर दिखाई पड़ रहे हैं जिसके कारण यह मैदान अब बच्चों के कोई खेल के लिए उपयुक्त नही बचेगा वंही मैदान को और कन्जेटेड बना दिया गया ,उतना ही नही अनुमण्डल के कर्पूरी मैदान को इसी तरीके से बर्बाद किया गया हैं। इसका सबसे मूल कारण है जो भी योजना बनाया से उससे पूर्व उसका आर्केटेक या स्थलीय सत्यापन नही किया जाता है जब योजना पास हो जाता हैं कार्य प्रगति पर रहता हैं तो जेईईऔर एईई खानापूर्ति में लग जाते हैं बरहाल जो भी हैं लेकिन बक्शी उच्च विद्यालय पलामू जिला के धरोहर के रूप में स्थापित है।

## दुकान में घुसकर भाजपा नेता ने गोली मारने की दी धमकी, पुलिस मामले की जांच में जुटी

**नौड़ीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौड़ीहा बाजार परिसर मे अवस्थित मुस्कान हार्डवेयर दुकान की प्रॉराइटर मनोज प्रसाद ने थाना मे लिखित आवेदन नौड़ीहा बाजार प्रखंड के भाजपा युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष रौशन कुमार सिंह के खिलाफ गोली मारने, दुकान मे घुस कर गाली गलौज व मारपीट को लेकर शिकायत दर्ज किया है। घटना करीब 6:30 बजे शाम की है। उन्होंने लिखित आवेदन देकर स्थानीय पुलिस प्रशासन सुरक्षा के लिए गुहार लगाया। उन्होंने पत्रकार से मुख़ातिब होकर बताया कि भाजपा नेता रौशन कुमार सिंह के द्वारा धमकी दिया गया है कि अगर बाप-बेटा के नौड़ीहा बाजार के कही पर किसी जगह देख लेंगे तो गोली मार देगें। वही भाजपा युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष रौशन कुमार सिंह ने बताया कि मेरे ऊपर लगाया गया आरोप निराधार है। उन्होंने बताया कि मामला पैसा की लेनदेन के लिए वाद विवाद है, और मामला व्यक्तिगत है और राजनैतिक प्रती पार्टी से कोई ताल्लुकात नहीं है। जब कि बोर वेल मशीन खरीद रहे थे उस समय मै लगभग तीन लाख पैसा दिया था। उसी पैसे के लिए हिसाब किताब के लिए मै दुकान मे गये तो मनोज कुमार प्रासद के पुत्र के द्वारा अशब्द भाषा का प्रयोग किया गया तो मै गुस्से से भड़क गये और मै उनके पुत्र के गिरिबान पकड़ लिए इसी मामले को लेकर वाद विवाद बढ़ गई है।दोनों पक्षों के द्वारा थाना मे लिखित आवेदन दे दिया गया है। पुलिस ने मामला की छानबीन कर रही है।

## गायत्री जयंती एवं गंगा दशहरा पर गायत्री शक्तिपीठ में हवन यज्ञ आज

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत क्षेत्र के जंगीपुर स्थित पेट्रोल पंप के निकट गायत्री शक्तिपीठ में अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से गायत्री जयंती एवं गंगा दशहरा 16 जून दिन रविवार को सुबह 7:30 बजे से मनाया जाएगा। इस दौरान हवन, पूजन किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए गायत्री परिवार के प्रखंड समन्वयक अजीत कुमार चौबे ने बताया कि गायत्री को वेदमाता, देवमाता, ज्ञान-गंगोत्री, संस्कृति की जननी एवं आत्मबल की अधिष्ठात्री कहा गया है। गायत्री को गुरु मंत्र का आधार मन गया है। यह समस्त सनातन धर्मावलंबियों की उपास्य है। इसी प्रकार पतित्पवाणी भगवती गंगा आज ही के दिन स्वर्ग से धरती पर अवतरित हुई। उन्होंने कहा कि गायत्री शक्तिपीठ में गायत्री मंत्र का जप किया जाएगा। हवन कर आहुतियां दी जाएंगी। उन्होंने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से समय पर मंदिर पहुंचने की अपील किया है।

## खरौन्धी पुलिस ने एक महिला अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**खरौन्धी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्य बाजार स्थित दुकान मे चोरी की घटना को अंजाम देने वाली महिला अभियुक्त तारा देवी उम्र लगभग 30 वर्ष ग्राम बागेसोती डूमर थाना कोन जिला सोनभद्र उत्तर प्रदेश को खरौंधी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# पूर्व वार्ड पार्षद के पिता का निधन अंतिम संस्कार में उमड़ी भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सदर अस्पताल में शुक्रवार को वार्ड पार्षद चंचला देवी के पिता सेवानिवृत्त अमीन महावीर राम का इलाज के दौरान मौत हो गई।जानकारी के अनुशार महावीर राम कई दोनो से बीमार चल रहे थे।इनका अंतिम संस्कार का कार्यक्रम दिनांक 15 जून दिन शनिवार को उनके पैतृक गांव उर्सुला बिश्रामपुर के खूंटीसोत घाट पर किया गया। श्री राम अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर गए हैं।वही मौके पर पार्षद चंचला देवी ने कहा मेरे लक्ष्य में आगे बढ़ाने के लिए हर समय हमारे पिताजी हमको हौसला देने का काम करते थे। उनके अंतिम संस्कार कार्यक्रम में उपस्थित समाजसेवी विजय चंद्रवंशी, पुत्र अभय कुमार, डॉक्टर आदित्य अग्रवाल, अविनाश कुमार राजा, शिक्षक संजय कुमार, ग्राम सेवक सूर्यदेव राम, जगजीवन राम, मुन्ना राम, शिवनारायण राम, शंभू राम, इंद्रजीत कुमार, उपेंद्र राम, जोगिंदर कुमार, अर्जुन कुमार, अरविंद कुमार, सचिन कुमार, अजय कुमार, चंदन कुमार सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

# शांति और भाईचारे के साथ मनाएं बकरीद का पर्व : पुलिस निरीक्षक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** बकरीद पर्व को लेकर शनिवार को हुसैनाबाद थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता हुसैनाबाद थाना के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने की, संचालन एसआई शशि शेखर पांडेय ने किया, मौके पर थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने कहा की पर्व त्योहार किसी समुदाय का हो शांति और भाईचारे के साथ मानना चाहिए। सभी लोगों के सहयोग से ही शांति बरकरार रखा जा सकता है। ऐसा कोई कदम ना उठाए जिससे दूसरे लोगों को ठेस पहुंचे। पर्व के दौरान असामाजिक तत्व पर प्रशासन की पैनी नज़र रहेगी। मौके पर थाना के मो, अली, शांति समिति सदस्य के रुप में डॉक्टर एजाज आलम, उदय सोनी, जमील अहमद, मो खालिद, अर्जून गुप्ता, सुहैल आलम, अवधेश सिंह, अजय मोदनवाल, समेत कई लोग मौजूद थे।

# विधायक प्रतिनिधि ने किया पहल, एक सप्ताह में हो जायेगा पेंशन भुगतान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय के पहल से सभी लाभुकों का लंबित पेंशन भुगतान एक सप्ताह में हो जायेगा। यहां बताते चलें कि विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र मे तीन माह से वृद्धा, विधवा और दिब्यांग पेंशन का भुगतान रुका हुआ था। इस खबर को प्रभात खबर ने 15 जून के अंक में प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। खबर पढ़ने के बाद विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने बीडीओ सह सीओ से बात की। बीडीओ ने श्री पांडेय को बताया कि लोस चुनाव के कारण पेंशन का भुगतान नहीं हो पाया था। एक सप्ताह के अंदर सभी को पेंशन भुगतान कर दिया जायेगा। राजन पांडेय ने कहा कि जिन पेंशनधारियों का केवाईसी नहीं हुआ है, वह करा लें, जल्द ही उनके खाते में पेंशन राशि चला जायेगा। उन्होंने लाभुकों से यह भी आग्रह किया कि किसी के झांसे में आकर पेंशन भुगतान हेतु रिश्वत नहीं दें।

# पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने पलामू उपायुक्त से लगाई गुहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पांकी प्रखंड के होटाई पंचायत के चंकी टोला के ग्रामीणों ने पानी की समस्या को लेकर पलामू उपायुक्त को आवेदन देकर कहा है कि चंकी टोला का कोई भी योजना को यहां नहीं होने दिया जाता है।दबंगों के द्वारा उसे उधर ही करवा दिया जाता है फिलहाल में ही इस टोला के नाम पर चापाकल आया था।लेकिन यहां के मुखिया उसे नहीं गाड़ने दिया किसी दूसरे जगह गाड़ दिया गया।जल नल योजना चयनित है इसके बावजूद काम शुरू नहीं किया जा रहा है बरसात हो जाने के बाद बोरिंग गाड़ी नहीं जा पाएगा एक कुंवा के सहारे यहां के लोग पानी पीते हैं।ग्रामीणों ने कहा की पांकी प्रखंड के होटाई पंचायत के चंकी टोला में पांकी में पानी की घोर समस्या है एक मनरेगा के कुंवा के सहारे वहां के लोग जी रहे हैं। कुंवा की ऊंचाई कम होने के कारण प्यास बुझाने के चक्कर में कई बार जानवर गिर जाते हैं। तो कभी-कभी बच्चे कुए में गिर जाते हैं गांव वाले के सहयोग से बाहर निकाला जाता है।बारिश होने पर खेतों का गंदा पानी कुए में घुस जाता है मजबूरन वही पानी पीना पड़ता है फ़िलहाल एक चापाकल चकी टोला विष्णु देव सिंह के नाम से आया था।उसे गांव के कुछ दबंगों ने उधर ही गड़वा दिया।एक नल जल योजना का चयन इस गांव के लिए हुआ है लेकिन ठेकेदार जान बुझ कर टाल मटोल कर रहे है।बरसात शुरू हो जाने के बाद बोरिंग की गाड़ी जाने में दिक्कत होगी स्थानीय मुखिया एवं माननीय विधायक जी को भी सूचना देने पर सिर्फ आश्वासन ही मिलता है सरकारी चापाकल कल की योजना को कार्यकर्ता योजना बना दिया गया है अधिकतर चापाकल जनप्रतिनिधियों के कार्यकर्ताओं के गिरफ्त में हैं इसकी अगर जाँच की जाए तो स्पष्ट पता चल जाएगा। ग्रामीणों ने पलामू उपायुक्त से आग्रह करते हुवे कहा की हमारी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए समस्या का निदान करने का प्रयास किया जाए। मौके पर सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

# सोनडीहा डीलर द्वारा महीनों से दर्जनों लाभुको को नही दिया गया राशन

- दबंगई से पेश आते है डीलर, पुरुष तो पुरुष महिलाओ के साथ भी करते है अभद्रता
- झूठे केस में फ़साने की लाभुको को देते है धमकी
- प्रखंड मुख्यालय से चंद किलोमीटर दूर है उक्त जनवितरण प्रणाली की दुकान, बहरे हो गए है पदाधिकारी, उनके कान तक नही पहुचती आवाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** सरकार के लाख प्रयास के बावजूद जनवितरण प्रणाली के दुकानदार सुधरने को तैयार नही है। यहां तक कि लाभुको के साथ मारपीट व गालीगलौज टी आम बात ही गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी घटनाएं आम हो गया है। ग्रामीण क्षेत्रो में डीलर द्वारा लाभुको को महीनों राशन नही दिया जाता।इतना ही नही ग्रामीण क्षेत्रो में किसी भी लाभुक का राशन कार्ड मेंशन नही किया जाता। लाभुक भूखे मरते है, पदाधिकारियो के पास दौड़ते है। नतीजा सिफर ही निकलता है। थक हार कर लाभुक डीलर के रहमो करम पर आश्रित हो कर राह जाते है। ऐसे ही एक मामले का खुलासा सगमा प्रखंड के सोनडीहा ग्राम में हुआ है।महीनों का राशन लाभुको को दिया ही नही गया। लाभुको को मारने के लिए लाठी तक उठ जाता है। गाली गलौज तो वहां के लाभुको के लिए रोज की बात है।सोनडीहा ग्राम स्थित डीलर ज्योति-जागो समूह के अध्यक्ष मंदोदरी कुँवर तथा समूह के कोषाध्यक्ष सह संचालक रविन्द्र प्रजापति द्वारा लाभुको को कई महीनों से राशन नही दिया जा रहा है।जब लाभुक राशन लेने के लिए डीलर की दुकान पर जाते है तो गाली गलौज के साथ-साथ मारपीट पर उतारू हो जाते है।लाभुको को धमकाया भी जाता है कि ज्यादा नेतागिरी करोगे तो केस में फसा देंगे।डर के मारे गरीब लाभुक चुप ही हो जाते है। इतना ही नही डीलर द्वारा किसी भी लाभुक के कार्ड को सालों से मेंशन नही किया गया।लेकिन इस बार ग्रामीणों का गुस्सा सातवे आसमान पर है। किसी भी हालत में वे डीलर से छुटकारा चाहते है। ग्रामीण राजकुमारी देवी, शांति देवी, मुन्ना कुमार चंद्रवंसी, पुल्लु प्रजापति,घूरन प्रसाद यादव ननकी देवी सहित उपस्थित दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि राशन लेने जब दुकान पर जाते है तो बोरा फेक देते है। भगा देते है,अंगूठा लगा कर पर्ची पहले निकाल देते है,राशन लेने के लिए बाद में बुलाते है।बाद में राशन भी नही देते,ऊपर से गाली-गलौज भी करते है।ग्रामीणों ने बताया कि झूठा केस में फ़साने की धमकी देते है। 35 किलो राशन की जगह 25 किलो राशन देते है। महिलाओ को भी गाली गलौज से परहेज नही करते।ग्रामीणों ने बताया कि डीलर के विरुद्ध लिखित शिकायत अनुमंडल पदाधिकारी को शुक्रवार को दिया गया है।ग्रामीणों ने कहा कि एसडीओ से ग्रामीण काफी उम्मीद लगाए है क्या कहा इन आरोपो के संबंध में दुकान संचालक रविन्द्र प्रजापति ने**जनवितरण प्रणाली के दुकान दर सह संचालक रविन्द्र प्रजापति ने ग्रामीणों के आरोपो को सिरे से नकार दिया।उन्होंने कहा कि कुछ लोगो के बहकावे में आ कर लाभुक ऐसा कर रहे है।राशन कार्ड मेंशन नही करने के संबंध में डीलर ने बताया कि सगमा प्रखंड में कोई डीलर कार्ड नही भरता।सभी लाभुको को ऑन लाइन राशन का वितरण किया जाता है।इस लिए राशन कार्ड नही भरा जाता। इस संबंध में बीडीओ सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सत्यम कुमार से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया।लेकिन उनसे संपर्क नही हो पाया।उनका संपर्क नम्बर नॉट रिचेबल बता रहा था।मौके पर सुशीला देवी, बबीता देवी, मानमती देवी, विमला देवी, आमना बीबी, शैलू बीवी, जैसु बीवी, नज़र अंसारी, शिवकुमारी देवी, उर्मिला देवी, मंगरी देवी, दिन पाल देवी, पंखुड़ी देवी, समरी देवी, किस्मतिया देवी, नाजुमन बीवी, शांति देवी, राजकुमारी देवी, रईसा बीवी, जमील बीवी, चनर खासिया देवी, बाल कुमार यादव, केसिया देवी, कुलपतिया देवी, पतिया देवी, राजपतिया देवी, उर्मिला देवी, शहीदन बीवी सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



संक्षिप्त खबरें

## आजसू केंद्रीय समिति की बैठक रांची में 16 जून को

**रांची :** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की अध्यक्षता में 16 जून को रांची में केंद्रीय समिति की बैठक होगी। बैठक में पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, विधानसभा क्षेत्र प्रभारी, जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष एवं सचिव, जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य, प्रमुख एवं उपप्रमुख, महानगर अध्यक्ष एवं सचिव भाग लेंगे। इनके अलावा सभी अनुषांगिक इकाइयों (अखिल झारखंड महिला संघ, अखिल झारखंड छात्र संघ, युवा आजसू, आजसू बुद्धिजीवी मंच, अखिल झारखंड श्रमिक संघ, अखिल झारखंड किसान संघ, अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ, अखिल झारखंड उद्योग एवं व्यापार संघ, अखिल झारखंड पिछड़ा वर्ग महासभा, अखिल झारखंड अल्पसंख्यक महासभा, अखिल झारखंड अनुसूचित जनजाति महासभा, अखिल झारखंड अनुसूचित जाति महासभा एवं आजसू पार्टी कला-संस्कृति प्रकोष्ट) के केंद्रीय अध्यक्ष एवं महासचिव उपस्थित रहेंगे।

## कल्पना सोरेन से विभिन्न क्षेत्रों के कई लोगों ने की शिष्टाचार मुलाकात

**रांची :** शनिवार को राजधानी रांची के कई सामाजिक और कला संस्कृति, खेलकूद का एक प्रतिनिधि मंडल ने आज विधायक श्रीमती कल्पना मुर्मू सोरेन जी से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात किया। इस अवसर पर सभी ने उन्हें नव निर्वाचित विधायक बनने की बधाई और शुभकामनाएं दी।साथ ही साथ उन्हें झारखंड राज्य में क्षेत्रीय भाषा की फिल्मों एवं नाटकों की प्रस्तुती के लिए पूरे राज्य में मल्टी प्लेक्स बनाने का सुझाव दिया।

# ईद उल अजहा की नमाज कल, मस्जिदों में तैयारियां पूरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बकरीद यानी ईद अल अजह की नमाज रांची में सोमवार को अदा की जाएगी। इसको लेकर सभी ईदगाहों , मस्जिदों में तैयारी पूरी कर ली गई है । कांटा टोली कुरैशी मुहल्ला स्थित जामा मस्जिद में सुबह 6.30 में नमाज अदा की जायेगी। साथ ही रांची शहर के सभी मस्जिदों और ईदगाहों में भी नमाज होगी। मस्जिद में समय से 10 मिनट पहले पहुंचे, कोशिश करें घर से वजू बनाकर , जायर नमाज, चटाई वगैरह अपने साथ लेकर जाये। कोशिश करें मस्जिद के अंदर नमाज अदा करें या फिर ईदगाह में नमाज पढ़े, सड़क पर या किसी दूसरे स्थान पर नमाज अदा करने से परहेज़ करें।

रांची ईदगाह सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में 9:00 बजे नमाज अदा की जाएगी
डोरंडा ईदगाह 8:00 बजे
परसटोली ईद का 7:00 बज
बरियातू ईदगाह 6:45
बड़गाई ईदगाह 7:00 बजे
कांके ईदगाह बाजार 7:30 बज
पिठोरिया ईदगाह 7:00 बज
पीरुटोला ईदगाह कां के 7:00 बजे
होचर ईदगाह का 7:00 बजे
सठियो ईदगाह 6:30 बजे
चुट्टू ईदगाह 7:30 बजे
नया सर ईदगाह का 7:30 बजे
शीलादोन शहिद मैदान का हटिया 6. 45 बजे
ईदगाह फुटकल टोली रातू 7:00 बजे
लोअर बाजार थाना क्षेत्र के मस्जिद अब्दुल्ला अंजुमन कॉलोनी 6:00 बजे
मस्जिद अहले हदीस अंसार नगर 6:00 बजे
मस्जिद ए राजा कुरैशी मोहल्ला 5.35 बजे
कांटा टोली कुरैशी मोहल्ला जमा मस्जिद 6:30 बजे
डॉक्टर फतुल्लाह मस्जिद 7:30 बजे

### ईदगाह और मस्जिदों का समय

रंगशाज मस्जिद 7:30 बजे
हव्वारी मस्जिद 6:30 बज
पत्थर कुड़वा चौक मस्जिद 6:45 बजे
मस्जिदे हीरा मिल्लत कॉलोनी 7:00 बज
मस्जिद जफरिया अंसार 10:00 बजे
मस्जिद जयबुनिशा फूल बगान 6. 15 बजे
मस्जिद नूरी मौलाना आजाद कॉलोनी नामकुम थाना क्षेत्र, मस्जिद हमजा मौलाना आजाद कॉलोनी 6.15 बजे
मस्जिदे इब्ने अब्बास कांटा टोली 5.45 बजे
मस्जिद अली हजारीबाग रोड कांटा टोली 6.45 बजे
मस्जिद अमन खडगदा के सामने 5.30 बजे
थडपखना मस्जिद लालपुर 7:00 बजे
इकराम मस्जिद मेनरोड 6:30 बजे
तस्लीम मस्जिद 7:00 बजे
राइन मस्जिद 7:00 बजे
मक्का मस्जिद 5.20 बजे
मदीना मस्जिद 6:00 बज
मोती मस्जिद 6:00 बजे
अकबरिया मस्जिद 7:00 बजे
मस्जिद उमर 7. 30 बजे
मस्जिद अबू बकार लाह कोठी 5.40
मस्जिद, मस्जिद आलिया 7:15 बजे
मस्जिद गौसुल वरा 6:00 बजे
मस्जिद खटीम उल अंबिया 6.15 बजे
मस्जिद ए नूर नूर नगर पुरानी रांची 9:30 बजे
मजार वाली मस्जिद डोरंडा 7:30 बजे
मरकाजी मस्जिद डोरंडा 6:00 बजे
अरविंदो नगर डोरंडा 7:00 बजे
अलफलाह मस्जिद न्यू परसटोली डोरंडा 5.30 बजे
मस्जिदे अबू बकर 6:00 बजे
फैजान ए अबू हनीफा मस्जिद दिलदार मोहल्ला 5.45 बजे
मदरसा जामिया कडरू 6.15 बजे
मस्जिद जमील कडरू 6.15 बजे
नूरी मस्जिद भट्टा मोहल्ला 7:00 बजे
राजा ए जमा मस्जिद 7:00 बजे
मस्जिदे मरियम खोराह टोली 6.15 बजे
सहित करीब 156 अधिक मस्जिदों का टाइम टेबल अंजुमन इस्लामिया रांची द्वारा जारी किया गया है।

## झारखंड के आदिवासी नेता ने राजस्थान के सांसद से की शिष्टाचार मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राजस्थान आदिवासी आंदोलन के अगुवा बबिता कच्छप और फ्रूसून मसार के नेतृत्व में आदिवासी जन परिषद के अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा,अजय कच्छप अध्यक्ष (आदिवासी सेना )कुंदरसी मुंडा,अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद अभय भुट कुंवर, आदिवासी लोहरा समाज,सुरजू हासा,आदिवासी मुंडा समाज प्रकाश मुंडा ने डूंगरपुर राजस्थान पहुँचे और आदिवासी परिवार के भावर लाल परमार, वसवाड़ा सांसद राजकुमार रोत कांतिभाई रोत से शिष्टाचार मुलाकात कर सामाजिक एवं राजनीतिक चर्चा की गई द्य भारत आदिवासी पार्टी को मजबूत करने के लिए झारखण्ड आने की प्रस्ताव दी गई और इस संदर्व मे प्रेम शाही मुंडा ने कहा की झारखण्ड मे आदिवासी- मुलवासी की राजनीती का अपार संभावनाएं है द्य झारखंड अलग राज्य हुए 23 वर्ष होने के बावजूद भी कई ज्वलंत मुद्दे पेसा कानून, धर्म कोड, आदिवासियों के संविधानिक अधिकार अभी तक लागू नहीं हुए है न ही समाधान हो सकाहै द्य इन सभी मुद्दों को समाधान के लिए भारत आदिवासी पार्टी ही विकल्प बनकर के ऊबरेगा।

## बच्चो के खिलाफ हिंसा को खत्म करने को लेकर एकदियासीय राज्यस्तरीय परामर्श का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बाल विवाह का समापन परिवार, समाज और देश के विकास के लिए जरूरी है। यह घर से प्रारंभ होकर पूरे समाज को प्रभावित करता है। सरकार बाल विवाह के समापन के लिए प्रयासरत है लेकिन इसके लिए सरकार के विभिन्न विभागों और सामाजिक संथाओं का सम्मिलित निरंतर प्रयास जरूरी है।

शिक्षा, जागरूकता एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं से चिन्हित परिवारों को जोड़कर बाल विवाह का निवारण संभव है।

यह उद्गार झारखण्ड राज्य बाल संरक्षण संस्था के उप सचिव विकास कुमार ने यूनिसेफ, झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, झारखण्ड राज्य बाल संरक्षण संस्था और जेवियर इंस्टिट्यूट ऑफ़ सोशल सर्विसेस द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय परामर्श कार्यक्रम के समापन सत्र में व्यक्त किया। यूनिसेफ़ के बाल संरक्षण विशेषज्ञ प्रीति श्रीवास्तव ने विषय प्रवेश कराते हुए बताया कि बाल विवाह और महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ हिंसा के लिए अंतर्विभागीय समन्वय एवं सरकारी एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के संयुक्त प्रयास पर बल दिया। झारखण्ड देश में बाल विवाह के मामले में देश में चौथे स्थान पर है। बाल विवाह राज्य 12 जिलों, जामताड़ा, देवघर, दुमका, गढ़वा, गिरिडीह, गोड्डा, हजारीबाग, कोडरमा, पाकुड़, पलामू, साहिबगंज, पश्चिमी सिंहभूम में ज्यादा है।

## मिलजुल कर शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं बकरीद का पर्व : थाना प्रभारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बकरीद पर्व को लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा के निर्देश पर रांची जिला अंतर्गत सभी थाना, टीओपी, ओपी में स्थानीय थानेदार के उपस्थिति में शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित कराई जा रही है। इसी संदर्भ में डेली मार्केट थाना में भी शांति समिति की बैठक आयोजित कराई गई। इस बैठक की अध्यक्षता डेली मार्केट के थाना प्रभारी विनोद कुमार ने की ।



उन्होंने सभी को बकरीद पर मिलजुल कर मनाने के लिए कहा और बकरीद के दौरान किसी भी तरह का अफवाह या फिर, बकरीद में कुर्बानी किये जाने वाले बकरा के बचे अवशेष, खाल,हड्डी वगैरह को इधर-उधर न फेंके, बल्कि उसे एक जगह पर जमा करें और नगर निगम के गाड़ी में उसे डाल दें। आप सभी से अपील है कि कुर्बानी के दौरान किसी भी तरह की तस्वीरों को व्हाट्सएप, फेसबुक में अपलोड ना करें।

इस बैठक में झारखंड फुटपाथ संघ के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता , हाजी फिरोज, मुन्ना ,यूनुस खान, महमूद सहित कई लोग उपस्थित थे।

## रांची में सट्टा, ऑनलाइन गेमिंग और साइबर ठगी करने वाले गिरोह के चार बदमाश गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सदर थाना क्षेत्र से पुलिस ने सट्टा, ऑनलाइन गेमिंग और साइबर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस गिरोह में छत्तीसगढ़ के एक गिरोह शामिल था। जिसे पुलिस ने सदर थाना क्षेत्र के लीची बगान स्थित ईशा अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 101 से चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में पता चला है कि छत्तीसगढ़ के साथ-साथ वे झारखंड में भी ऑनलाइन गेमिंग और साइबर ठगी का धंधा फैलाना चाहते थे । इसी के तहत रांची में एक सेंटर खोला गया था। एसएसपी ने बताया कि सदर पुलिस के गठित टीम द्वारा यह सफलता मिली है। छापेमारी कर 25 एटीएम, एक लैपटॉप, 7 चेक



बुक और 24 पासपोर्ट के साथ कई मोबाइल फोन और सिम कार्ड जब्त किए हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में छत्तीसगढ़ के अरमान नामदेव, करण नामदेव, ललित सोनी और प्रत्यूष श्रीवास्तव शामिल हैं। सभी से पूछताछ करके आगे की कार्रवाई की जाएगी। उम्मीद है और बड़े खुलासे होंगे।

## डीसी ने सभी अल्ट्रासाउंड क्लीनिकों की सख्ती से जांच करने का दिया निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा ने अपने कार्यालय कक्ष में जिला सलाहकार समिति PC & PNDT की बैठक आयोजित कि गई। बैठक में सिविल सर्जन (सदर) रांची, डॉज़ प्रभात कुमार, उपाधीक्षक सदर अस्पताल राँची, डॉ.एके खैतान, लीगल एडवाइजर झारखण्ड उच्च न्यायलय, भास्कर त्रिवेदी, सहायक नोडल पदाधिकारी, PC & PNDT राँची, PC & PNDT डॉ. अभिषेक, डॉ. बासुकी, सहायक नोडल पदाधिकारी PC & PNDT राँची, सदस्य, डॉ. अनुभी सिन्हा, PC & PNDT कोर्डिनेटर राकेश कुमार राय एवं सभी सदस्य उपस्थित थे ।



PC & PNDT की सलाहकार समिति द्वारा निम्न निर्णय लिए गएत्र

नया निबंधन हेतु 13 अल्ट्रासाउण्ड क्लीनिक की स्वीकृति दी गई।नवीकरण हेतु 04 अल्ट्रासाउण्ड क्लीनिक को स्वीकृति दी गई।डॉक्टर पदस्थापन- कुल 05 की स्वीकृति दी गई। स्त्र मशीन क्रय- 06 मशीन क्रय की स्वीकृति दी गई।उपायुक्त रांची, द्वारा वैसे क्लीनिक जो अनिबंधित हैं और कोई अप्रशिक्षित व्यक्ति अल्ट्रासाउण्ड का कार्य कर रहा है उस पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त रांची ने सभी अल्ट्रासाउण्ड संस्थान का सख्ती से निरीक्षण करने का निर्देश सम्बंधित सभी अधिकारियों को देते हुए कहा कि लिंग निर्धारण करने वाले क्लीनिक पर PC & PNDT प्रावधान के तहत कार्रवाई करें, जिसमें 05 वर्ष जेल एवं 50 हजार रूपये दंड का भी प्रावधान है।

## आठ करोड़ की लागत से बड़का तालाब की होगी स्थायी सफाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री सांसद संजय सेठ ने बड़ा तालाब का निरीक्षण किया तलब के पानी दूषित होने पर सेठ ने रांची को उपयुक्त को मौके पर बुलाया और इसे अभिलंब ठीक करने को कहा इस तालाब के गंदगी को साफ करने के लिए जो मशीन की आवश्यकता है वह रांची नगर निगम के पास उपलब्ध नहीं होने की बात कही रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मौके पर सीसीएल के सीएमडी से बात कर सीएसआर फंड से सफाई करने वाली नई



मशीन उपलब्ध कराने को कहा। जिसकी कीमत लगभग 6 से 7 करोड रुपए हैं। जिसे सीएमडी ने तुरंत स्वीकार कर अविलंब देने की बात कहिए मंत्री संजय सेठ ने रांची के उपयुक्त को कहा अविलंब कागजी प्रक्रिया पूरा कर सीसीएल के सीएमडी को दें, ताकि अविलंब यह मशीन खरीदा जा सके। मंत्री संजय सेठ के प्रयास से यह एक बड़ा काम हुआ है रांची के कई ऐसे तालाब है जहां बरसो से साफ सफाई नहीं हुई है, चाहे वह कांके डैम हो या बड़ा तालाब। मंत्री सेठ ने कहा बड़ा तालाब हमारे ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक है इसे हर हाल में इसे सुरक्षित रखा जाएगा। मौके पर रांची के उपायुक्त राहुल पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, निवर्तमान डिप्टी मेयर संजीव विजय वर्गीय, भाजपा नेता राजीव रंजन मिश्रा चुन्नू , मुकेश मुक्त, नंदू अरोड़ा, अमन जयसवाल सहित संस्था के कई सदस्य मौजूद रहे।

## अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से शिष्टाचार मुलाक़ात कर राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने आयोग के क्रियाकलापों की जानकारी देते हुए अल्पसंख्यकों के कई समस्याओं पर भी चर्चा किया । इसमें प्रमुख रूप से झारखंड राज्य अन्तर्गत प्रस्तावित 46 मदरसा एवं 38 संस्कृत विद्यालय में कार्यरत शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की वर्षो से लंबित माँग इनको मिल रहे , बार्षिक अनुदान को बिहार के तर्ज़ पर वेतन मद में करने का आग्रह किया । साथ ही पिछ्ले वर्ष 2022, 10 जून को राँची मेन रोड में घटित घटना पर हो रहे जाँच एंव निर्दोष लोगों पर दर्ज प्राथमिकी एवं कार्रवाई पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट किया । साथ ही पूरे घटना की सीआइडी जाँच की भी माँग की । लंबित उर्दू शिक्षकों के बहाली एवं उर्दू आचार्य के नियुक्ति हेतु यथाशीघ्र कार्रवाई करने का भी अनुरोध किया । मुख्यमंत्री ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुने एवं यथा शीघ्र कार्रवाई करने का आसवाशन दिया ।

## विस चुनाव के मद्देनजर जदयू की बैठक

**रांची :** लोकसभा चुनाव परिणाम में जदयू के बेहतर प्रदर्शन से पार्टी कार्यकर्ता ख़ासे उत्साहित हैं। प्रदेश जदयू ने लोकसभा चुनाव परिणाम के ठीक बाद झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारी और बैठकें आरंभ कर दी है। प्रदेश जदयू अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य खीरू महतो की अध्यक्षता में जदयू के विधानसभा उम्मीदवारों, पूर्व विधायक एवं प्रमुख लोगों की शनिवार को प्रदेश कार्यालय में बैठक हुई। खीरू महतो ने सभी को विधानसभा क्षेत्र में सदस्यता अभियान तेज़ करने, विधानसभा सम्मेलन करने एवं मतदाताओं को पार्टी के कार्यक्रमों से जोड़ने का निर्देश दिया।

## नगर स्तरीय अंतर्विभागीय अभिसरण समिति की बैठक का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राची।** रांची नगर निगम, राँची के सभागार में नगर स्तरीय अंतर्विभागीय अभिसरण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक डॉ प्रभात कुमार ङ्क मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी रांची की अध्यक्षता में आयोजित की गयी ।जिसमें मुख्य रूप से डॉ अरविंद कुमार - अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, राँची नगर निगम के सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉ. आनन्द शेखर झा, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक प्रवीण कुमार,




शहरी कार्यक्रम प्रबंधक कुलभूषण बाड़ा, डबल्यूएचओ से डॉ सुधानंद , जिला समाज कल्याण विभाग एवं जिला शिक्षा विभाग से प्रतिनिधि, पीएसआई इंडिया के राज्य प्रतिनिधि सुनील कुमार एवं नगर प्रबंधक संतोष कुमार पांडेय, प्रणव कुमार झा, पाथ से मयंक जोशी उपस्थित रहे । बैठक में डॉ प्रभात कुमार - मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी रांची ने बैठक के महत्व के ऊपर विस्तार से चर्चा की तथा कन्वर्जेस कमेटी के महत्व को समझाया ताकि शहरी क्षेत्रों के लोगों की स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार किया जा सके और झुग्गियों में रहने वाले लोगों को विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जा सकें, जिसमें पेयजल, स्वच्छता, पोषण और स्वास्थ्य सुविधाएं शामिल हैं। उन्होने बताया की शहरी क्षेत्र स्वास्थ्य के साथ साथ शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक स्वास्थ, एवं परिवार नियोजन में भी कार्य करने की जरूरत है।

## चोरी की मोटरसाइकिल से चेन छिनतई करने वाले गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** एसएसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि शहर में छिनतई की घटना को रोक लगाने के लिए पुलिस अपनी तरफ से पूरी तरह से प्रयासरत है, और इसी का फलस्वरूप है कि लोअर बाजार थाना क्षेत्र से पुलिस ने चेन स्नेचिंग करने वाले को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि गीता सिंह निवासी रातू रोड सेंटेविटा अस्पताल के पीछे रोड से जा रही थी तो पीछे से दो मोटर साईकिल सवार अपराधियों ने इनके गले से सोने का चैन झपट कर भाग गए। अनुसंधान के क्रम में अपराधियों के पलायन की दिशा सी सी टी वी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान की गई। अनुसंधान के दौरान यह बात प्रकाश में आई की अभियुक्तों के द्वारा चेन छिनतई की घटना को अंजाम देने के लिए जिस मोटर साईकिल नंबर 18060-5810 का उपयोग किया गया है। वह मोटर साईकिल 05.06.24 को ही पथलकूदवा से चोरी हुई थी। और उसी मोटर साईकिल से इस घटना को अंजाम दिया गया है। फुटेज के आधार पर दोनों अभियुक्तों की




पहचान स्थापित की गई और दोनों को चोरी की मोटर साईकिल के साथ गिरफ्तार किया और इनके स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर सोने का चेन खरीदने वाले अश्वनि प्रकाश गुप्ता के फिरायालाल चौक स्थित दुकान से सोना का गलाया हुआ दो गोलाईनुमा पीस जिसका वजन 16.040 ग्राम बरामद किया है। दुकानदार ने भी अपने स्वीकारोक्ति में चेन खरीदने की बात को स्वीकार किया है।

**गिरफ्तारी:** अश्वनि प्रकाश गुप्ता काली बाबू स्ट्रीट थाना कोतवाली जिला राँची, मो0 उमर, मो0 प्रिन्स लोअर बाजार,

**बरामदगी:** सोना का गलाया हुआ दो गोलाईनुमा पीस जिसका वजन 16.040 ग्राम, कसौटी पत्थर का सोना चेक करने वाला, नगद ग्यारह हजार रूपया मात्र। चैन छिनते समय मो उमर द्वारा पहना हुआ कपड़ा एवं जूता,चैन छिनते समय मो0 प्रिंस द्वारा पहना हुआ कपडा एवं चप्पल, चैन छिनने में प्रयुक्त मोटर साईकिल नबंर JH06D-5810।

**छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी :** के वी रमन, पुलिस उपाधीक्षक, नगर, राँची, दयानन्द कुमार, पुनि सह थाना प्रभारी, लोअर बाजार,पुअनि संजीव कुमार, प्रभारी खादगढ़ा टी ओ पी लोअर बाजार, पुअनि सुधीर बाड़ा, लोअर बाजार, पुअनि रिजवान अंसारी, लोअर बाजार,सअनि भीम सिंह, खादगढ़ा टी ओ पी. लोअर बाजार, सअनि शांत स्वरूप सिंह खादगडा टी ओ पी, लोअर बाजार एवं सशस्त्र बल।

## मुख्यमंत्री से जैप-2 कमांडेंट सरोजिनी लकड़ा ने की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से शनिवार को बूटी रोड, मोरहाबादी, रांची स्थित आवास में जैप -2 (टाटीसिल्वे, रांची) के कमांडेंट सरोजिनी लकड़ा ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

## चंपई सोरेन गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट जुलाई में

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मानगो वेलफेयर मिशन की ओर से मानगो गांधी मैदान में जुलाई के पहले सप्ताह में चंपई सोरेन गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा उक्त जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ अफरोज शकील ने एक प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि इस बार प्रतियोगिता में कुल 80 टीमें हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट में जमशेदपुर के अलावा पूरे झारखंड से टीमें हिस्सा लेंगे। 2015 से लगातार इस प्रतियोगिता का आयोजन गांधी मैदान में किया जा रहा है। टूर्नामेंट का समापन और प्राइज डिसटीब्यूशन 15 अगस्त को होगा। विजेता टीम को कैश अवार्ड और ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। वहीं उपविजेता से लेकर क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने वाली सभी टीमों को नगद पुरस्कार व ट्राफी दी जाएगी। यह पहला मौका है कि चंपाई सोरेन के मुख्यमंत्री बनने के बाद किसी टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। प्रेस वार्ता में मोहम्मद शाहिद अख्तर मोहम्मद शादाब खान नौशाद हुसैन मोहम्मद जमशेद और अफरोज असलम गुड्डू मोहम्मद ताहिर हुसैन मोहम्मद राशिद सोनू व अन्य लोग मौजूद थे।



## ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल का बीएमडब्ल्यू इंडस्टरीज में रोड सेफ्टी अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल, जमशेदपुर द्वारा रोड सेफ्टी अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन बीएमडब्ल्यू इंडस्टरीज लिमिटेड गम्हारिया में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कंपनी के जनरल मैनेजर प्रशांत चौधरी एवं मैनेजर एचआर एंड एडमिन भुवनेश पारीक ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में न्यूरोसर्जन डॉ राजीव महर्षि ने उपस्थित कर्मचारियों को रोड सेफ्टी के बारे में जानकारी दी। भारत में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या दुनिया में सबसे अधिक है, और यह एक गंभीर चिंता का विषय है। कहा हेलमेट, सीट बेल्ट, आदि का सही तरीके से उपयोग करना चाहिए। साथ ही हमेशा सतर्क रहकर और संभावित खतरों को ध्यान में रखकर गाड़ी चलाना चाहिए। कार्यक्रम में प्रशांत चौधरी ने बताया कि सामुदायिक कार्यक्रमों के माध्यम से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाई जानी चाहिए।



## बकरीद को लेकर गम्हरिया थाना में हुई शांति समिति की बैठक

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बकरीद पर्व को लेकर शनिवार को गम्हरिया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी राजू ने किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। थाना प्रभारी ने लोगों से किसी भी प्रकार के अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने पर संबंधित व्यक्ति पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक मे झामुमो जिला उपाध्यक्ष अमृत महतो, प्रखंड अध्यक्ष जगदीश महतो, जगन्नाथपुर पंचायत की मुखिया रिंटू देवी, पंसस अमरेश कुमार, सुनीता मिश्रा, मनीष कुमार, कविलास यादव, विवेक कुमार, बबलू प्रधान समेत कई जनप्रतिनिधि और स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे।



## मोदक समाज का वार्षिक श्याम महोत्सव आयोजित

**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मोदक समाज की ओर से छोटा गम्हरिया के निर्मल पथ, रोड संख्या- 6 में प्रथम वार्षिक श्याम महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव का शुभारंभ भगवान खाटू श्याम की विधिवत पूजा-अर्चना कर की गई। इस मौके पर उपस्थित पंडित शिव कुमार शर्मा द्वारा पवित्र मंत्रोच्चारण के साथ पूजा की गई। इस मौके पर जमशेदपुर के प्रसिद्ध भजन कलाकार मनोज शर्मा, चंचला व अन्य कलाकारों को आमंत्रित किया गया था। उन कलाकारों द्वारा प्रस्तुत श्याम भजन का लोगों ने देर रात तक आनंद उठाया। इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। इसके आयोजन में विशाल मोदक, बीरेन मोदक, अभय सिंह, रिजू मोदक समेत समाज के अन्य लोगों का योगदान रहा।



## बकरीद को लेकर तिरुलडीह थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

**तिरुलडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को तिरुलडीह थाना परिसर में बकरीद को लेकर शांति समिति का बैठक किया गया, जिसमें कुकडु प्रखंड के प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी कीकू महतो ने शांति पूर्ण बकरीद मनाने का अपील किया। कहा कि पुलिस प्रसाशन हमेशा सेवा में तात्पर्य है। लोगो से अपील किया कि सोशल मीडिया पर भ्रामक खबर को न फैलाये। किसी प्रकार का विवादित या भ्रामक खबर मिले तो स्थानीय थाना को सूचना दे। मौके पर बीडीओ कीकू महतो,सीओ दीपक प्रसाद,थाना प्रभारी आलम चंद महतो,मुखिया सुधीर सिंह,उप मुखिया लाल मोहमद, मुखिया पति रामलाल सिंह सहित कई गण्य मान्य लोग उपस्थित थे।



## जिला स्तरीय अनुकंपा समिति की बैठक में पांच मामलों पर सर्व सहमति से निर्णय

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला उपायुक्त रविशंकर शुक्ला की अध्यक्षता में शनिवार को जिला स्तरीय अनुकंपा समिति की बैठक हुई। बैठक में समिति के समक्ष विभिन्न विभाग के पांच मामलों को रखा गया, जिसमे स्वास्थ्य विभाग, अधीक्षण अभियन्ता खरकई बांध अंचल इचा चालियामा, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, राजकीय पोलटेक्निक कॉलेज आदित्यपुर तथा समाहरणालय से सम्बन्धित एक एक मामले थे। उपायुक्त द्वारा जिला अनुकंपा समिति के आधार पर नियुक्तियों हेतु आवेदन के बारे में विचार विमर्श किया गया। नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता के साथ अनुकंपा कर्मियों को नियुक्ति नियमावली, कागजात जांच के आधार पर चयनित किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बर्दियार, प्रशिक्षु आईएएस कुमार रजत, अपर उपायुक्त संजय कुमार दास, अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला सुनील कुमार प्रजापति, अनुमंडल पदाधिकारी चांडिल शुभ्रा रानी सहित जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।



### नीट परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर डॉ. अजय ने केंद्र सरकार पर हमला बोला, कहा

# मोदी सरकार ने शपथ लेते ही युवा सपनों पर फिर से शुरू किया प्रहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** तीन राज्य के प्रभारी सह कांग्रेस कार्यसमिति के स्थायी आमंत्रित सदस्य डॉ. अजय कुमार नीट परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला है। डॉ. अजय ने साकची के एक होटल में मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा, कि नीट यूजी का आयोजन 5 मई 2024 को देश भर में 4,750 केंद्रों पर किया गया. जिसमें 23 लाख से अधिक बच्चे शामिल हुए थे। इसके बाद रिजल्ट 14 जून को आना था. लेकिन यह 4 जून को ही जारी कर दिया गया. इसमें 67 स्टूडेंट्य को 720 में से 720 अंक मिले. दो स्टूडेंट्स को 718 और 719 अंक मिले. इस पर जब हंगामा मचा तो एनटीए ने बताया कि 6 परीक्षा केंद्रों के 1563 स्टूडेंट्स को ग्रेस मार्क्स दिए गए हैं, क्योंकि वहा परीक्षा देरी से शुरू हुई थी। देश में परीक्षा कराने वाली सबसे बड़ी एजेंसी एनटीए पर डॉ. अजय ने कहा की वर्तमान सरकार के शासन में नीट परीक्षा प्रतिभावन छात्रों को सरकारी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश नहीं देने पेपर लीक और धांधली का खेल बन गया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान नीट घोटाले को ढंकने का प्रयास कर रहे हैं।

डॉ अजय ने साफ कहा अगर नीट में पेपर लीक नहीं हुआ था तो इस मामले में बिहार में 13 आरोपियों को क्यों गिरफ्तार किया गया? गुजरात के गोधरा में नीट - यूजी में धोखाधड़ी करने वाले रैकेट का भंडाफोड़ क्यों हुआ?

मोदी सरकार जनता की आंखों में धूल झोंककर 24 लाख युवाओं के अरमानों का गला घोंटने का काम किया है। मा?र्क्स और रैंक में बड़ी धांधली की है, जिससे आरक्षित सीटों का कट ऑफ भी बढ़ गया है।

डॉ. अजय ने साफ कहा कि मोदी शासन में परीक्षाओं की पवित्रता खतरे में पड़ गई है। पेपर लीक होना आम बात हो गई है। उत्तर प्रदेश के भाजपा शासन में ही 40 से अधिक पेपर लीक हुए हैं और गुजरात पेपर लीक की राजधानी के रूप में उभरा है। डॉ. अजय ने साफ कहा कि राहुल गांधी ने छात्रों को आश्वासन दिया है कि वह इसे संसद में उठाएंगे। डॉ. अजय ने कहा कि कांग्रेस एनडीए सरकार से तत्काल तीन कदम उठाने की मांग करती है जिसमे 580 से ज्यादा अंक पाने वाले छात्रों के परीक्षा केंद्रों के नाम जारी किए जाएं, 12वीं के बोर्ड के मार्क्स का मिलान नीट के टॉपर्स के साथ किया जाए, जिन एग्जाम सेंटर पर औसत से ज्यादा हाई मार्क्स वाले परीक्षार्थी हैं, उनकी वीडियो रिकॉर्डिंग भी जारी की जाए। प्रेस कॉंग्रेस वार्ता में धर्मेंद्र सोनकर, कार्यकारी जिला अध्यक्ष नगर, वरिष्ठ कॉंग्रेस नेता रबीन्द्र झा, बबलू झा,जिला उपाध्यक्ष उपस्थित थे।

## डीसी एवं एसएसपी ने बकरीद को लेकर केन्द्रीय शांति समिति सदस्यों के साथ की बैठक

### सोशल मीडिया एवं असामाजिक तत्वों पर रहेगी पैनी नजर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** ईद-उल-अज़हा (बकरीद) को लेकर रविन्द्र भवन सभागार में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने केन्द्रीय शांति समिति सदस्यों के साथ बैठक कर विधि व्यवस्था संधारण में सहयोग की अपील की। इस दौरान शांति समिति सदस्यों का पेयजल, बिजली, साफ-सफाई, असामाजित तत्वों पर कार्रवाई संबंधी शिकायत एवं सुझावों को सुना गया तथा समयबद्ध कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया गया । जिले के वरीय पदाधिकारियों ने अपील किया कि जिलेवासी शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनायें, सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था संधारण के दृष्टिकोण से प्रशासन द्वारा सभी एहतियाती कदम उठाये जा रहे हैं। उपायुक्त ने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने पर संबंधित व्यक्ति, पेज व ग्रुप एडमिन पर विधि सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सोशल मीडिया पर डेडिकेटेड टीम द्वारा सतत निगरानी रखी जा रही है। उन्होने जिलेवासियों से अपील किया कि किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचें, कोई आपत्तिजनक या भ्रामक सूचना प्राप्त होती है तो प्रशासन से पुष्टि जरूर करा लें। उन्होने प्रतिनियुक्ति दण्डाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी को ससमय प्रतिनियुक्ति स्थल पर उपस्थित होने के निर्देश दिए। वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पर्याप्त संख्या में दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है । बकरीद के दिन खुले स्थान में कुर्बानी ना दी जाए, थाना प्रभारी इसपर विशेष निगरानी रखेंगे। उन्होने सभी डीएसपी एवं थाना प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए धार्मिक स्थलों में निगरानी रखे जाने का निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, सिटी एसपी मुकेश लुणायत, ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनंत कुमार, अपर उपायुक्त रोहित सिन्हा समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## दूसरे दिन भी हुआ बालू स्टॉक यार्ड का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** प्रखंड के ईचागढ़ एवं तिरुलडीह थाना क्षेत्र में लाइसेंसी बालू यार्डो का शनिवार को जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपथी ने निरीक्षण किया। जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपथी ने बताया कि देवी कंस्ट्रक्शन तिरुलडीह का भंडारण में मात्र बारह सौ सीएफटी बालू पाया गया। उन्होंने कहा कि देवी कंस्ट्रक्शन के स्टाक में कितना का चालान काटा गया है और बालू स्टोक कितना है ये जांच का विषय है। जांच कर आगे की कार्रवाई किया जाएगा वहीं कहा कि क्षेत्र में किसी प्रकार का अवैध खनन कार्य को पनपने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लाइसेंस धारी बालू भंडार नियम के अनुसार काम करे, विभाग द्वारा सहयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगले बार ड्रोन कैमरा के माध्यम से भंडारण का मापी किया जाएगा।

## मायुमं स्टील सिटी सुरभि शाखा के रक्तदान शिविर में 75 यूनिट रक्त संग्रह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस एवं फादर्स डे के अवसर पर शनिवार को रक्तदान शिविर सह सशक्त संबल सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। साकची रेडक्रॉस भवन में आयोजित इस रक्तदान शिविर में रक्तदान करने हेतु अपने पिता के साथ आने वाले लगभग एक दर्जन पुत्र, पुत्री को भी सम्मानित किया गया। स्व. सागरमल अग्रवाल की पुण्य स्मृति में आयोजित रक्तदान शिविर प्रातः 10 बजे से संध्या 4 बजे तक चला, जिसमें 75 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। शिविर सह सम्मान समारोह का उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर बतौर अतिथि विधायक मंगल कालिंदी, मारवाड़ी युवा मंच के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अरूण गुप्ता, समाजसेवी डा. आरके अग्रवाल, संतोष अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। आज के सभी कार्यक्रम सुरभि शाखा अध्यक्ष कविता अग्रवाल और संयोजिका ज्योति अग्रवाल के संयुक्त नेतृत्व में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। सम्मान समारोह का सफल संचालन शाखा सदस्य शालिनी गुप्ता ने किया। इसे सफल बनाने में पूजा अग्रवाल, पायल अग्रवाल, मनीषा संघी, उषा चौधरी, सार्थक अग्रवाल आदि का योगदान रहा।

## विश्व डेंगू दिवस पर टाटा स्टील यूआईएसएल ने की सामुदायिक सहभागिता अभियान की शुरुआत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** विश्व डेंगू दिवस के अवसर पर, टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड (टाटा स्टील यूआईएसएल) डेंगू के खतरे से निपटने के उद्देश्य से एक व्यापक सामुदायिक सहभागिता अभियान की शुरुआत की घोषणा की। डेंगू से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए, टाटा स्टील यूआईएसएल एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन कर रहा है और %पलटी मार% नारे के साथ अपने सामुदायिक जागरूकता अभियान की शुरुआत करेगा। यह पहल नागरिकों को अपने घरों और उसके आस-पास मच्छरों के प्रजनन स्त्रोतों की खोज करने और उन्हें खत्म करने के लिए प्रोत्साहित करती है। इस अवसर पर पूर्वी सिंहभूम के सिविल सर्जन सह सीएमओ डॉ. जुझार माझी, टाउन ओएंडएम के महाप्रबंधक आर. के. सिंह और टाटा मेन हॉस्पिटल की वरिष्ठ रजिस्ट्रार डॉ. विजया झा के साथ-साथ अन्य सरकारी स्वास्थ्य अधिकारी और विभिन्न स्कूलों के प्राचार्य, उप प्राचार्य और अधिकारी उपस्थित थे।

## केंद्रीय मंत्री सह सांसद संजय सेठ ने ईचागढ़ विस क्षेत्र का दौरा कर मतदाताओं का जताया आभार



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र का रांची के सांसद सह केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ चुनाव जीतने के बाद पहली बार दौरा कर मतदाताओं व कार्यकर्ताओं को संबोधित कर बधाई दिया एवं आभार व्यक्त किया। जगह जगह पर सांसद संजय सेठ को कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर गाजे बाजे के साथ भव्य स्वागत किया। ईचागढ़ के रांगा माटी मोड़, टीकर, मिलन चौक , कुकडु के तिरूलडीह,कुकडु ,छातारडीह मोड़ सहित कई जगहों पर कार्यकर्ताओं ने सांसद संजय सेठ का जमकर स्वागत किया। वहीं सांसद ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ईचागढ़ की जनता ने जिस तरह से अपने पक्ष में मतदान कर जीत दिलाने का काम किया है और प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार ने केन्द्रीय मंत्री बनाकर जो दायित्व सौंपा है, उसे हर संभव निभाने का कोशिश करूंगा। उन्होंने कहा मेरा प्रयास होगा कि सड़क ,पुल, पुलिया से लेकर हर क्षेत्र में विकास कार्य को गति प्रदान किया जाएगा। कहा कि केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने आश्वासन दिया है कि प्रोजेक्ट बनाकर दें, रांची लोकसभा क्षेत्र में जितना फंड चाहिए दिया जाएगा। मौके पर भाजपा नेता विनोद राय, देवाशीष राय, सारथी महतो, आजसू केन्द्रीय महासचिव हरेलाल महतो, विश्वनाथ उरांव, राजेन्द्र सिंह मुण्डा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री जिलावासियों को आज देंगे योजनाओं की सौगात



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन द्वारा पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन तथा परसम्पत्ति वितरण 16 जून को गांधी मैदान, मानगो में किया जाएगा । कार्यक्रम स्थल पर की जा रही तैयारियों का निरीक्षण जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल ने किया। मौके पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, सिटी एसपी मुकेश लुणायत मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था संधारण, कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई, पार्किंग व्यवस्था, लाभुकों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता, चलंत शौचालय, मेडिकल टीम, एंबुलेंस की उपलब्धता, आवश्यक जगहों पर बैरिकेडिंग के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा कर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त ने भीषण गर्मी को देखते हुए पंडाल के अंदर विभाजित सभी जोन में पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरण किया जाना है, उनके बैठने की व्यवस्था, सुगम आवागमन, पार्किंग आदि की पुनर्समीक्षा कर तैयारियों को मूर्त रूप दें। उन्होने कहा कि कार्यक्रम को लेकर सभी संबंधित विभाग अपने स्तर से तैयारी पूरी कर लें। मुख्यमंत्री के आगमन पर जिले में सुगम यातायात व्यवस्था, सोनारी हवाई अड्डा से कार्यक्रम स्थल तक सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था संधारण के दृष्टिकोण से सभी आवश्यक तैयारियों को दुरुस्त करने का टास्क पदाधिकारियों को दिया गया तथा हर स्तर पर पुनर्समीक्षा का निर्देश दिया गया । मौके पर डीटीओ श्री धनंजय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री पंचानन उरांव, नगर निकाय के पदाधिकारी, थाना प्रभारी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अंडर-12 क्रिकेट : सेमीफाइनल में जेसीए येलो ने ब्लू और लियो ने कवर ड्राइव को हराया, फाइनल आज

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कदमा के निर्मल महतो स्टेडियम में खेले जा रहें शहीद निर्मल महतो मेमोरियल अंडर- 12 क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले सेमीफ़ाइनल में आज जेसीए येलो ने जेसीए ब्लू को 5 विकेट से हराकर फाइनल में पहुंच गई। जेसीए ब्लू ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 20 ओवर में 98 /7 रन, विराट 27 और शुशान्त राव 24 रन बनाए। जवाब में जेसीए येलो ने 15.1 ओवर में 100/5 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। आयुष महतो 22, रोहन 16 रन और 2 विकेट लेकर मैन ऑफ़ द मैच बने। वहीं दूसरा सेमीफ़ाइनल लियो क्रिकेट अकादमी और कवर ड्राइव के बीच खेला गया। कवर ड्राइव ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 18 ओवर में 112/2 विकेट पर बनाये। फरहान ने नाबाद 36 और आरव रंजन ने 54 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लियो टीम ने 12.4 ओवर में 115/3 रन बना कर 7 विकेट से मैच जीतते हुए फाइनल में अपनी जगह बनाई। ऋषिकेश कुमार 38 रन और एक विकेट को मैन ऑफ़ द मैच चुना गया। फाइनल मैच जेसीए येलो और लियो क्रिकेट अकादमी के बीच कल रविवार को खेला जाएगा। मैच का लाइव स्ट्रीमिंग झारखंड क्रिकेट अकादमी के यूट्यूब चैनल पर होगा।



## बकरीद को लेकर राजनगर थाना में शांति समिति की बैठक

**राजनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजनगर थाना में ईद उल जोहा (बकरीद) को लेकर शांति समिति की बैठक पुअनि आकाश दीप की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई. बैठक में शांतिपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील की गई. इस मौके पर अंजुमन मुस्लिम कमेटी के सदर शेर मोहम्मद के बताया कि आगामी 17 जुन को सुबह 6.45 बजे ईदगाह मैदान में नमाज अदा की जायेगी। पुअनि आकाश दीप ने कहा कि बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से भाईचारा बरकरार रखते हुए मनाने को कहा. इस अवसर पर शेर मोहम्मद,दुर्गा लाल मुर्मू,अजय कुमार गोप,दिलीप कुमार महतो, हरे कृष्ण प्रधान, दिनेश प्रधान, हीरालाल सतपथी,बीजू बास्के, सौकत अली, शमसीन आदि उपस्थित थे।

संपादकीय

# गठबंधन सहारे मोदी सरकार

**नरेंद्र** मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बन सकते हैं। भाजपा न केवल लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी है, बल्कि 291 सांसदों वाले एनडीए का सदन में स्पष्ट बहुमत भी है। बहुमत का जादुई आंकड़ा 272 है। नियम और परंपरा के मुताबिक, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सबसे पहले भाजपा-एनडीए के नेता मोदी को, सरकार बनाने के लिए, आमंत्रित करेंगी। भाजपा और मोदी प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने को तैयार हैं। यह भाजपा मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने घोषित भी किया है, लेकिन इस बार मोदी एक 'मिथक' और निरंकुश भाव से काम करने वाले नेता साबित नहीं हो सकेंगे। चूंकि जनादेश कमजोर और गठबंधन का है, लिहाजा इस बार तेलुगूदेशम पार्टी (टीडीपी) और जनता दल-यू सरीखे सहयोगियों की सलाह और पूछ भी अनिवार्य होगी। टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू केंद्र में संयुक्त मोर्चा सरकारों और भाजपा की वाजपेयी सरकार के दौरान संयोजक और सहयोगी रह चुके हैं। वह बार-बार सरकारों को बाध्य करते थे और अपनी मांगें मनवाने की जिद करते थे। अंततः उन्होंने एनडीए छोडने का फैसला किया, नतीजतन सरकार कमजोर हुई। बेशक उस दौर की तुलना में अब भाजपा सांसदों की संख्या काफी है, लेकिन स्पष्ट बहुमत से 30 सांसद कम हैं। लिहाजा सहयोगी दलों के समर्थन के बिना मोदी सरकार भी अस्थिर रहेगी। यह जनादेश 2014 और 2019 से बिल्कुल भिन्न है। प्रधानमंत्री मोदी 10 साला कार्यकाल के दौरान लगभग निरंकुश होकर फैसले लेते रहे। प्रधानमंत्री दफ्तर भी उसी तर्ज पर काम करता रहा। अब यह गठबंधन की सरकार होगी, लिहाजा प्रधानमंत्री को समान नागरिक संहिता, एक देश एक चुनाव, कुछ आर्थिक सुधार, एनसीआर सरीखे मुद्दों पर फिलहाल विराम लगाना पड़ेगा अथवा टीडीपी और जद-यू की सहमति सरकार के लिए बाध्यकारी होगी। इस बार विपक्ष भी ताकतवर होगा। उनका नेता प्रतिपक्ष भी होगा, लिहाजा मुद्दों और विधेयकों पर विपक्ष की सहमति को भी टाला नहीं जा सकेगा। इस बार मोदी सरकार के लिए कोई भी संविधान संशोधन बिल पारित कराना आसान नहीं होगा, क्योंकि बहुमत नहीं है। कांग्रेस के 99 और सपा के 37 सांसद चुनकर लोकसभा में आ रहे हैं। 'इंडिया' की कुल ताकत पर्याप्त है। पीएमओ पर भी गठबंधन के सहयोगियों की 'निगाह' बराबर बनी रहेगी। फिलहाल नायडू और नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात कर समर्थन और गठबंधन की गारंटी दी है, लेकिन उन दोनों के अतीत का इतिहास संदिग्ध रहा है। उससे उन्होंने सबक भी सीखा होगा! दोनों दल लोकसभा में स्पीकर का पद चाहते हैं। वाजपेयी सरकार के दौरान टीडीपी के बालयोगी स्पीकर होते थे। बहरहाल अभी तो मोदी सरकार को शपथ ग्रहण करनी है। इस बार 23.43 करोड़ मतदाताओं ने मोदी के नेतृत्व को वोट दिए हैं। यकीनन यह विश्व कीर्तिमान है, क्योंकि एक ही व्यक्ति के नाम इतने वोट नहीं डाले गए। फिर भी भाजपा को आत्ममंथन करना है कि जनादेश की दशा और दिशा एकदम कैसे बदल गई? वाराणसी सीट पर 2019 में प्रधानमंत्री मोदी 4 लाख से अधिक वोट से जीते थे, लेकिन इस बार यह फासला 1.5 लाख ही रह गया। ये वोट कम क्यों हुए? क्या दलित, ओबीसी, युवा मतदाता भाजपा से विमुख हुए हैं, लिहाजा समीकरण पलट गए हैं? ऐसे विश्लेषण सामने आए हैं कि ओबीसी, दलित, मुसलमान के अतिरिक्त वोट सपा और कांग्रेस के पक्ष में गए, नतीजतन उप्र के तमाम समीकरण पलट गए और भाजपा पराजित-सी हो गई। बसपा को मात्र 9 फीसदी वोट मिले और वह एक भी सीट जीत नहीं पाई, इससे भी सपा और कांग्रेस को फायदा हुआ। अयोध्या का राम मंदिर चुनावी मुद्दा नहीं बन सका। बंगाल में जनता का भरोसा अब भी 'दीदी' पर ही है। महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे की 'शिवसेना' और अजित पवार की एनसीपी भाजपा पर बोझ ही साबित हुईं, लिहाजा नुकसान भाजपा को ही हुआ।

> भाजपा न केवल लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी है, बल्कि 291 सांसदों वाले एनडीए का सदन में स्पष्ट बहुमत भी है। बहुमत का जादुई आंकड़ा 272 है। नियम और परंपरा के मुताबिक, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सबसे पहले भाजपा-एनडीए के नेता मोदी को, सरकार बनाने के लिए, आमंत्रित करेंगी। भाजपा और मोदी प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने को तैयार हैं। यह भाजपा मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने घोषित भी किया है, लेकिन इस बार मोदी एक 'मिथक' और निरंकुश भाव से काम करने वाले नेता साबित नहीं हो सकेंगे। चूंकि जनादेश कमजोर और गठबंधन का है, लिहाजा इस बार तेलुगूदेशम पार्टी (टीडीपी) और जनता दल-यू सरीखे सहयोगियों की सलाह और पूछ भी अनिवार्य होगी। टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू केंद्र में संयुक्त मोर्चा सरकारों और भाजपा की वाजपेयी सरकार के दौरान संयोजक और सहयोगी रह चुके हैं। वह बार-बार सरकारों को बाध्य करते थे और अपनी मांगें मनवाने की जिद करते थे। अंततः उन्होंने एनडीए छोडने का फैसला किया, नतीजतन सरकार कमजोर हुई।

### चुनाव परिणामों ने अकेली भाजपा को 240 सीटों पर सिमटा दिया

# गठबंधन बनाम क्षेत्रीय दलों की राजनीति में उभार

प्रमोद भार्गव

**जिस** तरह से शक्ति और सत्ता राजनीति के आधारभूत सिद्धांत माने जाते हैं, उसी तरह राजनीति से यह मान्यता भी जुड़ी है कि राजनीति में वही आगे बढ़ते हैं, जो अवसर का लाभ उठाकर उसे भुनाते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह की जोड़ी के लिए गठबंध की राजनीति के बीते दस साल में लगभग यही पर्याय रहे हैं। बीते सालों में महाराश्ट्र और हरियाणा में भाजपा-शिवसेना, अकाली दल और इनेलो से दषकों से चले आ रहे गठबंधनों का टूटना इन्हीं आषयों के परिणाम थे। लेकिन अब आए चुनाव परिणामों ने अकेली भाजपा को 240 सीटों पर सिमटा दिया। भाजपा स्पष्ट बहुमत से 32 सीटें पीछे रह गई। हालांकि उसके नेतृत्व वाले राजग गठबंधन के पास 291 सीटें हैं। अतएव राजग बहुमत में है। लेकिन भाजपा खुद 272 सीटें लाई होती तो उसकी पूर्व की तरह ठसक बनी रहती। बावजूद नरेंद्र मोदी नेहरू के बाद ऐसे अकेले प्रधानमंत्री हैं, जिन्हें मतदाता ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने रहने का जनादेश दिया है। यह करिष्मा 62 साल बाद हुआ है। लेकिन अब पेंडुलम की तरह लटकी भाजपा को 16 सीटें जीतने वाले चंद्रबाबू नायडू की पार्टी टीडीपी और 16 सीटें जीतने वाली नीतीष कुमार की जदयू से पूरे पांच साल वैसाखियों का सहारा लेना पड़ेगा। ये दोनों दल किंगमेकर की भूमिका में आ गए है। इन और अन्य सहयोगी दलों के साथ भाजपा तीसरी बार केंद्र में सत्तारूढ़ होने जा रही है। शक्ति अर्थ की हो या राजनीतिक सत्ता की, जब वह उम्मीद से ज्यादा हाथ लग जाती है तो महत्वाकांक्षाएं बेलगाम होने लगती हैं। लिहाजा 2014 और 2019 की अप्रत्याषित जीत के बाद भाजपा की जहां महत्वाकांक्षा बढ़ी, वहीं आत्मविष्वास प्रबल हुआ। नतीजतन नरेंद्र-अमित की युगल जोड़ी ने भाजपा को गठबंधन से मुक्ति के पंखों पर सवार कर दिया था। भाजपा चाहने लगी थी कि यदि राजनीतिक पहुंच वाले राज्य में उसकी अकेले दल के रूप में पकड़ मजबूत होगी तो वह कालांतर में गठबंधन की लाचारी से मुक्त होती चली जाएगी। इसी धारणा के चलते उसने अपने सबसे पुराने सहयोगी शिवसेना और अकाली दल से नाता तोड़ लिया था। दरअसल भाजपा की जो राजनीति, संस्कृति और कार्यषैली है, कमोवेष वही षिवसेना की है। दोनों उग्र हिंदुत्व और राश्ट्रीय सांस्कृतिक एकात्मवाद के अनुयायी हैं। लेकिन भाजपा गठबंधन में सहयोगी रहे जिस राज्य में भाजपा को सबसे बड़ा झटका लगा है, उसमें महाराष्ट्र प्रमुख है। 2014 और 2019 में महाराश्ट्र की 48 सीटों में से भाजपा-षिवसेना को 41 सीटें मिली थीं। 2019 के विधानसभा चुनाव में स्पश्ट बहुमत के बावजूद मुख्यमंत्री पद को लेकर दोनों दलों में बिगड़ गई। इसी के साथ राज्य की राजनीति में बदलाव आ गया।



मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस-एनसीपी के साथ मिकर सरकार बनाई तो भाजपा ने षिवसेना में विभाजन कर सरकार गिरा दी और एकनाथ षिंदे को मुख्यमंत्री बनवा दिया। यही नहीं एकनाथ षिंदे की ही षिवसेना को असली होने का दर्जा मिल गया। साथ ही षरद पवार की एनसीपी के भी दो टुकड़े कर दिए। भतीजे अजीत पवार ने चाचा की पार्टी छीन ली। हालांकि यह कदम उल्टा पड़ा। उद्धव और षरद पवार ने मराठी अस्मिता को मुद्दा बनाया और मतदाता की सहानुभूती बटोरने में सफल रहे। अब यहां सबसे ज्यादा 13 सीटें जीतकर कांग्रेस बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। षिवसेना-उद्धव को 9, एनसीपी-षरद को 7 सीटें मिली हैं। भाजपा को दस सीटों पर संतोश करना पड़ा है। चूंकि इस चुनाव में अजीत पवार को मात्र एक सीट मिली है। इससे उनकी नेतृत्व क्षमता पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। महाराष्ट्र में इसी साल अक्टूबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में लोकसभा चुनाव के इन नतीजों का असर विधानसभा चुनाव पर भी दिखाई दे सकता है? अतएव महाराष्ट्र में अब कांग्रेस, एनसीपी-षरद और षिवसेना उद्धव के एक साथ आने से महाविकास अघाड़ी की ताकत बढ़ गई है, जो भाजपा को महंगी पड़ सकती है। आंध्र प्रदेष में भाजपा के सहयोगी तेलगु देषम पार्टी के प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने 16 सीटों पर जीत हासिल की है। आंध्र प्रदेष में हुए विधानसभा चुनाव में भी नायडू को सरकार बनाने के लिए स्पश्ट बहुमत मिल गया है। नायडू ने कह भी दिया है कि आंध्रप्रदेष की जनता ने राजग के साथ हमारे गठबंधन पर भरोसा करके हमें बड़ी जीत दिलाई है। हम राजग के साथ है। साफ है, नायडू केंद्र सरकार में अपने सांसदों को मंत्री बनाकर भाजपा को ताकत देते रहेंगे। इधर बिहार में राजग गठबंधन ने बड़ी संख्या में सीटें हासिल करके लालू और तेजस्वी यादव को आईना दिखा दिया है। यहां चालीस सीटों में से 12 जदयू, 12 भाजपा, और पांच लोजपा ने जीती हैं। अतएव कहा जा सकता है कि चुनाव से पहले नीतीष कुमार के जदयू को साथ लाकर बड़े नुकसान से बच गई। बिहार के इन परिणामों से गठबंधन की महिमा को स्थापित किया है। जदयू नेता केसी त्यागी का कहना है कि चुनाव पूर्व राजग से गठबंधन को लेकर हमारी जो प्रतिबद्धताएं हैं, वे बनी रहेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीतीश और नायडू को अच्छी जीत के लिए बधाई दे दी है। दस साल बाद इस चुनाव में एक बार फिर क्षेत्रीय मुद्दों और क्षेत्रीय दलों का प्रभाव दिखाई दिया है। क्षेत्रीय दलों की राजनीतिक ताकत स्थानीय मुद्दे और जातीयता होती है। देश के सबसे ज्यादा संसदीय 80 सीटों वाले राज्य उत्तर प्रदेश में मायावती, मुलायम सिंह और अखिलेश यादव को जब भी सत्ता का सुख मिला है, उसमें यही राजनीति के गुण शामिल रहे हैं। यही सब दक्षिण भारत के राज्यों में क्षेत्रीय क्षत्रपों का दबदबा देखने में आया। तमिलनाडु में स्टालिन की द्रमुक ने इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर राज्य की सभी 39 सीटों पर जीत दर्ज करा ली है। आप के साथ मिलकर कांग्रेस ने पंजाब में सभी 10 सीटें इंडिया गठबंधन के खाते में डलवा दी। पश्चिम बंगाल की क्षेत्रीय नेता ममता बनर्जी ने अपने जादू को बनाए रखा है। तृणमूल ने महिला और मुस्लिम मतदाताओं को साधकर 30 सीटों पर सफलता प्राप्त की। जबकि उसकी 2019 में 22 सीटें थीं। भाजपा को यहां 2019 में जीतीं 18 सीटों की तुलना में 2024 में 11 सीटों पर ही संतोश करना पड़ा है। ममता ने बंगाल में इंडिया के साथ कोई गठबंधन भी नहीं किया था। वे अकेली चलीं और उन्होंने भाजपा के सीएए एवं संदेषखाली के मुद्दों को नाकाम कर दिया। तय है, ममता आगे भी क्षेत्रीय क्षत्रप बनी रहेंगी। वे अब सीएए और एनआरसी का भी संसद में अपने सांसदों से मुखर विरोध कराएंगी। भाजपा के चर्चित चेहरे सुरेष गोपी ने केरल में जीत दर्ज कराकर एक बड़ी कामयाबी दर्ज की है। भाजपा स्पष्ट बहुमत में जरूर नहीं है, लेकिन उसने अपनी पार्टी का विस्तार करते हुए ओडिषा में जबरदस्त दस्तक दी है। नवीन पटनायक के 24 साल से चले आ रहे राज को खत्म करके भाजपा ने जता दिया है कि वे पार्टी के देशव्यापी विस्तार के लिए संघर्ष करती रहेंगी। ओडिशा में भाजपा को दोहरी खुशी मिली है। यहां उसने लोकसभा की 21 सीटों में से 19 सीटें जीतकर अप्रत्याशित ढंग से अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा दी है। दूसरी तरफ भाजपा को यहां हुए विधानसभा चुनाव में भी स्पष्ट बहुमत मिल गया है। विधानसभा की कुल 147 सीटों में से भाजपा ने 78 सीटों पर विजय हासिल की है।

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह की जोड़ी के लिए गठबंध की राजनीति के बीते दस साल में लगभग यही पर्याय रहे हैं। बीते सालों में महाराश्ट्र और हरियाणा में भाजपा-शिवसेना, अकाली दल और इनेलो से दषकों से चले आ रहे गठबंधनों का टूटना इन्हीं आषयों के परिणाम थे। लेकिन अब आए चुनाव परिणामों ने अकेली भाजपा को 240 सीटों पर सिमटा दिया।

दृष्टि कोण

# जल संकट से जूझता प्रदेश

**हिमाचल** प्रदेश के जिला कांगड़ा की मनोरम धौलाधार पर्वत श्रेणी तले बसने वाले मेरे जैसे अनेकों लोगों ने पिछले 50 वर्षों में काफी कुछ बदलते देखा है। औद्योगिक विकास की बात को छोड़ भी दें तो पुराने मकानों की जगह कंक्रीट के जंगल उभर आए हैं और जहां पहले कभी फसलें लहलहाती थीं, वहां केवल अब सीमेंट और सरिए के पक्के मकानों की बहुतायत हो गई है और फसलें चौपट हो गई हैं। हिमाचल प्रदेश में साल दर साल स्वच्छ पेयजल आपूर्ति योजनाओं में बढ़ोतरी के बावजूद आज प्रदेश के कई हिस्सों में जल संकट गहराया हुआ है, तो इससे निबटने के लिए सरकार को युद्धस्तर पर राहत के उपाय ढूंढने ही पड़ेंगे। विभाग के अनुसार प्रदेश में कुल 10067 पेयजल परियोजनाएं हैं। इनमें ज्यादातर में जलस्तर घट गया है, वहीं 350 पेयजल परियोजनाएं ऐसी हैं जो लगातार सूख रही हैं। इसके लिए अधिकतर नागरिकों के घरों में वर्षाजल संग्रहण टैंकों का निर्माण करवाना होगा, लेकिन कई पंचायत प्रधान वर्षा जल संग्रहण टैंकों के निर्माण में ज्यादा रुचि नहीं लेते हैं। इस लेख के लेखक को भी सरकार द्वारा दो बार वर्षा जल संग्रहण टैंक स्वीकृत किया गया, लेकिन उपमंडल बैजनाथ की खड़ानाल पंचायत द्वारा टैंक का निर्माण करवाया ही नहीं गया। क्या कभी इस प्रकार का नकारात्मक रवैय्या रखने वाले जनप्रतिनिधियों पर कोई अनुशासनात्मक दंडात्मक कार्रवाई भी होगी और लाभार्थी को कोई



लाभ मिलेगा? पंचायतों द्वारा स्वीकृत वर्षा जल संग्रहण टैंकों, लेकिन पेंडिंग अथवा अधूरे छोड़े गए और जिनके निर्माण में अनियमितता बरती गई हो, ऐसे मामलों में संबंधित पंचायत प्रतिनिधियों एवं खंड विकास अधिकारियों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए। वर्ल्ड बैंक ने तो पेयजल की बर्बादी रोकने के लिए स्वच्छ पानी को व्यर्थ बहाने वालों से टैक्स तक वसूलने की अनुशंसा भी की है और जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन एवं आबंटन की सलाह दी है। हिमाचल प्रदेश में गर्मियों का सीजन कोई ज्यादा लंबा नहीं चलता है, लेकिन यह दो महीने जल शक्ति विभाग के लिए कड़ी परीक्षा वाले होते हैं। जहां कुशल, योग्य और हुनरमंद अधिकारी होते हैं, वहां से पेयजल संकट को लेकर कम शिकायतें सुनने को मिलती हैं, लेकिन जहां कुछ क्षेत्रों के अफसर अनियमित पेयजल की शिकायतों को गंभीरता से नहीं लेते हैं और फील्ड में जाने की जहमत भी नहीं उठाते हैं। वहां के निवासियों को कई कई दिनों तक व्यवस्था में सुधार होने का इंतजार करना पड़ता है। हिमाचल प्रदेश जल शक्ति विभाग द्वारा घोषित लक्ष्यों में पहले स्थान पर पेयजल आपूर्ति योजनाओं द्वारा प्रदेशवासियों को स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करना ही रखा गया है। 15 मई 2023 तक प्रदेश में 41835 हैंडपंप लगाए जा चुके थे। वर्तमान समय में जिस प्रकार से जनसंख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है और नित नई कालोनियां विकसित हो रही हैं अथवा गांव के भीतर नए पेयजल कनेक्शन की मांग बढ़ रही है, उसके हिसाब से पुरानी जलापूर्ति लाइनों में कोई सुधार न होने और पुरानी पाइपों से ही पेयजल आपूर्ति की वजह से लोगों को अपर्याप्त पेयजलापूर्ति हो रही है और गर्मियों के इस सीजन में हालात और भी गंभीर और खराब हैं। सरकार की मंशा तो ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध करवाने की होती है, लेकिन चंद अधिकारियों की सुस्त कार्यशैली के चलते फजीहत भी सरकार की ही होती है। यह सही है कि विभाग के ज्यादातर अधिकारी और कर्मचारी पिछले दिनों चुनाव ड्यूटी पर थे। ऐसे में उच्च अधिकारियों को पहले से योजना बनाकर जल संकट का हल निकाल लेना चाहिए था। हमें यह भी देखना होगा कि पारंपरिक जल स्त्रोतों में जल संकुचन, अनियमित पेयजल आपूर्ति, गिरते भूजल जल स्तर, फील्ड स्टाफ की कमी और पानी की खराब गुणवत्ता के चलते हिमाचल के कई हिस्सों में शहरी और ग्रामीण जल आपूर्ति दोनों की स्थिरता में खतरा पैदा कर दिया है और पेयजल को लेकर अब तो दुर्गम ग्रामीण क्षेत्रों से भी संघर्ष की खबरें अखबारों की सुर्खियां बन रही हैं। लाख टके का सवाल है कि करोड़ों की पेयजल योजनाएं बिना मानव श्रम शक्ति के किस प्रकार से अपनी उपयोगिता साबित कर पाएंगी? अब आप 15 मई 2023 की विभागीय मानव श्रम शक्ति का विश्लेषण देखें तो जलशक्ति विभाग के विभिन्न 49 श्रेणियों के लिए स्वीकृत 4173 पदों में से 2586 पद भरे हुए हैं और 1587 पद रिक्त चल रहे हैं। इसलिए विभाग में नई नौकरियों का सृजन जल्द हो, इस पर भी ध्यान देने की जरूरत है। जल शक्ति विभाग का नारा 'सेव वाटर सेव लाइफ' तभी सार्थक होगा जब लोगों को नियमित पेयजल आपूर्ति संभव होगी। जल शक्ति विभाग ने शिकायतों के निवारण के लिए एक टोल फ्री नंबर 18001808009 भी जारी किया हुआ है। लेकिन शिकायत मिलने के बाद भी शिकायतकर्ता दुखी रहता है तो फिर ऐसे प्रयास भी औचित्यहीन ही माने जाएंगे। जल शक्ति मंत्री मुकेश अग्निहोत्री मेहनती लीडर हैं, आम पब्लिक की सुनते भी हैं, लेकिन जब तक विभाग के आला अधिकारी अपना कुर्सी मोह छोडकर फील्ड में उतर कर पसीना नहीं बहाएंगे, तब तक अच्छे रिजल्ट आने की संभावना कम ही है।

कुछ अलग

# प्रेम के नए अर्थ

**लगता** है तेजी से बदलते इस युग में हमें प्रेम को नए अर्थ देने पड़ेंगे। बहुत दिन तक शरीर से शरीर के मिलन और गर्म सांसों की अदला-बदली को हम प्रेम का सुनहरा फ्रेम देते रहे। कवि कर्म को प्रेमिल तितलियों के बहुरंगे पंखों के साथ बांधते रहे। लेकिन फिर जब जीवन के तराजू पर ये रंग-बिरंगे पंख टूट कर तुलने लगे, तो इसमें सूफी काव्य से लेकर छायावाद और रहस्यवाद की ओट लेने का प्रयास भी किया गया। लेकिन आज प्रेम कैसा बेहाल हुआ जाता है। नारी स्वातंत्र्य और सशक्तिकरण के इस डिस्को रूप में घूंघट ओढ़ कर बैठा प्रेम का यह सकुचाता रूप घूंघट ओढ़ बैठा नजर आता है। एक ओर राफेल विमान को उड़ाने के लिए महिला पायलट सामने आ रही हैं और दूसरी ओर दिल्ली के निर्भया कांड और हिमाचल के गुडिया कांड की पुनरावृत्ति हाथरस और बलरामपुर कांड जैसे निर्मम दुष्कर्मी कांडों में हो रही है, जिनमें जाति और धर्म का कटघरावादी राजनीतिकरण चुनाव लडने और वोट हथियाने का साधन बन रहा है। लीजिए, वक्त बदलने के साथ-साथ प्रेम करने के पैमाने भी बदल गए। अब 'सजनी वही जो पिया मन भाए' की तरह घटना की जांच-पड़ताल वही जो खोजी को नेता बनाए। चुनाव जितवाए। सत्ता की सीढ़ी तक पहुंचाए। सीढ़ी के शिखर तक पहुंचता व्यक्ति चिल्लाता है, 'नहीं, मैं अब और अन्याय नहीं होने दूंगा। दूध का दूध और पानी का पानी कर दूंगा।' दूध तो वंशवादी हो ऊंची मंजिलों तक जाएगा, और पानी झुग्गी-झोंपडियों में खैरात की तरह बंटेगा, बशर्ते कि उसमें इतना प्रदूषण न हो जाए कि चिकित्सा विशारद उसे कोरोना फैलाने का कारण ही बताने लगे। आप कहेंगे कि ऐसा असम व्यवहार तो सदियों से होता रहा है। आदमी को जूता बनाने की परम्परा आज की नहीं है। नहीं तो कार्ल मार्क्स दो सदी पहले 'दास कैपिटल' क्यों लिखते? परंतु लिखने के बाद उसके लिए खोखले भाषण देने की परम्परा तो आज से मकबूल हुई। अब तो लोगों को इस प्रक्रिया से इतना इश्क हो गया लगता है कि लोग प्रेम की परिभाषा बदल बैठे। इस रीति-नीति का पालन करो तो हथेली पर सरसों उगाने की कल्पना सच होती लगती है। यही है आज का प्रेम? उसका कोई टकसाली रूप भी नहीं। वक्त बदलने के साथ इसे अपना रंग बदलते देर नहीं लगती। लेकिन इतना ही क्यों? अकबर इलाहाबादी की सुर में कहें, तो यही कहेंगे कि हाकिम को रियाया कि बहुत फिक्र ही नहीं, बहुत इश्क है, लेकिन अपना डिनर खाने के बाद। यह डिनर दुनिया भर में अभी प्रसारित हुआ रिश्वतखोरी का सूचकांक आपको बता सकता है कि इस देश के भद्र जनों के रिश्वतखोरी, लालफीताशाही और भ्रष्टाचार से इतना प्यार हो गया कि दुनिया के कम से कम छिहत्तर देश पिछले साल अगर इससे कम बेईमान थे, तो इस बरस सतहत्तर देश आगे आ गए। पहले बरखुरदार की शादी के लिए लडकी तलाशते हुए इशारा किया जाता था कि आमदन तो ठीक है, ऊपर से कुछ बालाई भी हो जाती है। अब तो परिचय में बालाई आमदन का ब्यौरा पहले दिया जाता है। असल वेतन की खबर कौन पूछता है? अब इश्क उन लोगों से ही होता है, जो जल्द से जल्द अपने आपको साइकिल से बदल कर बीएमडब्ल्यू में तबदील कर लें। शुरू से सुनते आए हैं कि प्रेम की गली अति सांकरी, जिसमें दो न समाए। प्रेमी और प्रेमिका एक रूप हो जाएं। यही है असली प्रेम। जनाब प्रेम की गली तो आज भी सांकरी है, लेकिन इतनी सांकरी भी नहीं कि जिसमें प्रेमी और उसकी आयातित गाड़ी न समा सके। हां, अगर प्रेमी उम्र भर अपनी फटीचर साइकिल पर भूतपूर्व प्रेमिका अर्थात वर्तमान पत्नी के लिए अपने मैले थैले में सब्जी ढोने का भविष्य दिखाए तो भला ऐसे प्रेमी के लिए इस संकरे प्रेम मार्ग पर चलने के लिए जगह कहां।

देश दुनीया से

# ग्राम समुदाय की सहभागिता से संभव है पर्यावरण संरक्षण

> विकास के नाम पर पर्यावरण के साथ छेड़छाड़ ने एक ओर जहां यहां के पारिस्थितिक तंत्र को तोड़ा है वहीं समुदाय और ग्राम पंचायत की सहभागिता से इसे पुनः ठीक करने के प्रयास भी हो रहे हैं। इसमें पिछले तीन दशकों से भी अधिक समय से स्थानीय स्तर पर काम कर रही गैर सरकारी संस्था उरमूल ट्रस्ट बीकानेर की बड़ी भूमिका है जो भारतीय स्टेट बैंक फाउंडेशन के सीएसआर फंड के उपयोग से थार के मरुस्थलीय पर्यावरण के मामले में विशेष पहल कर रहा है। इसमें एक्शन आधारित टिकाऊ और अनुकरणीय पर्यावरण जागरूकता संबंधी गतिविधियां प्रमुख रूप से शामिल है।

**दुनिया** भर में पर्यावरण एक अहम मुद्दा बनता जा रहा है। यह वह मुद्दा है जिस पर क्रियान्वयन कम और संपूर्ण सृष्टि पर इसका प्रभाव अधिक नजर आ रहा है। थार का पर्यावरण भी अति संवेदनशील है। जरा सी नकारात्मक छेड़छाड़ अथवा सकारात्मक पहल का प्रभाव बड़ा होता है। विकास के संदर्भ में पिछले दो दशकों में यहां बहुत कुछ बदला है। थार में तेल की धार और क्लीन एनर्जी को बढ़ावा देने की अपार संभावनाओं के कारण पर्यावरण का मुद्दा अंतिम पायदान पर चला गया है, वर्ना तो पीढ़ियों से यहां की आजीविका, जीवनशैली, सामाजिक परंपराओं और सांस्कृतिक पर्वों में पर्यावरण को प्रमुखता से देखा जाता रहा है। यहां के पारंपरिक जल स्रोतों, जैसलमेर की खड़ीनों (पारंपरिक खेती का एक स्वरूप) और बेरियों (वर्षा जल को संरक्षित करने का एक माध्यम) के इर्द गिर्द विकसित किया गया इकोसिस्टम पूरे विश्व में अनूठा ही नहीं बल्कि अनुकरणीय भी रहा है। विकास के नाम पर पर्यावरण के साथ छेड़छाड़ ने एक ओर जहां यहां के पारिस्थितिक तंत्र को तोड़ा है वहीं समुदाय और ग्राम पंचायत की सहभागिता से इसे पुनः ठीक करने के प्रयास भी हो रहे हैं। इसमें पिछले तीन दशकों से भी अधिक समय से स्थानीय स्तर पर काम कर रही गैर सरकारी संस्था उरमूल ट्रस्ट बीकानेर की बड़ी भूमिका है जो भारतीय स्टेट बैंक फाउंडेशन के सीएसआर फंड के उपयोग से थार के मरुस्थलीय पर्यावरण के मामले में विशेष पहल कर रहा है। इसमें एक्शन आधारित टिकाऊ और अनुकरणीय पर्यावरण जागरूकता संबंधी गतिविधियां प्रमुख रूप से शामिल है। दरअसल हमारे देश के ग्रामीण क्षेत्रों में भले ही बुनियादी ढ़ाचे विकसित न हों, लेकिन यहां के लोगों के अनुभव अवैज्ञानिक और अतार्किक नहीं होते हैं। उनमें विकास के प्रति जागरूकता दिखती है। उनकी आवाज सीमित जरूरतों और टिकाऊ पर्यावरण से संदर्भित होती है। ग्रामीण आधारभूत सुविधाओं की कमी के बावजूद सहभागिता के माध्यम से अपने स्तर पर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे रहे हैं। स्वच्छता अभियान समुदाय आधारित वेस्ट मैनेजमेंट का एक अनूठा मॉडल ग्राम पंचायत एवं समुदाय की सहभागिता से सफल हो रहा है। जैसलमेर के अलग अलग पंचायतों स्थित गाँव मोकला, ब्रह्मसर, जेठवाई और लानेला का सूखा व गीला कचरा घर-घर से एकत्रित किया जाता है तथा डंपिंग सेंटर जैसलमेर में पहुंचाने का काम नियमित रूप से किया जा रहा है। इस संबंध में उरमूल ट्रस्ट के सचिव रमेश सारण बताते हैं कि "ग्राम पंचायत व ग्रामीण समुदाय की प्रबंधन व्यवस्था में संचालित यह कार्यक्रम पूर्णतः सतत और टिकाऊ है। संस्थान की तरफ से इन गाँव में वेस्ट कलेक्शन के लिए ई-रिक्शा उपलब्ध कराया गया है। परियोजना समाप्ति के बाद यह संसाधन ग्राम पंचायत को हस्तांतरित कर दिए जाएंगे जो ग्राम स्वच्छता अभियान को नई दिशा प्रदान करेंगे।" ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की सरकारी वैकल्पिक व्यवस्थाओं के बावजूद सत्तर से अस्सी प्रतिशत पेयजल पूर्ति समुदाय द्वारा निर्मित पारंपरिक जल स्रोतों से होती है। यही पारंपरिक जल स्रोत यहां



की जैव विविधता, पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र के प्रमुख केंद्र हैं। समुदाय की सहभागिता से तीन गांवों में चार तालाबों का जीर्णोद्धार किया गया है। इनमें मोकला और ब्रह्मसर में एक एक और जेठवाई में दो तालाबों का निर्माण किया गया है। इन तालाबों की खुदाई का कार्य महात्मा गांधी नरेगा से होता है लेकिन कैचमेंट क्षेत्र (जलग्रहण क्षेत्र) को ठीक करने का नियोजन नहीं है। ग्रामीणों के अनुसार इन तालाबों में पानी की आवक क्षमता बढ़ाने के लिए कैचमेंट को ठीक करने, आवक चैनलों को दुरुस्त करने की जरूरत है। जैसलमेर के गांव जैठवाई, भादासर व मोकला में चार तालाबों के कैचमेंट क्षेत्र का समतलीकरण और आवक चैनलों की सफाई का कार्य होने से जल स्रोतों में पानी भराव की क्षमता डेढ़ गुना बढ़ गई है। इस संबंध में जेठवाई गांव के मोहन कुमार और मोकला के दुलतसिंह बताते हैं कि "पहले इन तालाबों में केवल सात से आठ माह पानी रहता था। अब हमें पशुओं व जंगली जीव-जंतुओं के लिए सालों भर पानी उपलब्ध होता है। यह काम होने से हम जल स्वावलंबी हो गए हैं।" वह बताते हैं कि पहले हमें चार महीने बाहर से पानी के टैंकर मंगवाने पड़ते थे। इससे एक परिवार का प्रतिमाह दो से तीन हजार रु। पानी पर ही खर्च हो जाता था, जो अब बचने लगा है। गांव के करीब 11 गरीब परिवारों के घरों में पेयजल क्षमता बढ़ाने के लिए टांकों (अंडरग्राउंड टैंक) का निर्माण किया गया है और उन्हें छत से जोड़ा गया है ताकि वर्षा का पानी सीधे वहां पहुंच सके। पारंपरिक खड़ीन के माध्यम से प्राकृतिक खेती जैसलमेर की खास पहचान है। इसमें दूर ढलानी मगरों (चट्टानी भू-भाग) से बहकर आए पानी को मिट्टी का बांध बनाकर रोका जाता है और फिर जब वह पानी ज़मीन के अंदर चली जाती है तो उस पर खेती का काम शुरू किया जाता है। रबी सीजन में इस प्राकृतिक माध्यम से गेहूं और चना की फसल उगाने की परंपरा उस जमाने से ली जा रही है जब हरित क्रांति का जन्म भी नहीं हुआ था और देश में खाद्यान्न का संकट था। इसमें सामूहिक खेती को प्राथमिकता दी जाती रही है। जैसलमेर के ब्रह्मसर व रूपसी गांव के लोगों ने बताया कि लगभग 100 परिवारों की दो हजार बीघा जमीन पारंपरिक खड़ीन के माध्यम से होती थी लेकिन जीर्णोद्धार नहीं होने से इसमें पानी कम रुकता था जिससे पैदावार घट गई। जिसके बाद कार्य के अनुसार मिट्टी के बांध की हाइट बढ़ाने का कार्य हुआ। खड़ीन के माध्यम से खेती करने वाले किसान प्रकाष राम बरमसर ने बताया कि वर्षों से पानी के साथ बह कर आई मिट्टी जमा होने और मिट्टी के बांध की हाइट कम होने से पानी कम रुकता था। बांध की हाइट बढ़ाने से 100 परिवारों के पिछले साल रबी की फसल अच्छी हुई है। खड़ीनें खेती के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण का पमुख केंद्र भी रही है। देसी जीव-जंतुओं व पक्षियों के अतिरिक्त साइबेरियन क्रेन एवं प्रवासी पक्षी इन खड़ीनों में डेरा डालते हैं तथा यहां के इक्को सिस्टम को मजबूती प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त जन-वन एवं विद्यालयों में किचन गार्डन न केवल नवीन गतिविधियां है बल्कि आज के संदर्भ में जरूरी भी है जिनको बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

आप का नजरीया

# वासना और उपासना

**यह** सच है कि पैदा होना, बड़े होना, बूढ़े होना और मर जाना हमारी नियति है। सभी जीवित प्राणियों में नर और मादा के मिलन से नई पीढ़ी का जन्म होता है। इसे बनाए रखने के लिए प्रकृति ने नर और मादा में पारस्परिक आकर्षण पैदा किया और यह भी सुनिश्चित किया कि दोनों एक-दूसरे के बिना खुद को अधूरा महसूस करें। जब प्रकृति का प्रावधान ऐसा है कि नर और मादा एक-दूसरे पर निर्भर हैं तो यह सोचना बेमानी है कि जीवन में वासना नहीं होगी। वासना के कई रूप हैं। इच्छाएं, लालसाएं, लालच, ईर्ष्या, क्रोध, डर, उदासी, पछतावा आदि भावनाएं वासना का ही रूप हैं, परंतु वासना का सर्वाधिक मुखर रूप नर और मादा का मिलन है, सहवास है। पशु-पक्षियों में नर और मादा के मिलन का समय नियत है। यही नहीं, पशु-पक्षियों में सहवास के लिए स्वीकृति का अधिकार मादा के पास है, यानी, मादा की सहमति के बिना सहवास संभव नहीं है। यही कारण है कि पशुओं की बहुत सी प्रजातियों में नर आपस में युद्ध करते हैं और विजेता नर अपने समूह की सभी मादाओं का स्वामी बन जाता है। मजेदार बात यह है कि पशुओं की किसी भी प्रजाति में यह मुकाबला या युद्ध मादाओं में कभी नहीं होता। जो नर विजेता रहता है, वह सभी मादाओं का स्वामी हो जाता है और सभी मादाएं उस नर को सहर्ष स्वीकार कर लेती हैं, बिना किसी संकोच के और बिना किसी ईर्ष्या के। पशु-पक्षियों में सहवास का एक निश्चित मौसम होता है और एक सामान्य तौर से निश्चित उम्र होती है। मानव जाति पर ऐसा कोई बंधन नहीं है। एक महिला और पुरुष जब भी चाहें, जिसे भी चाहें, जिस उम्र में भी चाहें, दोनों में सहमति हो तो वे सहवास कर सकते हैं। उन पर कोई और बंधन नहीं है। मानव जाति पर सहवास के समय को लेकर, मौसम को लेकर, यहां तक कि स्वीकृति को लेकर भी कोई बंधन नहीं है। यही कारण है कि मानव जाति में छोटे बच्चों का शारीरिक शोषण और महिलाओं के साथ बलात्कार जैसी दुभाग्यपूर्ण और दुखद घटनाओं का जन्म हुआ। मानव जाति में एक और अंतर यह भी है कि मादा सिर्फ मादा ही नहीं है, महिला भी है, औरत भी है और उसका अपना दिल और दिमाग भी है। वह स्वयं भी किसी पुरुष के प्रति आकर्षित हो सकती है और मिलन के लिए पहल भी कर सकती है। देश, काल और समाज की रीतियों के मुताबिक किसी पुरुष की कई पत्नियां या प्रेमिकाएं हो सकती हैं या किसी महिला के कई पति या प्रेमी हो सकते हैं। प्रकृति का नियम है कि विपरीत लिंग का आकर्षण, सहवास का सुख, परिवार में रहने से सुरक्षा का अहसास और परिवार बढ़ाने की इच्छा जैसे कई कारण हैं जो मानव जाति को सहवास के लिए प्रेरित करते हैं। लब्बोलुबाब यह कि सहवास इस सृष्टि का एक अनिवार्य 'कर्म' है और इससे मुंह चुराने का कोई कारण नहीं है। भारतवर्ष में एक हजार साल की लंबी गुलामी के समय महिलाओं पर हुए अत्याचार के कारण महिलाओं को पर्दे में रखने की प्रथा अस्तित्व में आई, लेकिन उसका दुष्परिणाम यह भी हुआ कि 'सभ्य' कहे जाने वाले समाज में महिलाओं की स्वतंत्रता और उनके अधिकारों पर अंकुश लगा, वे आर्थिक रूप से परतंत्र हो गईं, पीढ़ी दर पीढ़ी महिलाएं और ज्यादा दब्बू होती चली गईं और अंततः वे लगभग हर मामले में पुरुषों पर निर्भर हो गईं।

# मोटे अनाज के उत्पादन से आय होगी दुगुनी : अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र में मोटे अनाज के उत्पादन एवं उत्पादन क्षेत्र को बढ़ाने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में मुख्यि अतिथि के रूप में अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी श्रीमती निकहत प्रवीन ने भाग लिया। प्रशिक्षण में उन्होंने कहा कि मोटे अनाज के उत्पादन एवं क्षेत्र बढ़ाने के लिए सरकार के द्वारा किसानों को 3000 रूपया प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दिया जायगा। उन्होंने किसानों को सरकार के द्वारा चलाये जा रहे मोटे अनाज की योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण में वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ रंजय कुमार सिंह ने किसानों को बताया कि खरीफ मौसम में जून जुलाई का महीना मोटे अनाज की बुवाई के लिए सबसे उत्तम समय माना जाता है। मोटे अनाजों में अहम स्थान रखने वाले बाजरा ज्वार, मडुआ, कंगनी, कोदो, चीना आदि की बुआई का यह सही वक्त है‍ढ्ढ इसकी बुवाई जून के अंत और जुलाई के शुरुआत में होती है। मोटे अनाज यानी श्री अन्न फाइबर, प्रोटीन, विटामिन और खनिजों से भरपूर होते हैं। प्रशिक्षण में शिवेन्द्र कुमार दूबे ने प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि इसकी खेती के लिए सबसे पहले किसान ऐसे खेत का चयन करें जहां जलजमाव की स्थिति न हो, जलजमाव वाले इलाके में मोटा अनाज की खेती को नुकसान हो सकता है। बाजरा की खेती के लिए 6 से 7 की पीएच रेंज वाली अच्छी जल निकासी वाली मिट्टी उपयुक्त है, बुवाई से पहले खेतों में लगे खरपतवार को साफ करने की जरूरत होती है। प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के दौरान प्रखण्ड तकनिकी प्रबंधक सुधीर कुमार सिंह ने मोटे अनाज के खेती से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। उन्होने बताया कि खेतों को तैयार करने के बाद अब बारी है बुवाई करने की ऐसे में बीज का सही चयन बेहद जरूरी होता है‍ढ्ढ फसल से अधिक उपज के साथ उच्च गुणवत्ता के लिए जरूरी है कि किसान सही बीज का चयन करें‍ढ्ढ बाजरे की बुवाई या तो छिटक कर या सीधी लाइन बुआई विधि से की जा सकती है। कार्यक्रम में चतरा जिले के विभिन्न प्रखण्ड के करीब 140 किसान उपस्थित थे। कार्यक्रम में चतरा जिले के सभी प्रखण्ड तकनिकी प्रबधक, सहायक तकनिकी प्रबंधन एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, के उपेन्द्र कुमार सिंह, जुनैद आलम, अभिषेक घोष राहुल कुमार प्रजापति आदि उपस्थित थे।



# मनरेगा कुंआ में कार्य करता मजदूर कुआं में गिरा, घायल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखंड क्षेत्र के एदला गांव में कुआं निर्माण में एक मजदूर को कुआं में गिरने से घायल। घायल मजदूर कोमाली महतो को परिजनों ने रेफरल अस्पताल लाया जहां मौजूद चिकित्सक एस आलम ने प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सक एस आलम ने बताया कि मजदूर को कुंआ में गिरने से रीड की हड्डी में काफी चोटे आई हैं आगे जांच किए वगैर कुछ खा नहीं जा सकता ।हो सकता है कि रेफर भी किया जा सकता है। उक्त घायल मजदूर एदला गांव के कोमाली महतो है। जो एदला हीं गांव के बबलू कुमार का मनरेगा कुंआ में कार्य कर रहा था। घायल मजदूर के परिजनों ने बताया कि उक्त निर्माणधीन कुंआ के पास ना मेठ मौजूद रहते हैं ना मेडिकल किट रहता है और ना समुचित छाया न पीने का पानी रहता है। वैसे में मनरेगा योजना को अपनी मनमानी योजना बना दिया गया है। वहीं एदला पंचायत के उपमुखिया एवं वार्ड सदस्यों ने शिकायत किया है कि मनरेगा योजना के अंतर्गत प्रत्येक कुआं में पांच प्रतिशत कमिशन के रूप में लिया गया है और बाकी लोगों से मांगा जा रहा है। जिसे लेकर अनुमंडल पदाधिकारी को लिखित शिकायत कर चुकी हूं। आपको बता दें कि मनरेगा योजना को मनमानी योजना बना दिया गया है। जिस खेल में रोजगारसेवक, पंचायत सेवक, बीपीओ आदि लोग शामिल है। जिसका नतीजा है की किसान सही से कुंआ निर्माण नहीं कर पा रहे हैं। हैरत वाली बात है कि एदला पंचायत में हीं इसी वर्ष कुआं निर्माण कर चारों तरफ से घर निर्माण किया जा किया जा रहा है। वैसे में यह जांच का विषय है। आखिर कुआं किसानो को पानी पटावन के लिए स्वीकृति मिलती है ना कि चारों तरफ घेर कर घर बना देने के लिए।

## ब्लॉक कंप्यूटर ऑपरेटर मो बदरुद्दीन के नाम से किया जा रहा है साइबर ठगी



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय सिमरिया के कंप्यूटर ऑपरेटर मो बदरुद्दीन के नाम पर इन दिनों जम कर साइबर ठगी किया जा रहा है। जहां ठगी किए गए लोगों ने ब्लॉक ऑपरेटर मो बदरुद्दीन को शिकायत कर कहा जा रहा है कि आपके नाम से योजना का लाभ देने को लेकर ओटीपी मांगा गया था मैं दे दिया और मेरे खाते से रुपए निकासी कर ली गई। वैसे में मो बदरुद्दीन ने आम प्रखंड वासियों से कहा है कि यदि कोई भी मेरे नाम से किसी भी तरह का योजना का लाभ बता कर आपका ओटीपी या अन्य कागजात मांगा जाता है तो आप अविलंब सिमरिया थाना को सूचित करें। जबकि यह कारनामा साईबर क्राइम लोगों का है। मेरे द्वारा किसी तरह का कोई कागजात ना ओटीपी नहीं मांगा जाता है। ठगी के शिकार व्यक्तियों ने बताया कि मोबाइल नंबर 7026811469 एवं 9589953299 से फोन किया जाता है। और योजना का लाभ दिलाने के नाम पर ठगी करता है। जिसकी शिकायत मैं सिमरिया थाना को लिखित आवेदन में कर चुका हूं।

## बदले गए थाना प्रभारी चंदन कुमार राजनीतिक पार्टियों से मिलकर पुलिस प्रशासन पर बना रहें है दबाव

**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा जिला नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से जहां एसपी विकास पांडेय ने नक्सलियों को सफाया करने में दिनों दिनों कामयाबी हासिल कर रहे हैं। वहीं नक्सलियों को एसपी विकास पांडेय के नाम से पसीने छूट रहे हैं साथ हीं इनके नाम से छुपने को मजबूर हो रहे हैं या हथियार छोड़ सही रास्ते पर चलने को मजबूर है।वहीं कुछ राजनीतिक पार्टियां अपने हिसाब से चतरा जिला को चलाना चाहते हैं।जिससे किसी भी वक्त कहीं भी पुलिस प्रशासन को बड़ी नुकसान होने की संभावना बन सकती है। हाल के हीं कुछ दिनों में ताना बाना रचने वाले चर्चित थाना प्रभारी ने इतना कुकर्म किए है की पुलिस प्रशासन की भद पीट गई है। उन्हे लगा की कम समय में ज्यादा लूट का छूट कर साम्राज्य स्थापित कर लेना है। जिसके कारण वरीय पुलिस पदाधिकारीयों के पास शिकायत की फेहरिस्त लग गई थी।चर्चित व ट्रांसफर किए गए थाना प्रभारी को अपना किए हुए कुकर्म पर पछतावा नहीं है और ना ग्लानि है।नाराज एक पूर्व सिमरिया थाना प्रभारी के द्वारा ईमानदार एवं निष्पक्ष पुलिस कप्तान के विरुद्ध चौक चौराहे पर शिकायत की झड़ी लगाते हुए बदनाम करने एवं राजनीतिक धौंस देते चल रहे है। ऐसे में संविधानिक पद और गरिमा को तार तार किया जाना असोभनीय एवं कर्तव्यहीनता का परिचय है।

# बकरीद पर्व को लेकर संपन्न हुआ शांति समिति की बैठक




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** थाना में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख अनिता यादव ने किया। संचालन थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता में किया।बैठक के उपरांत सभी अपना अपना परिचय दिए। बैठक में कई लोग अपना अपना मंतव्य दिया। साथ हीं सुरक्षा को लेकर अपनी अपनी राय भी दिए। बैठक में सुरक्षित तरीके से नमाज अदा करने को लेकर 17 जुन को सुबह कहीं पर 6:30 बजे तो कहीं पर 7:00 बजे नमाज अदा करने की बात कही। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि पर्व शांति पूर्ण तरीके से मनाना है। पुलिस प्रशासन भी सभी जगहों पर लगभग तैनात रहेगी। तथा थाना प्रभारी ने बतलाया कि बकरीद मुस्लिम धर्म के मुताबिक त्याग करना ही श्रेष्ठ है।यह त्यौहार त्यागियों का महत्वपूर्ण है। आगे बतलाइए की पूर्वजों से यह त्योहार मिलजुल कर भाईचारे के साथ मनाते आ रहे हैं। और मनाते रहेंगे। मौके पर उप प्रमुख प्रीतम यादव पंचायत समिति सदस्य प्रियांशु देवी जिला परिषद प्रतिनिधि बालेश्वर यादव मुखिया जगदीश यादव मुस्लिम समाज के प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद कमाल हकीम मियां मेराज अंसारी रियाज मियां रहमत अली जुबेर आलम रियाक्त अली महादेव दांगी लखन दांगी सी रंजय सिंह मुख्य प्रतिनिधि मुकेश साव के अलावे दर्जनों लोग शामिल थे।

# एसडीओ सन्नी राज ने किया रेफरल अस्पताल का औचक निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** अनुमंडल क्षेत्र के एक मात्र रेफरल अस्पताल में अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज ने औचक निरीक्षण किया। जहां हॉस्पिटल की बदहाली पर मौजूद स्वास्थ कर्मियों को खरी खोटी सुनाया और आगे हिदायत दिया कि आने वाला कल को हॉस्पिटल बिल्कुल साफ सुथरा एवं सुविधाएं से लैस रहना चाहिए। चुकी मरीज हॉस्पिटल में ठीक होने के लिए आते हैं ना कि बीमार होने के लिए। वहीं एसडीओ ने बारीकी से पूरे हॉस्पिटल को लगभग 3 घंटे तक निरीक्षण किया। दवा स्टॉक से लेकर हॉस्पिटल व्यवस्था एवं हॉस्पिटल कर्मियों की उपस्थिति तक बारीकी से जांच किया। हालांकि जांच के दौरान कई अनुबंध कर्मी और कमांडो द्वारा बहाल बगैर प्रशिक्षण प्राप्त महिला एवं पुरुष कर्मियों को गैरहाजिर पाया गया। वहीं वैसे कमांडो से बहाल कर्मियों को डिग्री और प्रशिक्षण की जांच किया जाएगा। साथ हीं जांचोपरांत पदमुक्त किया जाएगा। आगे एसडीओ ने सेवानिवृत स्वास्थ कर्मियों को सरकारी आवास खाली करने का निर्देश दिया है।

## पंचायत समिति की हुई समीक्षा बैठक कई विभाग को दिए निर्देश प्रमुख



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को पंचायत समिति की समीक्षा बैठक किया गया।बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख अनीता यादव ने किया। व संचालन बीडीओ राहुल देव ने किया।बैठक में उपस्थित विभाग के कर्मियों से समिति सडक्सयों में विभाग वार समीक्षा कीया।बैठक में नदी घाट से अवैध बालू उठाव व अबुआ आवास का मुद्दा मुख्य रूप से छाया रहा। कथा स्वास्थ्य विभाग में एक्स-रे मशीन बैठने की बात भी उठाई गई जो अब तक नहीं लगा है। वहीं शिक्षा विभाग के प्रति प्रमुख ने नाराजगी जताई। तो कई विभागों से कार्य को लेकर सूची मांगी गई। बैठक में थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता,उप प्रमुख प्रीतम यादव, स्वास्थ्य विभाग, बीपीओ, पंचायत सचिव, आवास कोऑर्डिनेटर समेत अन्य विभाग के गर्मी मौजूद थे।

## तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिरी, चार घायल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** मनिका एनएच-75 पर थाना क्षेत्र के डिग्री कॉलेज के समीप शनिवार की सुबह लगभग 8ः00 बजे सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल हो गये। घटना के संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार एक कार पर सवार चार लोग लोहरदगा से बरवाडीह प्लस टू उच्च विद्यालय में योगदान देने जा रहे थे इसी दौरान डिग्री कॉलेज के समीप कार चालक का नियंत्रण खराब हो गया।कार सड़क से नीचे उतर गई जिससे कार मे सवार सभी चार लोग घायल हो गये। जिसमे हर्ष कुमार मित्तल (22), अंजली कुमारी (30), ओमप्रकाश सिंह (42) तथा अजीत कुमार सिंह (45) शामिल है घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका लाया गया जहां सभी का प्राथमिक उपचार करने के बाद सदर अस्पताल लातेहार रेफर कर दिया गया। लातेहार से भी सभी को इलाज करने के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है।घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा ने सब इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार को पुलिस बल के साथ घटना स्थल भेज कर पूरी जानकारी ली।घटना के बाद घायल के परिजनों को इसकी सूचना दे दी गई।

# अनियंत्रित होकर बोलेरो घर में घुसा, मौके पर ही एक की मौत, चार घायल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** सासाराम रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस में हुए दर्दनाक हादसा का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ की बीती रात्रि सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोने ग्राम में एक और दर्दनाक घटना हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कोने निवासी राजदेव लोहरा अपने परिवार के साथ घर में शो रहे थे कि अचानक अनियंत्रित होकर बोलेरो गाड़ी नंबर सी जी-15डी पी-5743 ने करीब 2 बजे रात्रि में घर को तोड़ते हुए घुस गई जिससे घर पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है । वहीं पर घर में सो रहे राजदेव लोहरा उम्र करीब 45 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई।जबकी तीन गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को ग्रामीणों की मदद से लातेहार सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर के द्वारा मृतक राजदेव लोहरा के पत्नी सकुंती देवी करीब 37 वर्ष, पुत्री आरती कुमारी 18 वर्ष, एवं करमी देवी करीब 45 वर्ष की स्थिति को नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। वहीं कुदनी देवी उम्र करीब 47 वर्ष का इलाज लातेहार के सदर अस्पताल में चल रहा है। इधर हुए इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने लातेहार रेलवे स्टेशन स्थित नौरंग चौक को चार घंटे तक जाम रखा जिससे कि आवागमन पूरी तरह रुक गई। सुचना पाते ही लातेहार सदर थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हां मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझा बूझाकर जाम को हटाया। वहीं मौके पर मौजूद पूर्व मुखिया जुलेश्वर लोहरा ने जिला प्रशासन से मुआवजे कि मांग किया है। आगे उन्होंने बताया कि गाड़ी के मालिक के द्वारा मृतक के दाह संस्कार के साथ-साथ घायलों के इलाज के लिए फिलहाल ?2 लाख दिया गया है और आगे भी मदद करने की बात की गई है। इधर पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।

## औद्योगिक नगरी टंडवा में जे एम एम नेता मनोज चंद्रा ने पानी आपूर्ति का उठाया बीड़ा



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पड़ रहें भीषण गर्मी से टंडवा में पानी के लिए हाहाकार की सूचना पर जे एम एम नेता सह समाजसेवी मनोज चंद्रा ने टंडवा के लोगों के लिए पानी आपूर्ति करने का बीड़ा उठाया है। बताया गया कि टंडवा में एनटीपीसी द्वारा सीमित टैंकर से पानी की आपूर्ति की जा रही थी। परंतु भीषण गर्मी में पानी का हाहाकार मचने पर कई बार लोगों ने एनटीपीसी से टैंकर की संख्या बढ़ाने का मांग किया। जिससे पानी के हाहाकार पर कुछ कमी आ सके। लेकिन एनटीपीसी द्वारा टैंकर का संख्या नही बढ़ाया, और ऊंट के मुंह में जीरा के फोरन जैसे कहावत पानी आपूर्ति हो रहा है। इस औद्योगिक नगरी में भीषण गर्मी में पानी के आपूर्ति के लिए मनोज चंद्रा आगे आए। और भाजपा के गढ़ कहे जाने वाले टंडवा में मनोज चंद्रा द्वारा टैंकर से पानी आपूर्ति शुरू कर दी गई है। इस नेक कार्य के लिए लोगों ने समाज सेवी श्री चंद्रा के प्रति आभार जताया है।

## अविनाश देव ने कुमारी रानी के साथ रांची में लिये सात फेरे

### शादी सामारोह में शामिल हुए कई दिग्गज, दिया आशीर्वाद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** पलामू का एक शख्स कुम्हार पुत्र ने अपने कम उम्र में ही एक ऐसा पहचान बनाई है जो आज दूर दूर तक परिचय का मोहताज नहीं हैं। उन्होंने एक युवा सामाजसेवी के रूप में जो पहचान बनाई है, उसकी महक पुरे राज्य में खुशबू बिखेर रही है। जिन्होंने पलामू में शिक्षा का अलख जगाने के लिए पलामू वासीयों को मंदिर रूपी शिक्षा की मंदिर संत मरियम स्कूल दिया है। मैं बात कर रहा हूं संत मरियम स्कूल का चेयरमैन, तथा प्रजापति सामाज का प्रमंडलीय अध्यक्ष सह माटीकला बोर्ड के सदस्य एवं जेएमएम नेता अविनाश देव का जो शनिवार को दिल्ली की कुमारी रानी के साथ रांची में सात फेरे लेकर अपने जीवन संगिनी के साथ वैवाहिक बंधन में बंध गए। हिन्दू रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह संपन्न हुई। लोग कहते हैं कि शादी कि जोड़ी तो भगवान स्वर्ग में ही बना देते हैं। बनाई हुई परंपरा के साथ एक दिन सभी को गुजरना ही पड़ता है। जिसके माध्यम से अपने प्यार को मजबूत करने का अनुमति मिलती है। वहीं इनके विवाह में अनेकों दिग्गज नेता, मंत्री, मीडिया कर्मियों सभी मित्रजनों ने उपस्थित होकर इनके दिर्घायु जीवन की कामना की एवं जोड़े सलामत रहे इसकी शुभकामनाएं दी।और बड़े एवं गुरुजनों ने वैवाहिक जीवन सुखमय और फलदायी होने का आशीर्वाद दिया। वहीं विवाह के शुभ अवसर पर रविवार यानी आज झारखंड की राजधानी दिबडीह में आयोजित शादी व रिसेप्शन पार्टी काफी भव्य व आकर्षित होने जा रहा है। इसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। निमंत्रण पत्र अविनाश देव ने अपने शुभ चिंतकों, करीबियों और परिचितों को प्रदान कर शादी समारोह में आमंत्रित किया है।

# बेतला नेशनल पार्क की घेराबंदी के खिलाफ ग्रामीणों ने घेरा बेतला रेंज कार्यालय




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** शनिवार को संयुक्त ग्राम सभा के बैनर तले जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व में ग्राम मूरु कुचिला उक्कामाड केड़ गाड़ी के सैंकड़ों ग्रामीणों ने बेतला रेंज कार्यलय का घेराव कर नेशनल पार्क के घेराबंदी को अविलंब बंद करने की मांग की। मौके पर कन्हाई सिंह ने कहा कि वन विभाग द्वारा नेशनल पार्क की घेराबंदी ग्राम सभा पर हमला है वन विभाग गैर कानूनी कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा वन अधिकार कानून में यह स्पष्ट लिखा है कि ग्राम की वन भूमि एवम सामुदायिक वन संसाधन के अन्तर्गत राष्ट्रीय उद्यान भी आते हैं। नेशनल पार्क की घेराबंदी कर ग्रामीणों को उनकी वन भूमि से बेदखल किया जा रहा है। उन्होंने अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर एक सप्ताह में बेतला नेशनल पार्क की घेराबंदी बंद नहीं किया गया तो रेंज कार्यालय तालाबंदी कर सभी कार्य ठप्प कर दिया जाएगा जिसकी पुरी जिम्मेदारी वन विभाग की होगी। वहीं मुरु ग्राम प्रधान रामवृक्ष सिंह, गाड़ी ग्राम प्रधान मदेश्वरी सिंह ने कहा कि ग्राम गाड़ी, मुरू सहित अन्य गांव ने वन अधिकार कानून के तहत सामुदायिक वन पट्टा का दावा किया है। ऐसे में वन विभाग द्वारा ग्राम सभा की सहमति के बिना बेतला नेशनल पार्क की घेराबंदी करना कानून का सरासर उल्लंघन है। मौके पर पर कुचिला मुखिया शत्रुघन सिंह, सुदामा राम एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

## मोटरसाइकिल से गिरकर दो युवक घायल एक रिम्स रेफर

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ-लातेहार मुख्य पथ पर शनिवार को ओलहेपाट ग्राम के समीप मोटरसाइकिल से गिरकर दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार धर्मेंद्र उरांव 20 वर्ष पिता बुद्धमान उरांव, रमेश उरांव 22 वर्ष पिता फूलचंद उरांव दोनों ग्राम इचाक थाना बालूमाथ निवासी अपने रिश्तेदार के यहां से लातेहार के मंगरा गांव से बालूमाथ की ओर आ रहे थे ।इसी दौरान ओलहेपाट ग्राम के समीप एक तीखे मोड़ में अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल से गिर गए। और गंभीर रूप से घायल हो गए मघटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों घायल युवकों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद धर्मेंद्र उरांव की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

## गारु थाना परिसर में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**गारु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बकरीद का त्यौहार मनाने को लेकर गारू थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक आयोजत की गई।शांति समिति के बैठक की अध्यक्षता गारू अंचल अधिकारी संतोष बैठा एवं थाना प्रभारी सोनू कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। बैठक में जनप्रतिनिधि समाजसेवी, बुद्धिजीवी वर्ग के लोग मौजूद थे।अंचल अधिकारी संतोष बैठा ने कहा कि त्याग एवं बलिदान का त्यौहार बकरीद को शांति सौहाद के साथ मनाएं उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान आपसी भाईचारे और प्रेम का संदेश देते हुए सभी की भावनाओं को सम्मान करें।थाना प्रभारी सोनू कुमार ने कहा कि बकरीद त्योहार के दिन सोशल मीडिया पर पुलिस की नजर रहेगी। भावनाओं को आहत करने जैसे न्यूज़ पोस्ट किसी सोशल मीडिया या सोशल ग्रुप में अफ़वाह नहीं फलाएं ऐसी कोई सूचना मिले तो प्रखंड के जिमेवार अधिकारियों को सूचित करें ताकी सत्यता की जांच की जा सके।

गहरे जलाशयों, झील, झरनों आदि स्थलों पर युवाओं के डूबने की घटना पर उपायुक्त ने चिंता व्यक्त किया है

# गैरजिम्मेवारी पूर्वक असुरक्षित जलाशयों में नहाने से करे परहेज : उपायुक्त

● अभिवावक और स्थानीय ग्रामीण भी ऐसे दुर्घटना वाले क्षेत्रों में युवाओं को जानें से रोकें : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** गहरे जलाशयों, झील, झरनों, तालाबों में प्रतिदिन युवाओं के डूबने की घटना पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने चिंता व्यक्त किया है। उन्होंने सभी जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा है कि झरनों आदि पर नहाने के क्रम में हो रही घटना चिंताजनक है। कई युवा अपनी जान की परवाह किए बगैर हादसे के शिकार हो रहे है। उन्होंने कहा कि बंद पड़े खदानों के जलजमाव, बड़े जलाशयों आदि असुरक्षित जगहों पर जाने और गहरे पानी में नहाने से परहेज करें। स्थानीय लोग अक्सर गर्मी से निजात पाने के लिए ऐसे खतरनाक जलाशयों में गैरजिम्मेवारी पूर्वक गहरे पानी में चले जाते है और हादसे के शिकार को जाते है। उन्होंने पुनः अभिवावकों, ग्रामीणों से अपने घरों के किशोर/किशोरियों/युवाओं को ऐसे जगहों पर जाने से रोकने के लिए कहा है।

# विष्णुगढ़ अनुज्ञप्ति प्राप्त शराब की दुकान में ग्राहकों से एमआरपी से लिया जा रहा अधिक पैसा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** एमआरपी यानी अधिकतम खुदरा मूल्य यानी एक कीमत जो किसी भी सामान के लिए तय की जाती है और ग्राहक उस कीमत को अदा कर सामान खरीदता है। किसी भी सामान पर छपी एमआरपी से अधिक पैसे लेना अवैध माना जाता है। लेकिन विष्णुगढ़ प्रखंड के हॉस्पिटल चौक के समीप स्थित झारखंड सरकार से अनुज्ञप्ति प्राप्त शराब दुकान (अनुज्ञप्ति संख्या 045_COM_HZB_24-25) के द्वारा शराब के मूल्य संबंधित अपना अलग ही कानून चलाया जा रहा है। एक लंबे अंतराल से यानी की फिलहाल जो अनुज्ञप्ति प्राप्त है उसकी शुरुआत से ही इस दुकान के द्वारा एमआरपी से अधिक लगभग हर सामान पर 10 - 20 रूपये अधिक जबरन वसूले जा रहे हैं। बात केवल यहीं तक सीमित नहीं है, यदि कोई ग्राहक इस पर सवाल करता है तो अंदर बैठे दुकानदार बत्तमीजी पर उतर आते हैं। इसके बाद भी ग्राहक एमआरपी दर अदा करने पर अड़ा रहे तो कभी कभी ये दुकानदार झगड़ा करने पर भी उतारू हो जाते हैं। इस मामले को लेकर ग्राहक और दुकानदार के बीच कई बार तू तू मैं मैं हो चुकी है, कई बार ग्राहकों ने इन्हे समझाने की भी कोशिश की है लेकिन इनके द्वारा टेढ़े सुर में एक ही जवाब दिया जाता है की लेना है तो लो वरना सामान उपलब्ध नहीं है। शिकायत की बात कहे जाने पर यहां तक कह दिया जाता है की जो चाहे कर लो। सवाल यह है की एमआरपी से अधिक वसूले जा रहे पैसे आखिर जा कहां रहे हैं? अधिक पैसे वसूली पर इन दुकानदारों को किनका संरक्षण प्राप्त है? आबकारी विभाग इस पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं करती? इस तरह से वसूले जा रहे रूपये सम्पूर्ण तौर पर अवैध हैं, यह सघन जांच का मामला है।

## अतिक्रमण की समस्या पर एसडीओ और फुटपाथ दुकानदार संघ की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शनिवार को गरीब फुटपाथ दुकानदार संघ के साथ एक बैठक एसडीओ ऑफिस में एसडीओ शैलेश कुमार के साथ हुई। श्री कुमार ने अतिक्रमण हटाओ अभियान की जानकारी संघ को दी।फुटपाथ दुकानदारों ने जहां ट्रैफिक की समस्या है वहा से अतिक्रमण हटाने का आग्रह किया।बैठक की अध्यक्षता एसडीओ शैलेश कुमार ने की।बैठक में गरीब फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता,विजय कुमार गुप्ता,रविंद्र महतो, शहादत अंसारी,मो सलीम भाई समेत संघ के कई अन्य सदस्य उपस्थित हुए।

## मंत्री अन्नपूर्णा देवी से मिले भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** समाज सेवी एवं भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने शनिवार को केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें मंत्री बनाए जाने पर बधाई दिया।श्री प्रसाद नें कहा कि उनका राजनीतिक मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। उन्होंने श्रीमती देवी को पौधारोपण कार्यक्रम मे भी आमंत्रित किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि पौधारोपण मुहिम में वे जरूर शामिल होगीं।

## अनियमित एवं बाधित बिजली व्यवस्था को लेकर सांसद मनीष जायसवाल ने बिजली अधिकारियों संग की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा क्षेत्र में प्रचण्ड गर्मी के बावजूद व्याप्त बिजली की आंख-मिचौली और अव्यवस्था को लेकर हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल ने जनहित में पहल करते हुए शनिवार को लोकसभा क्षेत्र के हजारीबाग और रामगढ़ के बिजली विभाग के वरीय अधिकारियों के साथ अपने हजारीबाग स्थित सांसद सेवा कार्यालय सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक कर क्षेत्र में बिजली कटौती की समस्या और बिजली से संबंधित अव्यवस्था के त्वरित समाधान का दिशा-निर्देश दिया । उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों से संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती, शहरी क्षेत्र में लो वोल्टेज, विद्युत व्यवस्था के सुधार हेतु अतिरिक्त ग्रीड निर्माण की दिशा में पहल करने, विभिन्न क्षेत्र में जले हुए ट्रांसफार्मर को अविलंब बदले जाने, नए बस्तियों में तत्काल विद्युतीकरण कराने, आवश्यकता अथवा उपभोक्ता की व्यवस्था के अनुसार क्षेत्र में ट्रांसफार्मर को अपग्रेड करने जैसी समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए इसे गंभीरता से लेकर पहल करने का दिशा- निर्देश दिया। मनीष जायसवाल ने बताया की बिजली कटौती और लो वोल्टेज के साथ बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की मनमानी की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है जिसे लेकर रामगढ़ और हजारीबाग जिले के संबंधित अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित कर जनहित में कई सुझाव दिए गए हैं अगर जल्द स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो आगे की रणनीति बनाकर कार्य करेंगे ।मौके पर बिजली विभाग के जीएम दिनेश कुमार सिंह, इएसई हजारीबाग अशोक कुमार उपाध्याय, इएसई रामगढ़ संतोष कुमार सिन्हा, ईई हजारीबाग अंगेश कुमार, ईई रामगढ़ देश राज, ईई कुजू नवलेश कुमार, एसडीओ हजारीबाग सौरभ लिंडा, एसडीओ रूरल अरविंद कुमार, एसडीओ महेश प्रजापति सहित कई अधिकारी शामिल हुए ।

## भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने को लेकर साइकल यात्रा कर करेंगे पीएम मोदी से मुलाकात : रामप्रसाद




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया ।** टाटीझरिया प्रखंड के जीप सदस्य रामप्रसाद उर्फ कंपनी झरपो गांव निवासी ने कहा की प्रखंड मुख्यालय से मनरेगा,पीएम आवास , आबूवा आवास ,अंबेडकर आवास ,जमीन म्यूटेशन , कई सरकारी विद्यालयों में पढ़ाई के साथ साथ छात्र छात्राओं को दी जाने वाली मध्याह्न भोजन में पौष्टिक भोजन को मात्रानुसार नही देना,प्रखंड परिसर में बिचौलियो को बढ़ावा देना तथा जिला से आए टाटीझरिया प्रखंड के पंचायतों में डीएमएफटी विभाग से सड़क योजना का कार्य सिर्फ उद्घाटन कर खाना पूर्ति करना,सिंचाई ,पेयजल भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने समेत अन्य जन समस्याओ को लेकर जिम्मेवार नागरिक के कर्तव्य निभाने के तहत अपने निवास स्थान झरपो से 30 जून दिन गुरुवार को सुबह 6 बजे साइकिल चलाकर भ्रष्टाचार के खिलाफ /विरुद्ध हजारीबाग से बरही मुख्य मार्ग होते हुए नई दिल्ली सांसद भवन माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने की बात कही है।

## खतियानी परिवार की हुई बैठक



**हजारीबाग :** खतियानी परिवार की बैठक हजारीबाग धरना स्थल के समीप अशोक राम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में झारखंड आन्दोलनकारी रफत हसन के अचानक मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया गया। वो अपने पीछे पत्नी और एक बच्ची को छोड़ गये।घरेलू हालत पहले से काफी खराब थी।बैठक में सरकार से उनकी बच्ची को सरकारी नौकरी देने एवं उनकी पत्नी को आन्दोलनकारी पेन्शन हस्तांतरित करने की मांग की गई।बैठक में सईद अहमद,बोधी साव, सुबोध कुमार, शम्भू ठाकुर, बिन्दू देवी, दुलारी देवी, आशा देवी, सुरेश महतो, मो. हकीम,अमर कुमार, रामावतार भगत, मो. साबिर, महेश विश्वकर्मा, बाबु भाई विद्रोही समेत अन्य साथी उपस्थित थे।

## कामरेड नागेश्वर मंडल की 13 वीं पुण्यतिथि पर लोगो ने किया नमन



**विष्णुगढ़ :** भाकपा माले के दिवंगत वरिष्ठ नेता नागेश्वर मंडल का 13 वां स्मृति दिवस शुक्रवार को बरांय गांव के अम्बेदकर नगर (हरिजन टोला) स्थित सामुदायिक भवन में मनाया गया।कामरेड नागेश्वर मंडल की याद में दो मिनट का मौन रखकर उनको विनम्र श्रद्धांजलि उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प दोहराया गया। इसके पश्चात कामरेड नागेश्वर मंडल के वृत चित्र पर

**बारी-बारी से माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।** स्मृति दिवस पर बोलते हुए भाकपा माले विष्णुगढ़ प्रखण्ड सचिव जानकी शर्मा ने कहा कि नागेश्वर मंडल हमेशा सामाजिक-राजनीतिक कार्यों में आगे रहते थे।बराय-नौवाडीह समेत आस-पास के इलाकों में एक दौर में ग्रामीण गरीबों,कमजोरों और वंचितों को गोलबंद व संगठित करने में उनकी अग्रणी भूमिका रही है।उनके हक-अधिकार की लड़ाई में वे हमेशा स्मरणीय रहेंगे।उनके रास्ते को और भी मजबूत करने का संकल्प ही नागेश्वर मंडल के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।मौके पर श्री शर्मा ने बीते लोकसभा चुनाव में बराय-नौवाडीह इलाके से भाकपा माले को मिले समर्थन के प्रति आभार व धन्यवाद भी व्यक्त किया। इस मौके पर मुख्य रूप से माले राज्य कमिटी सदस्य पवन महतो,पूर्व जिप सदस्य पूनम महतो,पंसस प्रतिनिधि मनोज प्रसाद मंडल, मुखिया राजेन्द्र मंडल, उप मुखिया शाहिद ,घनश्याम पाठक, भोला सिंह,विवेक मंडल,समाजसेवी ललिता कुमारी,संजय बंगाली, रोहित मंडल, माणिक चंद मंडल,रामेश्वर रविदास, विनय मंडल,दिलीप मंडल,अजित कुमार,संजय रविदास,जयचंद रविदास,प्रीतम महतो,नितेश कुमार (गोपू),हीरालाल रविदास,योगेंद्र रविदास समेत कई अन्य उपस्थित रहे।

## बकरीद को लेकर थाना परिसर में शांति समिति बैठक आज

**बड़कागांव :** बकरीद त्यौहार को लेकर शांति समिति का विशेष बैठक आज रविवार को बड़कागांव थाना परिसर में आयोजित किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने दी है। उन्होंने सभी समुदाय तथा सभी पंचायत के प्रबुद्ध नागरिक जनप्रतिनिधि को रविवार शाम 4:00 बजे बैठक में शामिल होने की अपील की है।

## श्री श्री 108 एकादशी व्रतोद्यापन सह श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ को लेकर निकला कलश यात्रा

यज्ञ किसी व्यक्तिगत आस्था का नहीं बल्कि सामूहिक विचारधारा और विश्वकल्याण की भावना का प्रकटीकरण है : मनोज यादव


पूर्व विधायक मनोज यादव हुए शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड के बेन्दगी पंचायत अंतर्गत पोड़ैया गांव में श्री श्री 108 एकादशी व्रतोद्यापन सह श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन मसोमात गौरवा देवी पति स्व. प्रभु यादव के द्वारा पांच दिवसीय यज्ञ का आयोजन किया गया है। यज्ञ के पहले दिन कलश यात्रा निकाला गया। कलश यात्रा में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव मुख्य रूप से शामिल हुए। पूर्व विधायक श्री यादव ने महिला को कलश देकर विदा किया। पूर्व विधायक ने एकादशी उद्यापन के पावन अवसर पर एकादशी व्रत धारण करने वाले सभी भक्तगणों पर ईश्वरीय कृपा होने हेतू क्षेत्र की सुख शांति और समृद्धि की कामना किए। कलश पोड़ैया जवाहर घाट पर जलाभिषेक कर पुनः यज्ञ मंडप पहुंचा। इस दौरान पूर्व विधायक मनोज यादव ने यज्ञ के औचित्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आस्था हमारे धर्म का जीवन पद्धति है। हम यज्ञ के माध्यम से अपनी बुराइयों को त्यागकर अच्छाइयों की ओर अग्रसर होने लगते हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को प्रेरित करते हुए सन्देश दिया कि हम अपनी सांस्कृतिक और धार्मिक भावनाओं का प्रकटीकरण इन्हीं माध्यमों से कर पाते हैं। इसमें लोक कल्याण और सामाजिक उत्थान की भावना सर्वोपरि होती है। उन्होंने यज्ञ की पारंपरिक कर्मकांडों की चर्चा करते हुए कहा कि यज्ञ किसी व्यक्तिगत आस्था का नहीं बल्कि सामूहिक विचारधारा और विश्वकल्याण की भावना का प्रकटीकरण है। उन्होंने यज्ञ में शामिल महिला श्रद्धालुओं का अभिनंदन करते हुए उनकी जीवन पद्धति को भी एक यज्ञ की भाँति अनुकरणीय बताया। यज्ञ मंडप पर पहुंचकर अनुष्ठान के पारंपरिक रीतिरिवाजों का अनुसरण किया और यज्ञाचार्यो का आशीर्वाद प्राप्त कर विश्वकल्याण की कामना की। यज्ञ महेंद्र यादव, संगीता देवी, सुरेंद्र यादव, कविता देवी, भुनेश्वर यादव, मालती देवी के सौजन्य से किया जा रहा है। बतौर प्रवचनकर्ता वृन्दावन से चलकर आये बालब्याश शुभम पाण्डेय द्वारा किया जाएगा। यज्ञाचार्य वाराणसी के रहने वाले पंडित अंकित पाण्डेय शास्त्री कर रहे है।मौके पर स्थानीय मुखिया सिकंदर राणा ,भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अमित साहू ,जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता ,पसस प्रतिनिधि झमन यादव ,,महेश यादव सहित सैकड़ों श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे ।

## आईसेक्ट विश्वविद्यालय में म्यूजिक व डांस की कक्षाएं 21 जून से शुरू

निःशुल्क रजिस्ट्रेशन कराकर विद्यार्थी कक्षाओं में हो सकते हैं शामिल


डॉ मुनीष गोविंद, कुलसचिव, आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आईसेक्ट विश्वविद्यालय म्युजिक और डांस में रूचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए सुनहरा मौका लेकर आया है। दरअसल संध्याकालीन म्यूजिक एवं डांस की कक्षाएं शुरू की जा रही है, जिसकी शुरुआत आगामी 21 जून से होगी। उक्त जानकारी आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने दी और बताया कि सप्ताह में शनिवार और रविवार दो दिन शाम 3 बजे से 6 बजे तक कक्षाएं संचालित होगी, जिसमें निः शुल्क रजिस्ट्रेशन कराकर विद्यार्थी कक्षाओं में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि म्युजिक और डांस में रूचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए यह सुनहरा मौका होगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल क्लासिकल म्यूजिक, लाइट म्यूजिक, बॉलीवुड सॉन्ग, क्लासिकल डांस, सेमी क्लासिकल डांस व बॉलीवुड डांस का प्रशिक्षण विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की प्राध्यापिका कुमारी सीमा के माध्यम से दिया जाएगा। वहीं प्राध्यापिका कुमारी सीमा ने कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थीयों को डांस और म्यूजिक की बारीकियों से अवगत तो कराया जाएगा ही, साथ ही उचित प्लेटफार्म प्रदान कर इनके प्रतिभा को निखारने की भी पूरी कोशिश होगी। इच्छुक विद्यार्थी मटवारी, गांधी मैदान स्थित आईसेक्ट विश्वविद्यालय के सिटी कार्यालय में आकर इस बाबत विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## हजारीबाग में भाजपा की हुई समीक्षात्मक बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा चुनाव संपन्न होने के पश्चात् भाजपा द्वारा आयोजित लोकसभा स्तरीय समीक्षात्मक बैठक के निमित हजारीबाग पंहुचे झारखंड प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष सह चंदनकियरी विधायक अमर कुमार बाउरी और भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल ने पैराडाइस रिसॉर्ट सभागार में मुलाकात की और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में उनका स्वागत किया। झारखंड प्रदेश के भाजपा विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी और भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने मनीष जायसवाल के प्रचंड जीत पर उन्हें बधाई दिया और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के समस्त एनडीए कार्यकर्ताओं और मतदाताओं के प्रति आभार जताया ।

## सेवा सहयोग समिति के कार्यालय का दारू में हुआ उद्धघाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारु :** सेवा सहयोग समिति की पहल पर दारु में एक नया प्रखंड कार्यालय खोला गया है। शनिवार को रंजीत सिन्हा के व्यवसायिक भवन में इस कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के संयोजक अरविंद सहाय और पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी पुष्पा सिन्हा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। अरविंद सहाय ने अपने संबोधन में कहा कि समिति के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा का सपना है कि सुदूर गांवों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। चाहे वह समस्या स्वास्थ्य से जुड़ी हो, पेयजल की हो या चपाकल की, सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। समिति ने घोषणा की है कि किसी भी प्रकार की समस्या के लिए दारु कार्यालय के प्रभारी रंजीत कुमार सिन्हा के पास आवेदन जमा किए जा सकते हैं। आवेदनों के आधार पर समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, दारु प्रखंड के प्रत्येक पंचायत में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में लोगों के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच की जाएगी और उन्हें उचित चिकित्सीय परामर्श भी दिया जाएगा। उद्घाटन समारोह में कई गणमान्य लोग उपस्थित थे जिनमें ओम प्रकाश कुशवाहा, इंद्रजीत सिन्हा, इंद्रदेव कुशवाहा, नागेश्वर कुशवाहा, अमित कुमार भैया, हृदय सिन्हा, भैया अखिलेश, प्रमोद पासवान और कबिलासी की पूर्व मुखिया राखी कुमारी, बबीता कुमारी, ममता कुमारी, रिंकी देवी, सारिका देवी, कविता देवी, बुधनी देवी, शीला देवी शामिल थे।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही थाना परिसर में शनिवार संध्या बकरीद पर्व को शांति पूर्वक मनाने को लेकर शांति समिति का बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सीओ रामनारायण खलको एवं संचालन थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने किया। बैठक में दोनों समुदाय के दर्जनों लोग मौजूद हुए। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने कहा कि कुर्बानी का त्योहार बकरीद आपसी सौहार्द और भाई चारे के साथ मनाएं। साथ ही किसी तरह की भड़काऊ पोस्ट सोशल मीडिया पर पोस्ट ना करें। उन्होंने कि किसी भी धर्म को आहत करने वाली पोस्ट सोशल मीडिया पर बिल्कुल भी शेयर ना करें जिससे आपसी सौहार्द ना बिगड़े। साथ ही कहा कि बकरीद के दिन जो भी वेस्टेज है उसे एक गड्ढा बनाकर डालें। सीओ रामनारायण खलको ने भी बरही वासियों से बकरीद को शांति वा सौहार्द के साथ मनाने की अपील किया। साथ ही साथ उन्होंने सभी से बकरीद के दिन पौधा लगाने के लिए भी अपील किया।

## विष्णुगढ़-गोमियाँ मार्ग हॉस्पिटल चौक पर अतिक्रमण की वजह से फंसी एम्बुलेंस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय में हॉस्पिटल चौक में सड़क के किनारे अतिक्रमण से जहाँ अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है,और गाहे-बगाहे जाम भी लग जाता जिस वजह से मुसाफिरों को परेशानी झेलनी पड़ती है।विष्णुगढ़ सीएचसी एवं प्रखण्ड कार्यालय के कारण दूर-दराज के गांवों से लोगो का आना जाना होता है,जिससे इसके आसपास काफी भीड़ जमा रहती है। सड़क के किनारों पर दुकानदारों द्वारा काली सड़क के नजदीक सटा कर दुकान लगाने की वजह से जाम लगना आम हो गया है।हद तो तब हो गई जब विष्णुगढ़ सीएचसी की एम्बुलेंस मरीज को बेहतर उपचार हेतु हज़ारीबाग ले जा रही थी,तब वह जाम में फंस गई। सड़क को अतिक्रमण मुक्त बनाना स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है,परन्तु अभी तक मूकदर्शक बनी हुई है। देखना है,प्रशासन इस जटिल समस्या से जनता को कब मुक्ति दिलाती है।

# रजरप्पा थाना ने घरों व स्कूल में हुई चोरी की घटना का किया उद्भेदन, दो गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** पुलिस द्वारा रजरप्पा थाना क्षेत्र में 9-10 जून की रात तीन घरों व स्कूल में हुई चोरी की घटना का उदभेदन कर लिया गया है। घटना में शामिल चोर और उसके नाबालिक साथी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जबकि चोर के बयान के आधार पर चोरी का सामान खरीदने वाले को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसकी निशानदेही के आधार पर पुलिस द्वारा घरों से चोरी हुए सामान को बरामद कर लिया गया है। यह जानकारी शनिवार को प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार ने दी। उन्होने बताया कि घटना को लेकर रजरप्पा थाना काण्ड संख्या-109/2024, धारा-457/380 भादवि के अंतर्गत अज्ञात चोरों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया। उसी रात्रि राजकीय बुनियादी विद्यालय चितरपुर में जलमीनार में लगे सोलर प्लेट के चोरी कि शिकायत प्राप्त हुई थी। इस संदर्भ में रजरप्पा थाना काण्ड सं0-111/2024, धारा-379 भादवि के अंतर्गत अज्ञात चोरों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कि गई थी । बताया कि पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के द्वारा काण्ड के उद्भेदन, घटना में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं चोरी गये समानों की बरामदगी के लिए अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। यह जानकारी शनिवार को प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार ने दी । बताया कि पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशन में गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए काण्ड के उद्भेन को समातइ तमाम तकनीकी एवं घटनास्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरा का अवलोकन किया गया । अवलोक के उपरांत प्राप्त साक्ष्य के आधार पर दो (02) संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया। पकड़े दोनों संदिग्ध व्यक्तियों से तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पूछ-ताछ किया गया तो दोनों ने अपना अपराध स्वीकार किया। दोनों कि निशानदेही पर घटना में चोरी गए समानो को बरामद किया गया। साथ ही इस घटना में चोरी गए समानों के खरीददार पवन कुमार (उम्र लगभग 33 वर्ष), पिता-धनेश्वर प्रसाद, सा0-चितरपुर (सोनार मुहल्ला), थाना-रजरप्पा, जिला-रामगढ़ को भी चोरी के समानों के साथ गिरफ्तार किया गया है। इस काण्ड में फरार चल रहे दो अभियुक्त के विरूद्ध लगातार गिरफ्तारी हेतू छापेमारी अभियान जारी है।

# पेट्रोल पंप गोलीबारी में शामिल एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** गत 6 जून को शाम 7:50 बजे पतरातू थाना अंतर्गत तालाटांड़ स्थित पेट्रोल पम्प पर फायरिंग की घटना को अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा अंजाम दिया गया था। उक्त काण्ड के उद्भेदन एवं आवश्यक कार्रवाई को लेकर पुलिस अधीक्षक द्वारा अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी पतरातू के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशन में उक्त टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए काण्ड के उद्भेदन हेतु तमाम तकनीकी एवं घटनास्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरा का अवलोकन किया गया। अवलोकन के पश्चात प्राप्त साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त चांद खान उम्र करीब 21 वर्ष, पे0-जमीर खान, सा0-रोचाप, थाना-पतरातू, जिला-रामगढ़ को गिरफ्तार किया गया। यह जानकारी शनिवार को पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार ने प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ के क्रम इनके द्वारा अपराध स्वीकार किया गया तथा घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाईकिल सं0 जेएच24 सी 3143 बरामद किया गया। इस काण्ड में फरार चल रहे अन्य 03 अभियुक्त के विरूद्ध सतत् रूप से छापामारी अभियान जारी है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम व पता:1. चांद खान उम्र करीब 21 वर्ष, पे0-जमीर खान, सा0-रोचाप, थाना-पतरातू जिला-रामगढ़। **बरामद समान** 1. मोटरसाईकिल सं0 जेएच 24 सी 3143 छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातू बिरेन्द्र कुमार राम,पतरातू अंचल, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, पुअनि प्रदीप कुमार रजक एवं पतरातू थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## बिरसा शाखा के रैयतों ने सीएचपी साइलो मशीन का काम तीन घंटे ठप कराया

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नोर्थ उरीमारी परियोजना में बने सीएचपी साइलो मशीन का काम शनिवार को रैयत विस्थापित मोर्चा बिरसा शाखा ने तीन घंटे तक काम ठप कराया। वहीं रैयत विस्थापित मोर्चा के बिरसा शाखा अध्यक्ष पप्पूलाल मांझी के नेतृत्व में एल एंड टी कंपनी में काम ठप कराया गया। वहीं इस मौके पर बिरसा शाखा अध्यक्ष पप्पूलाल मांझी ने कहा कि बिते 8 जुन को बिरसा परियजना पदाधिकारी को एक पत्र दिया गया था जिसमे कहा गया था कि एलएंडटी कंस्ट्रक्शन कंपनी में कार्यरत विस्थापित मजदूरों को यह कह कर कंपनी से निकाल दिया गया था कि हमारे पास अब कोई काम नहीं है। काम बंद हो चुका है। परंतु कुछ दिन बाद काम चालू होने के उपरांत विस्थापित मजदूरों को न रखकर बाहर के मजदूरों को लाकर काम किया जा रहा है। जिसे विस्थापित मजदूर कतई बर्दाश्त नही करेंगे। वहीं बंद करने वालों मे विस्थापित मजदूर राजेंद्र मुंडा,अनिल मांझी,बिनोद मांझी,शाहरुख सोरेन,संतोष करमाली आदि उपस्थित थे। ट्रांसपोर्टिंग काम ठप करने पर सीसीएल प्रबंधक ने रैयत विस्थापितों को आगामी 19 जुन को बैठक करने का आश्वासन दिया गया। इसके बाद ही विस्थापितो ने आंदोलन को वापस ले लिया।



### सौंदा बस्ती व सरिया टोला के ग्रामीणों ने अपने हक अधिकार को लेकर सायल डी परियोजना आरए माइनिंग के काम को किया ठप

**भुरकुण्डा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सौंदा बस्ती सेल संचालन समिति के तत्वाधान में शनिवार को ग्रामीणों ने सयाल %डी% कोलियरी में आउटसोर्सिंग कंपनी आर.ए. माइनिंग का काम ठप करा दिया। विभिन्न मांगों को लेकर ग्रामीणों ने सुबह आठ बजे से कंपनी का काम बाधित कर 10 नंबर माइंस के निकट धरना पर बैठ गए। धरने की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष दयानंद प्रसाद और संचालन सचिव अंबर कुमार ने किया।? वहीं काम ठप किए जाने की सूचना पर सीसीएल बरकासयाल एरिया के एसओपी अजय कुमार, सयाल पीओ सुबोध कुमार, मैनेजर अरशद खान, प्रोजेट इंजिनियर मो. रसूल ने ग्रामीणों को समझाने बुझाने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। खबर लिखे जाने तक ग्रामीण धरने पर बैठे रहे। मौके पर हरिनारायण प्रसाद, मनोरंजन प्रसाद, मंजू देवी, अंजू बाउरी, संजू प्रसाद, अंजू प्रजापति, रेनू देवी, चांदनी देवी, अदिति देवी, राधा देवी, सोमरी देवी, कुलेश प्रसाद, सोनू कुमार, अभिषेक कुमार, गुड्डु बाउरी, पवन बाउरी, मिंटू प्रसाद, मनोरंजन प्रसाद, किसन प्रसाद, संजय गिरी, फुलवा देवी, गीता देवी, आरती देवी, अवंती देवी, पूनम देवी, मंजू देवी बसंती देवी, मीना देवी, देवंती देवी, आशा बाउरी, रीता देवी संदीप कुमार, तिलेश्वर साह के अलावा सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए।



### विद्यानगर में 200 केवी का नया ट्रांसफॉर्मर और आनंद नगर के बंद ट्रांसफार्मर को चालु जल्द करे विद्युत विभाग : नीरज मंडल

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी रामगढ़ नगर सचिव नीरज मंडल के नेतृत्व में शनिवार को वार्ड नंबर 5 , अन्तर्गत विद्यानगर और आनंद नगर के निवासी लोग विद्युत कार्यपालक अभियंता रामगढ़ को एक मांग पत्र सौंपा द्य इस इस मांग पत्र में मुख्य रूप से विद्यानगर में 200 केवी का नया ट्रांसफार्मर लगवाने एवं आनंद नगर के बंद ट्रांसफार्मर को चालू करने हेतु मांग पत्र सौंपा द्य मौके पर आजसू पार्टी के नगर सचिव नीरज मंडल ने कार्यपालक अभियंता से वार्ता की ओर वार्ड नं 5 के विद्यानगर ओर आनंद नगर में हो रही बिजली की समस्या से अवगत कराया द्य और कहा की कई दिनों से बार-बार एक फेज यहां पर उड़ जा रही है जिससे यहां के लोगों को बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है, जिससे लोगों को काफी परेशानी बढ़ गई है रामगढ़ में आपलोगो को नियमित बिजली मिले इसके लिए हम ओर हमारी टीम आपके साथ है द्य मांग पत्र सौंपने वालों में नगर सचिव नीरज मंडल के साथ विद्यानगर निवासी आर प्रसाद, सुरेश प्रसाद, ठाकुर दास, गगन पाठक, अभिषेक भारती, कुंदन कुमार, सुजीत कुमार घोष, पप्पू ठाकुर, नवीन शर्मा मौजूद थे।



### दुर्घटनाग्रस्त रमेश बेदिया की मदद के लिए आगे आए भाजपा नेता धनंजय कुमार पुटूस

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के फुलसराय निवासी रमेश बेदिया का दो महीना पहले एक्सीडेंट हो गया था। जिसमे उन्हें काफी चोट आई थी और उनका पैर टूट गया था। आर्थिक स्थिति ठीक नही रहने के कारण वह अपना इलाज सही से नही करा पा रहे थे और चल फिर नही रहे थे। रमेश बेदिया की इस तकलीफ को समाजसेवी मुकेश तिवारी ने रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी भाजपा नेता धनंजय कुमार पुटूस को बताया एवम सहयोग का आग्रह किया। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए शनिवार की सुबह धनंजय कुमार पुटूस ने सामाजिक संगठन रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के सदस्यों अजय राम , अमर बोदरा , कमल महतो , पंकज सिंह आदि के साथ रमेश बेदिया के आवास पहुंच कर उनका हाल चाल लिया एवं उनके चलने के लिए बैसाखी व अन्य मदद किये। धनंजय कुमार पुटूस ने कहा की जरूरतमंदों की सेवा करना ही सबसे बड़ी सेवा है।



## आर ए माइनिंग कंपनी का सेल संचालन समिति ने काम कराया ठप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के सयाल डि परियोजना अंतर्गत काम कर रही आर ए माइनिंग कंपनी का सौंदा बस्ती सेल संचालन समिति के तत्वाधान में शनिवार को ग्रामीणों ने सुबह आठ बजे से माइनिंग का काम ठप करा दिया। वहीं अपनी विभिन्न मांगों को लेकर समिति ने काम बाधित कर 10 नंबर माइंस के निकट धरना पर बैठ गए। वहीं इस धरने की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष दयानंद प्रसाद और संचालन सचिव अंबर कुमार ने किया। वहीं इस धरना प्रदर्शन में कहा गया कि आर.ए. माइनिंग कंपनी मनमानी कर स्थानीय ग्रामीणो की अनदेखी कर रही है। कंपनी में कुछेक लोगों को ही रोजगार मिला है। जबकि झारखंड सरकार की गाइडलाइंस के अनुसार रोजगार में स्थानीय लोगों की 75 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करना है। वहीं यह भी कहा गया कि कंपनी ग्रामीणों की रोजगार हर हाल में सुनिश्चित कराएं और कंपनी द्वारा कि जा रही हैवी ब्लास्टिंग से ग्रामीणों को हो रहे नुकसान की भरपाई भी अविलंब किया जाए। इसके साथ ही सौंदा बस्ती में सीसीएल द्वारा बिजली व पानी की आपूर्ति भी सुनिश्चित की जाए।काम ठप किए जाने की सूचना पर सीसीएल बरकासयाल एरिया के एसओ इएंडएम अजय कुमार, परियोजना पदाधिकारी सुबोध कुमार, मैनेजर अरशद खान ने धरना पर बैठे ग्रामीणों को समझाने बुझाने का भरकस प्रयास किया।

## संथाल समाज दिशोम माँझी परगना की हुई समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडू :** संथाल समाज दिशोम माँझी परगना का समीक्षा बैठक पंचायत सचिवालय सभागार हेसागढा में दिशोम माँझी बाबा मनोतान मान् फागु बेसरा के अध्यक्षता एवं संचालन दिशोम जोगवा मनोतान मान् एतो बास्के के द्वारा किया गया। संथाल समाज दिशोम माँझी परगना का 28वाँ स्थापना दिवस समारोह पिछले 30 मई 2024 को हेसागढा बुध बाजार फुटबॉल मैदान में मनाया गया। जिसमें झारखण्ड़ प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं असम, बिहार, बंगाल, उडिसा, नेपाल से हजारों कि संख्या में संथाल आदिवासी शामिल हुवें थे। वर्षा के करण पुरुस्कार वितरण नहीं हो पाया था। आज कार्यक्रम कि समीक्षा करते हुए तीर-धनुष प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागी को पुरुष्कृत किया गया और मैट्रीक, इन्टर में प्रथम श्रेणी से पास छात्र-छात्राओं को प्रशास्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। समीक्षा बैठक में कार्यक्रम के सफलता के लिए माँझी, परगना, जोगवा एवं सभी समाजिक कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया। ÷अधिकार के वास्ते संघर्ष के रास्ते÷ के नारा के साथ जल, जंगल, जमीन एवं अपनी भाषा संस्कृति और धर्म के रक्षा के लिए सिद्धू कान्हू के रास्ते संघर्ष को तेज करना है। झारखण्ड में पेसा कानून लागू करने एवं स्वशासन व्यवस्था लागू करना है। समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से मरांग परगना सोनाराम माँझी, सोहोअ माँझी बाबा कान्दो माँझी, गहन बेसरा, नान्हू मुर्मू एवं केन्द्रीय पदाधिकारी और सदस्य शामिल हुए।

## रंगदारी के आरोप में विकास तिवारी गिरोह के एक सदस्य को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** 9 जून को पतरातू थाना निवासी प्रेम पाण्डेय, पिता राम कुमार पाण्डेय, सा0-जयनगर, थाना-पतरातू, रामगढ को विकास तिवारी गिरोह के सदस्य के द्वारा फोन पर रंगदारी की माँग की गई। इस संदर्भ में पतरातू थाना काण्ड सं0-158/2024, दिनांक-14.06. 2024, धारा-385/387 भा0द0वि0 अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशन में उक्त टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए काण्ड के उद्भेदन हेतु तमाम तकनिकि साक्ष्य का अवलोकनपरांत काण्ड के अभियुक्त सुरज साव उम्र 23 वर्ष, पे0-विनोद साव, सा0-दिगवार, थाना-माण्डू (कुज्जू), जिला-रामगढ़ को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ के क्रम इनके द्वारा अपराध स्वीकार किया गया। इस काण्ड में फरार चल रहे अन्य 02 अभियुक्त के विरुद्ध छापामारी अभियान जारी है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम व पताः-1.सुरज साव उम्र करीब 23 वर्ष, पे0-विनोद साव, सा0-दिगवार, थाना-माण्डू (कुज्जू), जिला-रामगढ़, बरामद समानों की विवरणी टेक्नो कंपनी का टच स्क्रीन मोबाईल , रेडमी कंपनी का टच स्क्रीन मोबाईल , थाना प्रभारी, पतरातू थाना , पु0अ0नि0 प्रदीप कुमार रजक , पु0अ0नि0 अजीत कुमार एवं पतरातू थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

## बकरीद पर्व के मद्देनजर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आगामी बकरीद पर्व के मद्देनजर शनिवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक सभी प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों से पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन तथा इस दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर की गई तैयारियों की जानकारी ली जिसके उपरांत उन्होंने सभी को पर्व के दौरान सतर्क रहकर अपने अपने क्षेत्रों में हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। मौके पर उन्होंने पीसीआर एवं पैंथर की टीम को संवेदनशील क्षेत्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करने एवं किसी भी प्रकार की अफवाह सामने आने पर त्वरित इसकी जानकारी कंट्रोल रूम को देने एवं अफवाहों को दूर करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को पूरे पर्व के दौरान अलर्ट मोड पर रहकर कार्य करने का निर्देश दिया। पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी, उपयोग आदि पर पर विशेष ध्यान देने सहित इस संबंध में किए जाने वाले कार्यों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए वहीं जिला पशुपालन पदाधिकारी के द्वारा भी सरकार द्वारा प्रतिबंधित पशुओं के संबंध में जारी दिशा निर्देशों को लेकर आवश्यक जानकारियां दी गई।पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक में असामाजिक तत्वों व सोशल मीडिया पर विशेष धयान देने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने अधिकारियों को सोशल मीडिया एवं विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप पर नजर रखने का निर्देश दिया वहीं किसी भी व्यक्ति के द्वारा सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर संप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने अथवा आपत्तिजनक पोस्ट करने/ शेयर करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च करने के संबंध में भी महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला स्तरीय प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## रामगढ़ शहर की समस्या नगर परिषद में विलय होने के बाद दूर होगी : मनीष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सभागार में शनिवार को नगर परिषद रामगढ़ के कार्यपालक पदाधिकारी मनीष कुमार का चेंबर अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया साथ ही भविष्य में रामगढ़ शहर के सभी वार्ड के नगर परिषद में विलय होने की प्रक्रिया के संबंध में शहर के व्यापारियों एवं आम जनों की शंका को दूर करने के लिए कर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसमें रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा रामगढ़ शहर की समस्याओं से नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनीष कुमार को अवगत कराया गया जिस पर मनीष कुमार ने अपने संबोधन में यह कहा कि रामगढ़ शहरी क्षेत्र का नगर परिषद क्षेत्र में विलय होने के पश्चात यहां की मूलभूत समस्याओं एवं रोजमर्रा की समस्याओं का समाधान किया जाएगा उन्होंने रामगढ़ शहर के प्रतिबंध क्षेत्र के बारे में स्पष्ट रूप से कहा कि इस समस्या का निदान भी नगर परिषद द्वारा शीघ्र किया जाएगा उन्होंने बताया कि नगर परिषद को सरकार के द्वारा किसी भी तरह का कोई आवंटन नहीं मिलता है नगर परिषद का मासिक खर्च लगभग 25 लख रुपए का है जो उन्होंने यही बताया कि एस टी पी के तहत दामोदर नदी के पानी को भी शुद्धिकरण करने की योजना बनाई गई है उन्होंने आगे बताया कि शहर के कचरा यार्ड को भी आधुनिक तरीके से विकसित किया जा रहा है जहां लगभग 276 मेट्रिक टन कचरा जो 7 एकड़ जमीन में फैला हुआ है उसको उपयोग करने की प्रक्रिया भी चल रही है जिससे लगभग 30त्न भूमि खाली हो गई है उन्होंने आगे बताया कि नाला की जो समस्या शहर में हैं उस पर भी योजनाएं बन रही है शहर में बनी ऊंची मंजिलों के बारे में उन्होंने बताया कि इसका शीघ्र ही प्रावधानों के तहत नियमित करने का प्रयास किया जाएगा उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र का छावनी नगर परिषद में विलय होने के पश्चात यहां बच्चों के खेलकूद के लिए मैदान,पार्क, शादी विवाह के लिए मैरिज हॉल, तालाब का सुंदरीकरण आदि सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हमारे द्वारा योजना बनाई जा रही है इसमें शहर के सभी सदस्यों का पूर्ण सहयोग की आवश्यकता रहेगी उन्होंने यह भी बताया कि मेरा कार्यालय रामगढ़ नगर परिषद के प्रत्येक नागरिक के लिए खुला हुआ है,होल्डिंग टैक्स के बाबत उन्होंने स्थिति स्पष्ट की की सर्कल टैक्स के अनुसार ही होल्डिंग टैक्स का निर्धारण किया जाएगा एवं जिस तरह से समस्या आएंगे उनका तुरंत निवारण किया जाएगा अंत में रामगढ़ चैंबर द्वारा उनको स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया मंच संचालन पूर्व अध्यक्ष आनंद अग्रवाल अधिवक्ता द्वारा किया गया जबकि धन्यवाद ज्ञापन चेंबर के उपाध्यक्ष मनजीत साहनी द्वारा किया गया इस अवसर पर चेंबर के मानद सचिव मानू चतुर्वेदी कोषाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह सैनी पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह दुर्गा प्रसाद सिंह अनूप कुमार सिंह पंकज तिवारी कार्यकारिणी सदस्य अमरेश गणक ,अमित साहु, दिलीप कुमार दत्ता, रामगढ़ चैम्बर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री दुर्गा प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष मोश फिरोज, रामगढ़ चैम्बर सेवा ट्रस्ट के पुर्व अध्यक्ष श्री बालकिशन जालान,राजेश आग्रवाल, सुरेश बगड़िया,रामगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स के उपसमिति के कई सभापति और भुरकुंडा एवं गिद्दी से आए कई व्यवसायीगण सम्मिलित हुए।

## लोधमा गांव में धूमधाम से मनाया गया मंडा पूजा महोत्सव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत कुंदरु कला पंचायत के लोधमा गांव में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंडा त्योहार धूमधाम से मनाया गया, इस मौके पर रात्रि में छउ नृत्य संस्कृति कार्यक्रम कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि रघु यादव, विशिष्ट अतिथि शंभू बेदिया एवं बबलू यादव के द्वारा संयुक्त रूप से,सांस्कृतिक कार्यक्रम मंच का विधिवत अतिथियों द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया, मौके पर देर रात पुरुलिया बाघमुंडी एवं बांकुड़ा की कलाकारों द्वारा मुखौटा पहनकर एक से बढ़कर गीत और नृत्य प्रस्तुत किया जिसका आनंद ग्रामीणों ने रात भर खूब लिया,शनिवार के सुबह दर्जनो भोक्ताओं द्वारा लहलहाते आग के अंगारों पर चल कर दी शिव शक्ति एवं आस्था की परीक्षा, तत्पश्चात दर्जनों शिव भक्तों ने 20 फीट की ऊंची झूलन झूलकर भगवान भोले के प्रति आस्था रखा गया, इस मौके पर धनेश्वर यादव भानु यादव प्रकाश यादव गोपाल यादव, मदन यादव,सुरेश यादव, देवनंदन बेड़िया हीरा गोप, शैलेंद्र यादव अरविंद यादव राजू यादव नरेश बेदिया दिलीप यादव, राजू यादव,अजीत यादव, नरेश बेदिया मनोज यादव, गंजलाल यादव,त्रिभुवन बेदिया झरी बेदिया गोपाल यादव ललकु बेदियाआदि दर्जन लोगों का योगदान रहा।

## प्रचंड गर्मी से बचाव के लिए डालसा रामगढ़ द्वारा लोगों के बीच पानी बोतल और ओआरएस पैकेट का किया गया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** चिलचिलाती धूप और बढ़ती तपिश के मद्देनजर झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार कर निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में शनिवार को डालसा रामगढ़ के सचिव, रामगढ़ प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग रामगढ़ के संयुक्त प्रयास से प्रचंड गर्मी को देखते हुए रामगढ़ के विभिन्न चौक चौराहों, ट्रैफिक पुलिस, सब्जी, फल तथा छोटे फुटपाथ विक्रेता, ऑटो ड्राइवर, रिक्सा चालक, दैनिक मजदूर एवं जरूरतमंदों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रामगढ़ के माध्यम से पानी बोतल तथा ह्र्रूस पाउडर का लोगों में वितरण किया गया। गौरतलब हो कि पिछले कुछ दिनों से झारखंड के विभिन्न जिलों में भीषण गर्मी पड़ रही है। लू एवं प्रचंड गर्मी से प्रभावित लोगों को लेकर अलग अलग अखबारों में कई रिपोर्ट प्रकाशित हो रहे हैं। जिस कारण दैनिक मजदूर, खुले सार्वजनिक स्थानों पर काम करने वाले लोग, फूटपाथ पर रहनेवाले छोटे विक्रेता, यातायात पुलिस एवं अन्य लोग प्रभावित हो रहे है। डालसा सचिव अनिल कुमार ने कहा कि बढ़ती गर्मी के कारण कड़ी धूप में काम करने से शरीर में पानी की कमी हो जाती है। गर्मी की वजह से होने वाली बीमारियों से सावधानी से बचा जा सकता है। बचाव के लिए अधिक से अधिक पानी पीना चाहिए। जिससे शरीर में पानी की कमी न हो। पानी की कमी होने से कई तरह की बीमारियां होने का खतरा रहता है।

## विप्र फाउंडेशन संस्था द्वारा झारखण्ड में पदाधिकारियों की घोषणा की गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** विप्र फाउंडेशन जो एक अखिल भारतीय संस्था है तथा लगभग सभी राज्यों में स्थापित एक प्रतिष्ठित संस्था है विप्र फाउंडेशन संस्था द्वारा झारखण्ड के पदाधिकारियों की घोषणा केंद्रीय कार्यालय, विप्र फाउंडेशन के द्वारा की गयी है। जिसमें सीए जे.पी. शर्मा को झारखंड प्रांतीय अध्यक्ष,झारखंड एवं प्रतिष्ठित व्यवसायी अजय दाधीच एवं प्रदीप कुमार शर्मा (रामगढ) , प्रदेश महामंत्री तथा शशांक भारद्धाज प्रदेश कोषाध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। नव निर्वाचित अध्यक्ष सीए जे.पी. शर्मा एवं प्रदीप कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि हम सभी मिल कर विप्र फाउंडेशन के उद्देश्य एवं सामजिक कार्यो को आगे बढ़ाएंगे। विदित हो कि विप्र फाउंडेशन ही वह संस्था है जिसको केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना, अरुणाचल प्रदेश में बनने वाले परशुराम कुंड तीर्थस्थल, में भगवान श्री परशुराम की 54% प्रतिमा लगाने की जिम्मेवारी दी गयी है, जिसका शिलान्यास गृह मंत्री अमित शाह द्वारा किया गया था। विप्र फाउंडेशन अपनी विभिन्न योजनाओ द्वारा समाज में विकास, शिक्षा एवं सामाजिक समरसता हेतु निरंतर कार्यरत है ।

# गंगा दशहरा के अवसर पर नागरिक विकास मंच द्वारा उसरी नदी में नदी का पूजन एवं आरती आज



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह ज़िले में गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर हर साल की भांति इस वर्ष भी नागरिक विकास मंच गिरिडीह द्वारा उसरी नदी के अमित वरदियार छठ घाट शास्त्री नगर में नदी का पूजन एवं आरती का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा । इसकी जानकारी मंच के संयोजक एवं प्रदेश प्रवक्ता ओबीसी मोर्चा भाजपा के सेवानिवृत्त इंजीनियर विनय कुमार सिंह द्वारा बताया गया की आज शाम 5ः00 बजे से उपरोक्त घाट पर पूजा एवं आरती का कार्यक्रम आयोजित है। वही उक्त तिथि को उसरी नदी के बचाव एवं विकास हेतु संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने उक्त अवसर पर गिरिडीह के प्रबुद्ध नागरिक, बुद्धिजीवी एवं जनता जनार्दन से आग्रह किया जाता है कि निर्धारित समय पर पहुंचकर अपनी सहभागिता दे।वही उन्होंने कहा कि नदी के खत्म हो रहे अस्तित्व को देखते हुए उसके बचाव एवं विकास हेतु वर्ष 2018 से ही छह सूत्री मांग यथा नदी में जा रहे गंदे पानी को रोकने को लेकर नदी के ऊपरी भाग में सोकपिट या वॉटर ट्रीटमेंट की व्यवस्था करने, बालू उठाव पर रोक लगाने ,शहर के सतही जल को बरकरार रखने के लिए कई बार विभाग से मिले । वही नदी में छोटे-छोटे 5 या छह छोटे-छोटे छलके , चेक डैम का निर्माण, जोंगिंग पार्क का निर्माण, नदी का सीमांकन कर नदी को अतिक्रमण मुक्त करने एवं पर्यावरण की दृष्टिकोण से वृक्षारोपण आदि मांगों के साथ लगातार प्रयास करने के क्रम में नगर निगम एवं जिला प्रशासन गिरिडीह से प्रतिनिधि मंडल के माध्यम से मौखिक एवं लिखित रूप से अनेकों बार आग्रह किया गया।

## ब्लड डोनेशन कैंप का किया आयोजन, दर्जनों लोगों ने ब्लड डोनेट किया

**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरिया स्थित देवकी हॉस्पिटल में शनिवार को सर्जन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के बैनर तले रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे एक दर्जन से अधिक लोगों ने ब्लड डोनेट किया। वंही ASI झारखण्ड चैप्टर के सचिव डॉ राजेश सिंह ने बताया की स्ढ्ढ का गठन 1938 में स्थापित किया गया है जिसका मुख्यालय चेन्नई है,

आज देश भर में मेगा राष्ट्रीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है जिसका उद्देश्य है कि राष्ट्र के हर कोने के दाताओं को रक्त दान के लिए प्रेरित करें और उन्हें इस महत्वपूर्ण और जीवन बचाने के लिए समर्पित भावना को जागृत करें। डॉ राजेश सिंह ने कहा कि की आज दर्जनों लोगों ने इस आयोजन में भाग लेकर ब्लड डोनेट किया है जिसमे, अजय मोदी, राजेश वर्मा, आदित्य पाण्डेय, पप्पू पाण्डेय, रॉकी, सचिन सिंह समेत दर्जनों लोगो को धन्यवाद देता हूँ।

## स्व. सूर्यदेव सिंह की 33वीं पुण्यतिथि पर लोगों ने दी श्रद्धांजलि



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झरिया का कतरास मोड़ शनिवार को वीर सूर्यदेव सिंह अमर रहे के नारे से गूंज रहा था। जगह-जगह से जन सैलाब उमड़ पड़ा था। ढोल नगाड़े के थाप पर नाचते- गाते लोग पहुंचे थे। उमस भरी गर्मी में लोग अपने आप को इस कार्यक्रम में आने से रोक नहीं पाये। सुबह से लेकर शाम तक लोगों का आना- जाना लगा रहा। दूर दराज से लोग अपने लोकप्रिय विधायक स्व. सूर्यदेव सिंह की 33वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे।कोलियरी क्षेत्रों से पैदल एवं मोटरसाइकिल जुलूस के साथ बारी- बारी से लोगों का पहुंचना अपने आप में एक अलग ही नजारा दिख रहा था। कतरास मोड़ स्थित स्व. सूर्यदेव सिंह चौक से लेकर जमसं कार्यालय और आसपास के क्षेत्र समर्थकों से खचाखच भरा हुआ था। स्व. विधायक की पत्नी कुंती सिंह, बहू भाजपा नेत्री रागिनी सिंह और बेटा सिद्धार्थ गौतम श्रद्धांजलि सभा में लोगों की मेजबानी में स्वयं खड़े थे। सबसे पहले सूर्यदेव सिंह की पत्नी व पूर्व विधायक कुंती सिंह ने श्रद्धांजलि दी। उनके साथ विधायक संजीव सिंह की पत्नी रागिनी सिंह, पुत्री राज नंदनी, पुत्र सूर्यांश, किरण देवी ने भी श्रद्धांजलि दी। इनके साथ धनबाद के पूर्व सांसद पी एन सिंह, विधायक राज सिन्हा पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह, निर्वतमान मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, पूर्व सांसद रविन्द्र पांडेय, भाजपा नेता नंदू अग्रवाल एलबी सिंह सहित अन्य नेताओं ने भी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कतरास मोड़ कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन कर लोगों ने रक्तदान किया। वहीं परिवार के सदस्यों ने पौधारोपण किया। लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई।

# पुलिस ने छापेमारी कर चार शातिर अपराधियों को किया गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के बरारी एक नंबर तलाब के पास शुक्रवार कि रात को अपराधियों के दल द्वारा लूट कि योजना बनाते एवं चोरी व लूट कि सामानों की बंटवारे करने कि योजना बनाने के क्रम में थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने पुलिस बल के साथ छापेमारी कर चार शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर उसके पास से दो लाख रुपया नगद सहित लगभग छह लाख कि सोने चांदी के जेवरात एवं एक मोटरसाइकिल को जब्त किया है। जबकि छापामारी के दौरान कई अन्य साथी रात के अंधेरे में भागने में सफल हो गए हैं। बताते हैं कि अपराधियों के गिरोह ने धनबाद, बोकारो, जमशेदपुर एवं पश्चिम बंगाल के क्षेत्रों में लूट, डकैती व छिनतई कि कई घटनाओं का अंजाम देने के बाद बीती रात को बरारी तालाब के समीप अपराधियों द्वारा लूट कि सामानों कि बंटवारे को लेकर योजना बना रहे थे जिसकी सूचना मिलने पर थाना प्रभारी श्री सिन्हा ने अवर निरीक्षक सुधांशु कुमार, अमीत कुमार, संतान कुमार यादव, अनूप कुमार, कुंदन सिंह आदि पुलिस अधिकारियों एवं शास्त्र पुलिस बल के साथ टीम बनाकर तालाब के समीप अपराधियों कि घेराबंदी कर अपराधियों के सरगना आसनसोल श्रीपुर बाजार निवासी मो नसीम अंसारी सहित बरारी के सद्दाम अंसारी, मो आबिद उर्फ धन्नु अंसारी एवं मुर्शीद उर्फ नौशाद अंसारी को धर दबोचा। जबकि अन्य अपराधी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए।जोड़ापोखर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने शनिवार को थाना में पीसी कर बताया है कि उनकी पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी करने पर चार शातिर अपराधियों कि गिरफ्तारी हुई है जिसका तार कई अपराधिक घटनाओं से जुड़े होने कि बात सामने आई है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार सभी अपराधियों कि कुंडली खंगाली जा रही है। छापामारी में जोड़ापोखर पुलिस ने घटना स्थल से पांच सौ रुपया का चार बंडल दो लाख, दो पर्स से 13 हजार, साढ़े छह सौ ग्राम सोने कि तथा साढ़े पांच सौ ग्राम चांदी के जेवरात सहित एक चोरी कि मोटरसाइकिल, पांच मोबाइल, पांच चांदी के सिक्के, टाइटन कि पांच फास्टट्रेक एवं एक फायर बोल्ट स्मार्ट घड़ी, एक कैमरा जब्त किया है। श्री सिन्हा ने कहा कि अपराधियों के गिरोह का सरगना नसीम है जो अपराध करने के बाद स्थान बदल बदल कर रहता था। अभी वह जमशेदपुर में नाम बदल कर रह रहा था जो छापामारी में पुलिस के हत्थे चढ़ गया, जबकि सद्दाम अंसारी को झरिया, बलियापुर, सुदामडीह, बोकारो थाना कि पुलिस लंबे समय से तलाश कर रही थी। छापामारी में फरार अपराधियों कि पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है। जोड़ापोखर पुलिस कि ओर से अपराधियों के खिलाफ कि गयी इतनी बड़ी कार्रवाई से क्षेत्र के अपराधियों में हड़कंप मच गया है।

# दुष्कर्म पीड़ितों के दर्द बांटने न्यायाधीश पहुंचे आश्रय गृह



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दुष्कर्म पीड़ितों का दर्द बांटने के लिए नयाधीश लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम की टीम के साथ आश्रय गृह पहुंचे।?सरायढेला थाना क्षेत्र स्थित होप हाऊस मे रह रहे 18 पीड़ित बच्चियों से न्यायाधीश राकेश रोशन ने बात की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्हें मिलने वाली तमाम सरकारी सुविधाओं की जानकारी ली तथा डीसीपीओ साधना कुमारी को तत्काल होप हाउस में चिकित्सक की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। वहीं होप हाउस में रह रही चार वर्षीय बच्ची जिसे खंभे में बांधकर बुरी तरीके से गरम रड से दाग दिया गया था। इस संबंध में अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं किए जाने की बात सुनकर न्यायाधीश ने एसएसपी धनबाद से बात की और प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी का निर्देश दिया। न्यायाधीश ने होप हाउस के अधीक्षक पूजा सिंह को निर्देश दिया कि बच्चों का समुचित देखभाल और उन्हें मिलने वाले समूचे सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाए और उसमें किसी भी तरह की परेशानी होने पर अविलंब डालसा को सूचित करें। न्यायधीश ने होप हाउस की व्यवस्थाओं की सराहना की। इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के डिप्टी चीफ अजय, सहायक कांउसिल नीरज गोयल, शैलेन्द्र झा, डालसा सहायक अरूण, पीएलवी अजीत समेत अन्य उपस्थित थे।

# ईद-उल-अजहा पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** शनिवार को गिरिडीह ज़िले के नया नया परिसदन भवन में ईद उल जुहा (बकरीद) पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से उप नगर आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, डुमरी, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी व शांति समिति के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में विधि व्यवस्था के संधारण को लेकर उचित दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही शांति समिति के सभी सदस्यों से सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील की गई। बैठक में उप नगर आयुक्त विशालदीप खलखो ने कहा कि शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाया जाना चाहिए। इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। बकरीद की नमाज के लिए जिले के विभिन्न मस्जिदों में नमाज अदा करने की समय की भी जानकारी दी गई। उन्होंने बकरीद के दिन पूरे शहरी क्षेत्र में साफ-सफाई करने का निर्देश दिया। पेयजल विभाग को निर्देश दिया कि क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था समुचित रखेंगे। बिजली विभाग के अधिकारियों से कहा कि बिजली की व्यवस्था अच्छी रहे, ताकि बकरीद के दिन लोगों को परेशानी नहीं हो।

बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, डुमरी ने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह फैलने पर संबंधित व्यक्ति/पेज / ग्रुप एडमिन पर कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर 24 ङ्ग 7 निगरानी रखी जा रही है। बकरीद के दिन कुर्बानी खुले में ना दी जाए, इसपर विशेष निगरानी रखेंगे। साथ ही कुर्बानी के उपरांत अनुपयोगी चीजों का निपटारा समुचित ढंग से किया जाए, इसका भी विशेष ध्यान रखेंगे। बकरीद के दिन प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी प्रतिनियुक्ति स्थल पर ससमय उपस्थित रहेंगे।

### धनबाद जिला बीस सूत्री के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को मांग पत्र सौंपा

# बिजली, पानी सहित आमजनों के ज्वलंत समस्याओं के निराकरण की मांग की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** शनिवार को धनबाद जिला बीस-सूत्री के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल धनबाद उपायुक्त से मिलकर जिला में व्याप्त बिजली, पानी सहित आमजनों के ज्वलंत समस्याओं के अविलंब निराकारण करने को लेकर मांग पत्र सौपा गया। मौके पर धनबाद जिला 20 सूत्री के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि धनबाद में व्याप्त बिजली, पानी सहित ज्वलंत समस्याओं के अविलंब निराकरण को लेकर धनबाद उपायुक्त से सकारात्मक वार्ता हुई। आगे उन्होंने कहा कि धनबाद जिला में बिजली की व्यवस्था लचर है उसमें सुधार करने के साथ-साथ लोगों को सुचारू रूप से बिजली उपलब्ध कराने की मांग की। आगे उन्होंने धनबाद जिला में व्याप्त पानी की समस्या का निराकरण के साथ खासकर झरिया में पानी की समस्या पर उपायुक्त गंभीर दिखे और उन्होंने आश्वस्त किया कि झरिया में अविलंब पानी की व्यवस्था कराई जाएगी ताकि लोगों को सुचारू रूप से पानी उपलब्ध हो सके। आगे श्री सिंह ने कहा कि जिला के लगभग सभी प्रखंडों में दाखिल खारिज एवं मोटेशन संबंधित कार्यों में पदाधिकारीयों के द्वारा लापरवाही बरती जा रही है।

इस विषय पर धनबाद उपायुक्त ने आश्वस्त किया की इन सभी कार्यो को एक महीना के अंदर निष्पादन करने का निर्देश सभी प्रखंड के पदाधिकारियों को दी जा रही है। मौके पर 20 सूत्री सदस्य मदन महतो, शमशेर आलम, राजू प्रमाणिक, पप्पू कुमार तिवारी, डीएन यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# सोहराय पेंटिंग झारखंड की प्राचीन कला : मुखिया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक ( नाबार्ड ) के सौजन्य से आइडिया गिरिडीह के द्वारा गिरिडीह जिला अंतर्गत जमुआ प्रखंड के केन्दुआ पंचायत के ग्राम पलरा में सूक्ष्म उद्यम विकास कार्यक्रम अंतर्गत सोहराय पेंटिंग का पंद्रह दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। प्रशिक्षण का उद्घाटन स्थानीय मुखिया आशा देवी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने प्रशिक्षण ले रही महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सोहराय पेंटिंग झारखंड की महत्वपूर्ण कला है। जो हमारे पूर्वजों से चला आ रहा है। इस कला को सिखना बहुत आसान है। दीपावली में कोहबर पेंटिंग हर घर में वर्षों से होता आ रहा है। ट्रेनिंग देने हजारीबाग से आई पार्वती देवी ने कहा कि सोहराय पेंटिंग झारखंड की प्राचीन कला है।

पहले मिट्टी घर के दिवालों में सोहराय पेंटिंग किया जाता था । अब समय के साथ जूट बैग, फोल्डर फाइल, शॉल, साडी , गमछा पर सोहराय पेंटिंग करके इन वस्तुओं का वैल्यू एडिशन किया जा रहा है। केन्दुआ एफपीओ के डायरेक्टर रंजीत कुमार मंडल ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं की आमदनी बढाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए नाबार्ड और आइडिया संस्था का प्रयास सराहनीय है। आइडिया के प्रोग्राम कॉर्डिनेटर खुशी शर्मा ने कहा कि झारखंड का सोहराय पेंटिंग देश भर में प्रसिद्ध है।

पलरा जमुआ की महिलायें भी सोहराय पेंटिंग सीखकर इस क्षेत्र का नाम रौशन करेंगी। साथ में यह कला इनकी आमदनी बढाने में सहायक होगी।

कार्यक्रम में बबीता देवी, सुमंती देवी, गिरजा देवी, अनिता देवी, संगीता देवी, संजू देवी, मंजू देवी, द्रोपदी देवी, मनीषा देवी सहित समूह की कुल 30 महिलाए भाग ले रही है।

# छेड़छाड़ आरोपी की पत्नी ने पुलिस अधीक्षक से पुनः जांच का लगाया गुहार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमुआ :** प्रखंड अंतर्गत गोविंदाटांड निवासी प्रकाश वर्मा की पत्नि अस्टमा देवी ने पुलिस अधीक्षक गिरिडीह को आवेदन देकर उसके पति पर लगे छेड़छाड़ के लगे आरोप को अपने स्तर से जांच कराने का गुहार लगाया है। दरअसल मामला कुछ ऐसा है कि 8 जून को अस्टमा देवी के पति प्रकाश वर्मा पर शंकर प्रसाद वर्मा के बेटी ने छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए नवडिहा थाना में आवेदन दिया था जिसके बाद नवडिहा पुलिस ने प्रकाश वर्मा को गिरफ्तार कर न्यायलय हिरासत में भेज दिया है।

वही पुलिस के इस कारवाई के बाद गिरफ्तार प्रकाश वर्मा की पत्नि ने आरोप को गलत बताते हुए पुनः इसकी जांच का गुहार लगाई है। जानकारी अनुसार वर्तमान में पीड़ित के पिता ने थाना में आवेदन नहीं देने के बदले एक लाख पच्चास हजार की मांग की थी जिसका ऑडीयो रिकॉर्डिंग मौजूद है।

अगर ऑडीयो रिकॉर्डिंग सत्य है तो सवाल यह भी है कि पैसे के लालच में कहीं यह सब तो नहीं हुआ है।

वही पीड़िता द्वारा घटना का तारीख 9 जून बताया गया है जबकि 9 जून को आरोपी गांव से बाहर बताया जा रहा है।

फ़िलहाल आरोपी गिरफ्तार हो चुका है और पुलिस जांच मे जुटी हैं।

# विकास कार्य प्रभावित न हो, सभी संबंधित विभाग बीडीओ व सीओ करें सुनिश्चित, म्यूटेशन में तेजी लाएं : उपायुक्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** शनिवार को गिरिडीह समाहरणालय सभागार कक्ष में उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में सभी विभागों की विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा बैठक में समाज कल्याण, कल्याण विभाग, भू अर्जन, राजस्व विभाग, परिवहन विभाग, आपूर्ति विभाग, मनरेगा, ग्रामीण विकास, श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य विभागों की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी विभागों को सख्त निर्देश दिया कि विकास कार्य प्रभावित न हो, योजनाओं के क्रियान्वयन एवं लाभुको को लाभान्वित करने में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं एवं प्रगति सुनिश्चित करें। इसके अलावा सभी विभागों को योजनाओं में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही म्यूटेशन को लेकर सभी अंचलाधिकारी को सख्त निर्देश दिया गया है सभी पेंडिंग म्यूटेशन को जल्द से जल्द करेंगे। बैठक में उपायुक्त ने बारी बारी से विभागवार समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों से विभिन्न योजनाओं के अद्यतन स्थिति का क्रमवार जानकारी प्राप्त किया तथा जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। सभी को पूरी पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की आवश्यकता है।

### झारखंड राज्य प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ की एक दिवसीय परिचर्चा महुदा में संपन्न

# हमारी मांगों को झारखंड सरकार पूरा नहीं करती है तो रांची में संघ करेगी जोरदार आंदोलन : मो. शेख शिधिकी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** झारखंड के जेएमएम हेमंत सरकार ने हम सभी झारखंड राज्य प्रशिक्षित सहायक अध्यापकों के समस्याओं और मांगों को तीन महीना के अंदर पूरा करने का आश्वासन दिया था। लेकिन अभी सरकार का और तीन महीना के लगभग समय बचा है लेकिन हमारी मांगों को अभी तक पूरा नहीं किया गया है। यदि हमारी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो आने वाली 30 तारीख को रांची में हमारा जोरदार आंदोलन होगा। उक्त बाते

धनबाद जिला के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा हाथुडीह नया प्राथमिक विद्यालय हथुडीह( भू धौड़ा) में झारखंड राज्य प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ ,राज्य इकाई के आयोजित निर्णायक परिचर्चा में संघ के प्रदेश अध्यक्ष मो शेख सिधिक ने कहा उन्होंने आगे कहा की आज हमलोग झारखंड के सभी 24 जिला के अध्यापक संघ के साथी बैठे हैं । और हमारी मांगों को कैसे पूरा किया जाएगा इस पर चर्चा किया है। परिचर्चा में गिरिडीह,



धनबाद, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग समेत 24 जिलाओ के अध्यक्ष महासचिव प्रधान सचिव व सक्रिय सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित हुए। महासचिव विकाश कु सिंह ने मांगों को लेकर वर्तमान सरकार को अवगत कराते हुए कहा की अगर हमारे माँगो को सरकार दरकिनार करती है तो हम दुसरा रास्ता इख्तियार अपनाने पर बाध्य होंगे ।

# बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन, सैकड़ों सदस्य हुए शामिल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी/धनबाद :** टुंडी थाना परिसर में आज शुक्रवार संध्या पांच बजे टुंडी थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर असीम कमल टोपनो की अध्यक्षता में बक़रीद को लेकर शांति समिति के सदस्यों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि हर बर्ष की भांति इस वर्ष भी टुंडी जैसे अल्पसंख्यक बहुल इलाकों में शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के साथ इस त्योहार को मनाया जाएं ।इसी को लेकर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर असीम कमल टोपनो की अध्यक्षता में शांति समिति के सभी सदस्यों से राय मशविरा किया गया एवं भाईचारे के साथ इस त्योहार को मनाने की अपील की गई।साथ ही थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर ने गलत अफवाहों से बचने की बातें कही। आज के इस बैठक में उपस्थित शांति समिति के सभी सदस्यों ने टुंडी जैसे शांत इलाकों में बक़रीद त्योहार को बड़े ही उल्लासपूर्ण माहौल में मनाने की हामी भरी।

# ठेका मजदूरों ने जीतपुर कोलियरी के चानक के समक्ष प्रबंधक के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** सेल के जीतपुर कोलियरी के जनता मजदूर संघ के बैनर तले मांगे पूरी नहीं होने के बाद सभी ठेका मजदूर ने जीतपुर कोलियरी के चानक के समक्ष प्रबंधक के खिलाफ़ जोरदार विरोध प्रदर्शन व नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान हमारी मांगे पूरी करो बंद उत्पादन को चालू करना होगा के नारे लगाए।

जनता मजदूर संघ जीतपुर कोलियरी के शाखा सचिव टेकलाल तिवारी ने कहा की प्रबंधक की लापरवाही के कारण उत्पादन ठप है, जिसके कारण ठेका मजदूर भुखमरी



के कगार पर हैं। बच्चे शिक्षा से वंचित है। सेल के द्वारा कोई भी सुविधा नहीं मिलती है। ना शिक्षा, ना स्वास्थ, ना सही से काम मिलता है। अगर हमारी मांगे आठ दिनों के अन्दर पूरी नहीं हुई तो 25 और 26 को जीतपुर कोलियरी के मेन गेट पर प्रदर्शन एवं 27 को भूख हड़ताल एवं 28 को प्रबंधक का घेराव किया जायेगा।

इसकी लिखित शिकायत कार्यपालक निदेशक चासनाला को दे दी गई है। प्रदर्शन के दौरान टोकनाथ तिवारी, दिनेश कुमार, दीपक कुमार, शंकर महतो, शालेंदर यादव, विकाश कुमार महतो, अनिल यादव, इंदरजीत सिंह, भारती लाल साव आदि लोग मजूद थे।

# बकरीद त्योहार में छिपा मूल उद्देश्य कुर्बानी है : हरीश बिन जमां

## किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं : उप विकास आयुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** बकरीद त्योहार को लेकर आज शनिवार को जिला परिषद कार्यालय स्थित सभाकक्ष में महत्वपूर्ण बैठक शांति समिति के सदस्यों के साथ आयोजित हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि बकरीद का त्यौहार सदियों से मनाया जा रहा है। लोग इस त्यौहार में छिपा मूल उद्देश्य जो कि कुर्बानी है,उसे भूलते जा रहे हैं। इसकी मूल भावना को लोगों को बताये जाने की आवश्यकता है। इस त्यौहार को इस तरह मनायें कि किसी की भी भावना को ठेस ना पहुंचे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कुर्बानी का कार्यक्रम किसी भी परिस्थिति में



सार्वजनिक स्थल पर नहीं होना चाहिए। इसे लोग अपने घर के परिसर में ही करें। साथ ही जो भी अपशिष्ट बचता है उसका निपटान अच्छी तरह होना चाहिए। नगर परिषद इस दिशा में बेहतर व्यवस्था करे। शहर में पानी और बिजली की व्यवस्था नियमित रूप से मिलती रहे। सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में सतर्क रहें, किसी भी प्रकार से शांति-व्यवस्था भंग नहीं होनी चाहिए। उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में प्रतिनियुक्त और सतर्क रहेंगे। कुर्बानी का अवशेष सही तरीके से हटवा देंगे। विधि-व्यवस्था बनाये रखने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बकरीद का त्यौहार में शांति व्यवस्था बनाये रखने में सभी का योगदान जरूरी है। उप विकास आयुक्त ने शांति समिति के सदस्यों द्वारा सेन्हा में कुआं धंसने की घटना पर सवाल उठाये जाने के मामले पर कहा कि उक्त घटना के बाद सभी प्रखण्डों में निर्माणाधीन कुओं की जांच करायी गई जिसमें दुर्घटना की संभावना वाले कुओं का निर्माण कार्य रूकवा दिया गया है। कुआं निर्माण से संबंधित मैटैरियल की आपूर्ति की जा रही है। अगर किन्हीं को इस संबंध में कोई सूचना मिलती है तो तुरंत बतायें, कार्रवाई होगी। आज की बैठक में अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी, सभी थाना प्रभारी, सभी कार्यपालक दण्डाधिकारी समेत शांति समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

## उप विकास आयुक्त ने झारखंड सरकार की विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतारने को लेकर पदाधिकारीयों के साथ की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन द्वारा विभिन्न विभागों को दिये गये निदेशों की ब्रीफिंग आज शनिवार को उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा जिला परिषद कार्यालय स्थित सभाकक्ष में पदाधिकारियों के बीच की गई। बैठक में ग्रामीण विकास अंतर्गत वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना अंतर्गत एक सप्ताह में भूमि चिन्हित करने का निर्देश सभी अंचलाधिकारियों को दिया गया। बिरसा सिंचाई कूप अंतर्गत जिन लाभुकों का भुगतान लंबित है उनका भुगतान किये जाने का निदेश दिया गया। मनरेगा अंतर्गत प्रत्येक गांव औसतन पांच योजनाएं संचालित किये जाने का निर्देश दिया गया। मनरेगा योजनाओं का भौतिक निरीक्षण अवश्य करें। योजना की समीक्षा अवश्य करें। जेएसएलपीएस को फर्स्ट क्रेडिट लिंकेज के बाद दूसरी व तीसरी लिंकेज भी समय से किये जाने व एसएचजी की मॉनिटरिंग किये जाने का निदेश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना में किस्को और सेन्हा प्रखण्ड में आवास की पूर्णता में कमी



पर रोष व्यक्त किया गया और योजना की पूर्णता में तेजी लाये जाने का निदेश दिया गया। बिरसा हरित ग्राम योजना में बागवानी योजना में मिट्टी की जांच के बाद ही चयन किये जाने का निदेश दिया गया। इसके बारे लाभुक को बेहतर तरीके से अवगत कराने का निदेश दिया गया। पंचायती राज विभाग अंतर्गत सभी पंचायत सचिवालय में इंटरनेट, प्रज्ञा केंद्र की सुविधा मुहैया कराने का निदेश दिया गया। कल्याण विभाग अंतर्गत आवासीय विद्यालय जीर्णोद्धार का कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया। इसी प्रकार समाज कल्याण विभाग को पूर्ण हो चुके आंगनवाड़ी केंद्रों का हैण्डओवर लिये जाने का निदेश दिया गया। कृषि विभाग को मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना अंतर्गत ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग को आयुष्मान कार्ड योजना अंतर्गत प्रगति लाने का निदेश दिया गया। इसी प्रकार अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सावित्रीबाई फुले योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, दाखिल खारिज, जल जीवन मिशन, वनाधिकार पट्टा, एससी-एससी एक्ट, खनन विभाग, विधि-व्यवस्था, ने तंबाकू निषेध अभियान आदि की समीक्षा की गई और निदेश दिये गये। आज की बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## शिव मंदिर बड़ा तालाब में गंगा दशहरा की तैयारी पूर्ण : बजरंग दल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में बजरंग दल के द्वारा गंगा दशहरा के उपलक्ष में श्री राम मंदिर फुलवारी परिसर में बैठक की गई बैठक में गंगा दशहरा को लेकर चर्चा की गई। गंगा दशहरा आज संध्या 7:00 बजे शिव मंदिर बड़ा तालाब में किया जाएगा। सभी माताए बहने राम भक्त से आग्रह होगा कि आज गंगा दशहरा में सम्मिलित होकर पुण्य के भागी बने। साथ ही साथ सभी धार्मिक संगठन एवं सामाजिक संगठन के राम भक्तों से आग्रह होगा कि स समय गंगा दशहरा में पहुंचकर कार्यक्रम का उत्सहा बढ़ाएं।गंगा दशहरा की कुछ विशेषताएं का वर्णन किया गया है जिसमे हिंदू धर्म में गंगा दशहरा का विशेष महत्व है।पंचांग के अनुसार हर साल ज्येष्ठा शुक्ल पक्ष की दशमी को दशहरा मनाया जाता है मान्यता है कि इस दिन पृथ्वी पर मां गंगा का अवतरण हुआ था। इसलिए इस शुभ अवसर पर मां गंगा की



पूजा और पवित्र नदी में स्नान करने का विधान है वही मान्यता है की गंगा दशहरा पर अन्न,भोजन और जल समेत आदि चीजों का दान करता है तो उसे अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है वही आपको बता दें कि इस साल गंगा दशहरा आज रविवार को मनाया जाएगा। इस दिन सुबह जल्दी उठ जाएं वहीं अगर गंगा स्नान नहीं कर पाए तो घर पर ही गंगाजल बाल्टी में डालकर स्नान कर लें वहीं इसके बाद अब तांबे के लोटे में जल लेकर उसमें गंगाजल अक्षत और फूल डालकर सूर्य देव को अर्थ दिन साथ ही गंगा आरती का मंत्रों का जाप करें। गंगा दशहरा का महत्व इस दिन गंगा स्नान करने से व्यक्ति को अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है साथ ही मां गंगा का आशीर्वाद प्राप्त होता है वही इस दिन गरीबों और जरूरतमंदों को फल, जूता, चप्पल, छाता, घड़ा, और वस्त्र दान करने का विधान है। वही इस दिन सूर्य को अर्ध्य देने से व्यक्ति को आरोग्य की प्राप्ति होती है। साथ ही इस दिन गंगा स्नान करने से सभी तरह के पाप, रोग, दोष और विपत्तियों से मुक्ति मिल जाती है और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

## बकरीद त्योहार को लेकर कुंडू थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** आगामी 17 जून को मनाए जाने वाले ईद उल अजहा बकरीद पर्व को लेकर कुडू थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी मधुश्री मिश्रा ने एवं संचालन थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो ने की। सीओ मधुश्री मिश्रा ने कहा कि त्योहार आपसी भाईचारे और शान्तिपूर्ण ढंग से मनाये,और कुर्बानी खुले एवं आम स्थान पर न हो इसका ध्यान रखे। वहीं थाना प्रभारी ने कुर्बानी की कोई तस्वीर या वीडियो सोशल मीडिया पर नही डालने की बात कही। मौके पर बीडीओ प्रवेश कुमार साव ने कहा कि मिलजुल कर शांति सौहार्द्व से त्योहार मनाए।इस मौके पर उपप्रमुख एनुल अंसारी, सद्भावना मंच के सलीम अमीर, बीजेपी जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू, बीजेपी ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय चौधरी, कॉग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला



उपाध्यक्ष कमरुल इस्लाम, सहित कई लोगो ने अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर एएसआई लवकुश सिंह, प्रेम प्रकाश, बीपीआरओ कुडू, कुडू सीएचसी के डॉक्टर,आजसू जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश भारती, जिला बीजेपी उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू, संजय चौधरी धीरज प्रसाद, आजसू प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान, पंचायत समिति सदस्य सुन्दरू अब्दुल मन्नान अंसारी, विजय उरांव, ओमप्रकाश भारती, साजिद कलाल,हलीम अंसारी, धीरज प्रसाद, संजय साहू, विजय उराँव, रोजामत अंसारी, मो जान अंसारी, मो परवेज आलम, विनोद, मो अफरोज, सुशील उराँव, सनाउल अंसारी, प्रमोद कुमार, महाबीर उराँव, असलम खान, खोमा उराँव,पंचम उराँव, विजय शंकर, संतु महतो सहित कई लोग शामिल थे।

## भीषण गर्मी ने किया लोगों का जीना मुहाल, कई किलोमीटर से पानी जुटा रहे है लोग



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले भर में बढ़ती भीषण गर्मी के कारण लोगो का जीना मुहाल हो गया है। जिससे लोग बीमार पड़ रहे है जीव जंतु मरने के कगार पर खड़े है। पेड़ पौधे पूरी तरह झुलस गए है। देखा जाय तो जिले भर के अधिकांश तालाबों में पानी की जगह धूल उड़ती दिखाई दे रही है। जिससे किसानों के समक्ष फसलों को बचाना बड़ी चुनौती बनी हुई है। शाम में किसान खेत का पटवन कर रहे हैं तो सुबह होते सूख जा रही है। किसान रात-रात भर जाग कर खेती को बचाने की तरकीब ढूंढते नजर आ रहे हैं। वहीं जीव-जंतु तड़प तड़प कर बूंद-बूंद पानी के लिए तरसते दिख रहे है।जिले से होकर जुगरने वाली सबसे बड़ी नदी माने जाने वाली कोयल नदी ने भी दम तोड़ दिया है जिससे शहरी क्षेत्रों में पानी के लिए लोगो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।वही गर्मीयो में लबालब पानी भरे रहने वाले तालाबो में भी पानी का नामोनिशान तक नहीं है। बड़े नदियों के आसपास की कई एकड़ भूमि पर किसानों ने अदरक,गोभी,टमाटर व अन्य फसल लगाया है,जो की सिंचाई के अभाव में झुलस रहे हैं।उक्त तालाबों द्वारा एकड़ो भूमि पर खेती की गयी है।वहीं किसानों द्वारा कई एकड़ में लगायी गयी फूलगोभी,मिर्च एवं टमाटर तालाब के सूखने से बर्बाद होने के कगार पर पहुंच गया है।इधर तेज धूप व गर्म हवा जीव-जंतु झुलस कर मर रहे हैं।ज्ञात हो कि सरकार द्वारा तालाबों का स्वरूप बदलने के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा भूमिगत जल स्तर को बढ़ाने के लिए प्रत्येक पंचायत में अमृत सरोवर के तहत तालाब बनवाया गया था। लेकिन ये योजना भी पूरी तरह फेल हो गई इस योजना में खामी कहें या फिर निगरानी का अभाव या फिर गुणवत्ताहीन निर्माण यह तालाब अपने साथ साथ आम लोगो की बदहाली पर भी आंसू बहा रहे हैं।

## लोहरदगा क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वधान में लोहरदगा प्रीमियर लीग का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शनिवार को लोहरदगा क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वधान में लोहरदगा प्रीमियर लीग का आयोजन बलदेव साहू स्टेडियम में किया गया। लीग का तीसरा मैच लोहरदगा लायंस और हिंडालको वारियर्स के बीच खेला गया जिसका उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल के द्वारा किया गया। मौके पर खिलाड़ियों की हौंसला अफजाई करते हुए विधायक प्रतिनिधि ने कहा की वर्तमान युग में पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी आवश्यक है। खेल खेलने से स्वस्थ शरीर एवं स्वस्थ मन का विकास होता है। युवा खेल में भी अपना बेहतर कैरियर बना सकते हैं। सभी युवा खिलाड़ियों को अपना एक आदर्श खिलाड़ी चुनकर उनके पदचिन्हों पर चल कर भी सफलता प्राप्त कर सकते हैं। सभी खिलाड़ियों को अपने गुरु एवं सीनियर खिलाड़ियों का आदर करना चाहिए। आज हमारे राज्य में महेंद्र सिंह धोनी जैसे स्टार खिलाड़ी हुए जिन्होंने राज्य का नाम विश्व भर में रौशन किया। जिले में आशीष कुमार एक बेहतर खिलाड़ी के रूप में उभरे और रणजी क्रिकेट टीम में अपना स्थान बनाया और लोहरदगा जिले का नाम रौशन किया है। मैं सभी युवा खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं आप अच्छा खेले और आगे बढ़ें। इस मौके पर आशीष कुमार, विशाल डुंगडुंग, प्रेम कुमार साहू, अमित कुमार, जतिन कुमार, अजय मुंडा, आदि उपस्थित थे।

## विधायक कोलेबिरा ने किया विधायक मद से निर्मित शेड का उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** ठेठईटांगर प्रखंड के कोरोंजो पारिस मैदान में विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के विधायक मद से निर्मित शेड का उद्घाटन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के विधायक विक्सल कोनगाड़ी के द्वारा फीता काटकर शेड ग्रामीणों के सुपुर्द किया गया। इस अवसर पर हॉकी प्रतियोगिता पुरूष वर्ग का भी आयोजन किया गया, जिसमे क्षेत्र के कुल 8 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का फाईनल मुकाबले में डोंगाडूबा की टीम ने बीजाडीह को 2-0 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। विजेता व उपविजेता टीम को खस्सी देकर सम्मानित किया गया। वही सभी प्रतिभागी टीम को जर्सी प्रदान किया गया। इस दौरान पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक विक्सल कोनगाड़ी ने कहा कि खेल मानव जीवन के मनोरंजन का एक बहुत अच्छा और सुलभ साधन है, जिसके माध्यम से मनोरंजन के साथ-साथ स्वस्थ भी बेहतर रहता है। वर्तमान समय मे



गठबंधन की राज्य सरकार खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण योजना चला रही है। इस योजना का लाभ लेने के लिए खिलाड़ियों के साथ-साथ ग्रामीणों को भी जागरूक होना होगा। वही उन्होंने यह भी कहा कि बदलते परिवेश में आज हमारे लोग की अपने समाज को दूसरों के इशारे पर कमजोर करने और आपस मे लड़ाने का कार्य कर रहे है। ऐसे लोगों से हम सभी को सचेत रहने और स्वयं के अंदर राजनीति जागरूकता उत्पन्न करने की जरूरत है। ताकि हम दूसरों की कठपुतली बने नेता और उनके पार्टियों से स्वयं और अपने समाज को पिछलग्गू बनाने से बचा सके। साथ ही उन्होंने उपस्थित लोगों को गत लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए भी धन्यवाद देते हुए कहा कि विरोधियों ने हर तरीका आजमाया और कई वोटकटवा लोगों को आर्थिक मदद कर चुनाव में खड़ा करवाया किन्तु अब जनता जागरूक हो गयी है इसे क्षेत्र की जनता ने सभी को दिखा दिया। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि बहुत जल्द विधानसभा चुनाव भी होंगे जिसमे लोकसभा चुनाव वाले जोश की उन्हें व उनकी कांग्रेस पार्टी को पुनः आवश्यता होगी और उन्हें आशा है कि जनता पुनः उसे दोहराने और भाजपा और उसके पिछलग्गू झापा को विधायकी से दूर रखने का कार्य करेगी। मौके पर मौजूद जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, ठेठईटांगर प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम,ठेठईटांगर प्रमुख विपिन पंकज मिंज, विधायक प्रतिनिधि जॉनसन डांग,मोहम्मद कारू, सुशील बोदरा,अल्पसंख्यक जिला सचिव जमीर हसन, पंचायत अध्यक्ष सूकवान जोजो, इशाक डुंगडुंग, राजेश डुंगडुंग, सुलेमान टोपनो, जोहान बारला, निरोज एक्का, सुशील एक्का, जीवन टोप्पो, सुमित सोरेंग, जीवन सोरेंग, निकोदिम, सुमित डुंगडुंग, दुगन, जीवन समद, मंगलदास समद, सुनील केरकेट्टा, मानसिद डुंगडुंग, अनिल लकड़ा, आदि उपस्थित थे।

## बीडीओ ने जलछाजन द्वारा निर्मित अर्धन चेक डेम का किया निरीक्षण



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में जलछाजन द्वारा निर्मित अर्धन चेक डेम का निरीक्षण बीडीओ द्वारा किया गया। उपविकास आयुक्त दिलीप प्रताप देव शेखावत के निर्देशानुसार सरकार द्वारा संचालित जलछाजन योजना के माध्यम से निर्मित अर्धन चेक डेम व सिंचाई कूप का निरीक्षण प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने कार्य स्थल पर पँहुच कर निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में बीडीओ श्री मुर्मू ने लाभुकों और मजदूरों से कहा कि सिंचाई के लिये तथा जानवरों को पानी पिलाने के अर्धन चेक डेम काफी लाभदायक है। साथ ही प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत उरु निवासी कलेश्वर उराँव का मनरेगा योजना से निर्मित सिंचाई कूप का भी बीडीओ द्वारा निरीक्षण किया गया। जिस पर निर्देश देते हुए कहा की बरसात से पूर्व कूप निर्माण कार्य को पूर्ण करने के लिये रोजगार सेवक, मेठ और लाभुक को निर्देश दिया गया। मौके पर बीपीओ निलेन्द्र कुमार, जेई संजीत कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# नीरू शांति भगत ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पदाधिकारियों के साथ की बैठक

## कहा, आप सभी कार्यकर्ता पार्टी के पावर हाउस हैं, आपके दम पर ही विधानसभा चुनाव में होगी जीत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला आजसू पार्टी के जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती की अध्यक्षता में जिला कमिटि की बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व लोकप्रिय विधायक एवं झारखंड आंदोलनकारी स्वर्गीय कमल किशोर भगत जी की धर्मपत्नी केंद्रीय महासचिव,लोहरदगा विधानसभा प्रभारी एवं भावी प्रत्याशी नीरू शांति भगत विशेष रूप से उपस्थित हुई। बैठक में संपन्न लोकसभा चुनाव परिणाम की समीक्षा की गई एवं 2024 के अंत में होने वाली झारखण्ड विधानसभा चुनाव की तैयारी पर विशेष रूप से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए आजसू नेत्री नीरू शांति भगत ने कहा कि आप सभी कार्यकर्ता पार्टी के पावर हाउस हैं। आप ही के बलबूते आजसू आने वाले



विधानसभा में जीत कर विकास की रोशनी गांव-गांव और घर-घर पहुंचानें का काम करेगी।इसके लिए आप अभी से तैयारी प्रारंभ कर दें। जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भारती ने संगठनात्मक बिंदुओं पर विशेष रूप से चर्चा करते हुए कहा कि हमारा संगठन चूल्हा से लेकर जिला तक कैसे मजबूत हो इसके लिए युद्ध स्तर पर काम किया जा रहा है और इसका सुखद परिणाम सामने आएगा। जिला प्रवक्ता रामचंद्र गिरि ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को उत्साहित करते हुए कहा कि निश्चित रूप से आने वाला समय लोहरदगा ही नहीं पूरे झारखंड में आजसू का होगा और यह आप जैसे निष्ठावान एवं समर्पित कार्यकर्ताओं के बल पर ही संभव है । इस अवसर पर विशेष रूप से जिला उपाध्यक्ष विपिन सिंह, मुन्ना अग्रवाल, साजिद कलाल, लाल पंचम नाथ शाहदेव, राजेंद्र लोहरा, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी, एस टी मोर्चा के जिला अध्यक्ष विजय भगत, महिला इकाई की जिला महासचिव सरस्वती देवी, छात्र मोर्चा के जिला प्रभारी विजय कुमार, कुडू प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान, महासचिव परमेश्वर महतो, कैरो प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर भगत, भंडरा प्रखंड अध्यक्ष आकाश यादव, महासचिव हरि उरांव, लोहरदगा प्रखंड महासचिव आनंदराम, बबलू महतो, छात्र नेता राजन मेहता, आयुष कुमार, लोहरदगा प्रखंड महिला महासचिव हेमंती देवी सहित सैकड़ो की संख्या में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सरकार की योजना गांव तक, झारखंड सरकार के द्वारा किया जा रहा विकास का कार्य : डॉ रामेश्वर उरांव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शनिवार को माननीय विधायक लोहरदगा सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा पेशरार प्रखंड के सुदूरवर्ती गांवों का दौरा कर जनता के जनसमस्याओं से हुवे रूबरू। क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम पेशरार प्रखंड के सीरम पंचायत अंतर्गत ग्राम मक्का बाजार टांड़ एवं सेंभुवा में किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों के द्वारा डॉ रामेश्वर उरांव के आगमन में उनका स्वागत किया गया। इस मौके ग्रामीणों के द्वारा माननीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के समक्ष ग्रामीणों के द्वारा जनसमस्याओं से अवगत कराया गया। इस मौके पर डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा सरकार की योजना गांव-गांव तक किया जा रहा झारखंड सरकार के द्वारा किया जा रहा विकास का कार्य जनता का हो रहा है लाभ। झारखंड सरकार के द्वारा अनेकों विकास का कार्य कर रही है जिससे ग्रामीणों तक लाभ पंहुच रही है। सबसे पहले हरा राशन



कार्ड गरीबों के लिए सभी राशन कार्ड से वंचित को हरा राशन कार्ड से जोड़ा गया।हरा राशन कार्ड बनने से लोगो को स्वास्थ की सुविधा मिलेगी। राशन कार्ड के माध्यम से 10 रूपया में धोती,लूंगी,साड़ी का वितरण किया जा रहा है।पिला कार्ड के माध्यम से चीनी देने का भी काम किया जा रहा है। ये सभी कार्य मेरे विभाग और गठबंधन सरकार के द्वारा कार्य किया जा रहा। जिससे गरीब लोगो को लाभ दिया जा रहा है।पेयजल हेतु सभी पंचायत में 10-10 चापाकल का निर्माण किया जा रहा है जिससे पेयजल की समस्या से निजात मिलेगी। इसके साथ ही अबूवा आवास गरीबों को प्राथमिकता देते हुए दिया जा रहा है। ऐसे ही कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है हमारे सरकार के द्वारा। इसके साथ सड़क, बिजली, पेंशन, स्वास्थ के छेत्र में झारखंड सरकार द्वारा कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही आदिवासी संस्कृति के उत्थान के लिए मांदर नगाड़ा का वितरण किया जा रहा।आदिवासी बहुल क्षेत्रों में अखड़ा का निर्माण के साथ स्ट्रीट लाइट का भी निर्माण किया जा रहा है।मेरे विधायक मद से धुमकुड़िया निर्माण, पड़हा भवन, सामुदायिक भवन, पीसीसी पथ निर्माण जैसे मूलभूत कार्य प्राथमिक के आधार पर किया जा रहा है। कार्यक्रम में ग्रामीणों के द्वारा आवेदन के माध्यम से जो भी समस्या है आवेदन के माध्यम से रखा गया जिसके निदान के लिए माननीय मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा संबंधित विभागीय के पदाधिकारियों से बात कर त्वरित कार्रवाई करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विनोद सिंह खेरवार, 20 सूत्री अध्यक्ष रविंदर सिंह, सामूल अंसारी, विशाल डुंगडुंग, पंकज तिवारी, दिनू महली,भगवान दास, राजेंद्र यादव, जय प्रकाश कु गुप्ता युवा प्रखंड अध्यक्ष, सानू भुइयां, जाहिद अंसारी, जयु तुरी, पवन यादव, वकील अंसारी, राहुल कुमार, रामधनि राम, नागेश्वर उरांव, विनय उरांव, शरीफ यादव, जशवंत तुरी, शिव उरांव, मुमताज अंसारी, विशेसर सिंह एवं प्रशासनिक पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

# प्रभात मंत्र



## चलते चलते एक नजर

### गलती से बनी सरकार, ज्यादा दिन नहीं चलेगी : खड़गे



**नई दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि यह सरकार गलती से बनी है और ज्यादा दिन नहीं चलेगी। खरगे ने कहा कि वह कुछ नया नहीं कह रहे हैं। वह बस पीएम मोदी की बातें दोहरा रहे हैं। पीएम मोदी खुद इसे खिचड़ी सरकार कह चुके हैं। अगर स्पष्ट बहुमत नहीं होता है तो सरकार कोई भी फैसला लेने की स्थिति में नहीं होती है। 2024 लोकसभा चुनाव में किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत (272 सीट) नहीं मिला है और एनडीए गठबंधन ने सरकार बनाई है। भारतीय जनता पार्टी की अगुआई वाले एनडीए गठबंधन में नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड और चंद्रबाबू नायुडू की तेलगू देसम पार्टी का समर्थन बेहद अहम है। हालांकि, एनडीए गठबंधन के नेता साफ कर चुके हैं कि वह मजबूती के साथ पीएम मोदी के साथ खड़े हैं और यह सरकार जनता से किए हुए सभी वादे पूरे करेगी। देश को विकसित भारत की दिशा में आगे ले जाएगी।एनडीए गठबंधन में बीजेपी 240 सीट के साथ सबसे बड़ी पार्टी है। टीडीपी 16 सीट के साथ दूसरी बड़ी पार्टी है। जेडीयू के पास 13 सांसद हैं और चिराग पासवान की एलजेपी (रामविलास) के पास पांच सांसद हैं। शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) और अन्य क्षेत्रीय दलों के समर्थन से एनडीए के पास कुल 293 सांसद हैं। कुल मिलाकर टीडीपी और जेडीयू किंगमेकर की भूमिका में हैं और इन दोनों दलों के समर्थन वापस लेने पर एनडीए सरकार गिरने का खतरा रहेगा।

### प्रधानमंत्री ने गुजरात के संग्रहालय को प्रिक्स वर्सेल्स पुरस्कार के चयन पर जतायी प्रसन्नता

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में भूकंप पीड़ितों की याद में बने संग्रहालय को यूनेस्को के प्रिक्स वर्सेल्स पुरस्कार के लिए चयनित होने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह मानवीय लचीलेपन और साहस की भी याद दिलाता है। यूनेस्को ने प्रतिष्ठित प्रिक्स वर्सेल्स पुरस्कार के लिए भुज के स्मृतिवन भूकंप स्मारक संग्रहालय सहित सात सबसे खूबसूरत संग्रहालयों को चयनित किया है। भुज के स्मृतिवन भूकंप स्मारक संग्रहालय को वर्ष 2001 के विनाशकारी भूकंप में मारे गए लोगों की याद में मनाया गया था। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को यूनेस्को के प्रिक्स वर्सेल्स के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए पोस्ट किया कि कच्छ में स्मृतिवन उन लोगों के लिए एक श्रद्धांजलि है, जिन्हें हमने 2001 के दुखद भूकंप में खो दिया था। यह मानवीय लचीलेपन और साहस की भी याद दिलाता है।

# आज से होगा योग का महासंगम, बनेगा वर्ल्ड रिकॉर्ड

एजेंसी

**जयपुर :** नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ सौम्या गुर्जर की पहल पर जयपुर योग महोत्सव 2024 के तहत छठे दिन पत्रिका गेट एवं सिटी पार्क मानसरोवर में योग शिविर आयोजित किए गए। सिटी पार्क में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के सहायक योगाचार्य डॉ. नवनीत मलेठिया एवं योगी अभिषेक जांगिड़ तथा पत्रिका गेट पर डॉ. शालिनी शर्मा एवं सर्वमंगलाए सनातन धर्म फाउंडेशन की संस्थापक योगाचार्य पूर्वी विजयवर्गीय ने योगाभ्यास, प्राणायाम एवं ध्यान करवाया।महापौर ने बताया कि 16 एवं 17 जून को नगर निगम ग्रेटर 48 योग संस्थाओं के साथ मिलकर 1500 मिनट योग का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने जा रहा है, जिसमें बिना रुके लगातार योग संस्थानों द्वारा योगासन किए जाएंगे। यह कार्यक्रम 16 जून को सुबह सात बजे से भट्टारक जी की नसिया स्थित इंद्रलोक सभागार में आयोजित किया जाएगा जो की 17 जून सुबह 7 बजे तक लगातार विभिन्न योगाचार्यों ,योग प्रशिक्षको द्वारा योगासन ,सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न प्रकार के योग अभ्यास किए जाएंगे।गुर्जर ने कहा कि योग हमारे जीवन का अभिन्न अंग है और हमारी पुरातन परंपरा भी रही है। हमें प्रतिदिन अपने शरीर को स्वस्थ रखने तथा शहर को स्वच्छ रखने के लिए योग को दैनिक जीवन में अपनाना आवश्यक है क्योंकि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूती देता है। सिटी पार्क में आयोजित योग शिविर का कार्यक्रम की अध्यक्षता क्रीड़ा भारती के प्रांत अध्यक्ष डॉ. जी.एल.शर्मा एवं क्षेत्रीय संयोजक मेघसिंह चौहान ने कीयोग शिविर का संचालन क्रीड़ा भारती योग प्रमुख योगाचार्य सत्यपाल सिंह ने किया।



## कोर्ट की कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग पर भाजपा ने आम आदमी पार्टी पर साधा निशाना

एजेंसी

**नई दिल्ली :** न्यायालय की कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग करने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा है। भाजपा का आरोप है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी द्वारा शराब घोटाले में कोर्ट की कार्यवाही की अवहेलना की गई। यह आदमी पार्टी की सोची समझी साजिश थी। कोर्ट व्यवस्था पर कुठाराघात था। अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया तो न्यायालय की कार्यवाही का वीडियो अवैध रूप से रिकॉर्ड करके पार्टी के नेताओं ने जनता के बीच तोड़ मरोड़कर पेश किया। इसको लेकर कोर्ट ने उन्हें फटकार लगाई है। शनिवार को प्रेसवार्ता में नवनिर्वाचित लोक सभा सदस्य कमलजीत सहरावत ने इस मामले में कानूनी पक्ष रखा। कमलजीत सहरावत ने बताया कि दिल्ली हाई कोर्ट ने एक जनहित याचिका में 28 मार्च 2024 को केजरीवाल की पार्टी एवं विधायकों द्वारा अवैध रूप से बनाई गई न्यायालय की वीडियो और ऑडियो को हटाने का निर्देश सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को दिया गया है। न्यायालय की कार्यवाही को रिकॉर्ड करना प्रतिबंधित है। कमलजीत सहरावत ने कहा कि 21 मार्च 2024 को केजरीवाल गिरफ्तार हुए थे। जनता को गुमराह करने के लिए 28 मार्च 2024 को जब उनको न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, तब फिर उन्होंने झूठे बयान दिए, जिसे उनकी पत्नी और उनके मंत्री, विधायकों ने अवैध रूप से न्यायालय की कार्यवाही का वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर शेयर करके जनता को गुमराह करने की कोशिश की।

## अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता पर अदालत ने लिया एक्शन

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली हाई कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल को सोशल मीडिया पर अदालत की कार्यवाही का वीडियो हटाने का निर्देश दिया। सुनीता केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर ये वीडियो तब पोस्ट किया था जब अरविंद केजरीवाल शराब नीति घोटाले मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तार होने के बाद अदालत के सामने पेश हुए थे। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा और जस्टिस अमित शर्मा की बेंच ने सुनीता केजरीवाल और अन्य के खिलाफ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए नोटिस जारी किया है। सुनीता केजरीवाल के खिलाफ ये जनहित याचिका दिल्ली के वकील वैभव सिंह ने दायर की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री की पत्नी ने जानबूझकर और इरादतन दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा अधिसूचित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग नियमों की अवहेलना की है। इस याचिका में अक्षय मल्होत्रा, एक्स यूजर नागरिक-इंडिया जीतेगा, प्रमिला गुप्ता, वीनेता जैन और डॉ. अरुणेश कुमार यादव के खिलाफ भी शिकायत दर्ज की गई है। अदालत ने सभी आरोपियों को निर्देश दिया है कि वे अपने सोशल मीडिया हैंडल्स से वीडियो हटा दें। अब इस मामले की सुनवाई 09 जुलाई को होगी।अदालत में दायर याचिका में एक एसआईटी के गठन की मांग की गई है, जो उन लोगों के खिलाफ जांच करे और एफआईआर दर्ज करे, जिन लोगों ने कोर्ट की कार्यवाही का ऑडियो और वीडियो सार्वजनिक किया।

### जीएन कॉन्वेंट में द्वितीय चरण का शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

# सीखना और सिखाना प्रशिक्षण का वास्तविक उद्देश्य

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** जीएन कॉन्वेंट(10+2) स्कूल में सीबीएसई गाइड लाइन के आलोक में इन हाउस टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम का दूसरा चरण संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक मदन केशरी, सचिव सुषमा केशरी तथा उपप्राचार्य बसंत ठाकुर द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर तथा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।

मौके पर निदेशक ने कहा कि शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को तकनीक और आधुनिक शिक्षा की रणनीतियों से लैश करता है। शिक्षक और छात्र दोनों क्रमशः एक दूसरे के पूरक हैं जो सीखने और सिखाने की दिशा में निपुणता हासिल करते हैं। इसका प्रभाव सकारात्मक परिणाम वाला होता है। वर्तमान परिपेक्ष्य में शिक्षकों की प्रशिक्षित करना मुख्य रूप से इस तथ्य के कारण आवश्यक है कि वर्तमान पीढ़ी के छात्र पारंपरिक शिक्षण विधियों को नहीं समझते हैं। हम आज के छात्रों को कल के तरीकों से नहीं पढ़ा सकते हैं। जबकि उन्हें योग्य बनाने के लिए आधुनिक शिक्षण प्रणाली होनी चाहिए। आत्मविश्वासी और खुश शिक्षकों का मतलब है आत्मविश्वासी और खुश छात्र। आज का मुख्य विषय स्ट्रेस मैनेजमेंट रहा। मुख्य रिसोर्स पर्सन्स के रूप में शिक्षक अभिषेक पाण्डेय, पीजीटी एवं संतोष प्रसाद पीआरटी के द्वारा अत्यंत प्रभावशाली विचार एवं सुझाव व्यक्त किए गए जो प्रसंशनीय एवं अनुकरणीय रहा। मंच का संचालन खुर्शीद आलम तथा स्वागत भाषण उप्राचार्य बसंत ठाकुर एवं धन्यवाद ज्ञापन वीरेंद्र गुप्ता के द्वारा किया गया। कार्यशाला में शिक्षक मुकेश कुमार भारती,वीरेंद्र साह, सुनीता कुमारी, रिया सिंह,शिवानी कुमारी,रिजवाना शाहीन, सीमा श्रीवास्तव तथा प्रोजेक्ट मैनेजमेंट श्रेया आनंद आदि उपस्थित थे।




# दिल्ली में पेयजल के लिए मचा हाहाकार, कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भीषण गर्मी के बीच राजधानी दिल्ली में जल संकट बढ़ता जा रहा है। दिल्ली वालों को अब पानी की बर्बादी का खामियाजा भी भुगतना पड़ रहा है। दिल्ली में कई जगहों पर लोग पानी के लीकेज की समस्या से परेशान हैं। वहीं, इस मामले पर सियासत भी जमकर हो रही है। दिल्ली में पानी की किल्लत को लेकर केजरीवाल सरकार पर अभी तक बीजेपी ही हमलावर थी, लेकिन अब लोकसभा चुनाव में दिल्ली में आम आदमी पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस भी केजरीवाल सरकार को घेर रही है।कांग्रेस दिल्ली में कई जगहों पर प्रोटेस्ट कर रही है। जहां दिल्ली में पानी की बर्बादी और जल संकट के लिए कांग्रेस सीधे-सीधे केजरीवाल सरकार को जिम्मेदार बता रही है। कांग्रेस शनिवार को दिल्ली के 280 ब्लॉकों में सड़कों पर उतरकर मटका फोड़कर प्रदर्शन किया।कांग्रेस के साथ-साथ बीजेपी ने भी केजरीवाल सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। श्रीनिवासपुरी वार्ड के बीजेपी काउंसलर राजपाल सिंह ने कहा कि बीजेपी लगातार कह रही है कि दिल्ली में पानी की भीषण कमी है। केजरीवाल सरकार पानी लीकेज की समस्या रोक पाने में नाकाम साबित हो रही है। दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके में पानी के लिए लोग तरस रहे हैं। यहीं पानी की बर्बादी का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि ये साफ और स्वच्छ पानी है। इसका उपयोग पीने के लिए हो सकता है। दिल्ली के कालका जी के श्रीनिवासपुरी वार्ड के सरायजुलेना मल्टीलेवल पार्किंग पास लाखों गैलन पानी भरा हुआ है। ये पानी सीवर में चला जा रहा है। इसका उपयोग दिल्ली सरकार के जल मंत्री कर नहीं पा रहे हैं। पानी की बर्बादी पर स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट रहा है। ओखला फेज 2, फेज 3 और शीनिवासपुरी में ओखला में पीने के पानी का त्राहिमाम है।



## शान्ता कुमार ने की स्वामी रामदेव को भारत रत्न देने की वकालत

**पालमपुर :** पूर्व केन्द्रीय मंत्री शान्ता कुमार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिख कर स्वामी रामदेव को भारत रत्न देने की वकालत की है। उनका तर्क है कि योग और स्वदेशी के लिए अत्यन्त सराहनीय और ऐतिहासिक कार्य करने के लिए स्वामी रामदेव को यह सम्मान मिलना चाहिए। शान्ता कुमार ने शनिवार को एक बयान में कहा कि 21 जून को पूरा विश्व योगमय हो जाएगा। यह भारत के लिए अत्यन्त सौभाग्य की बात है। सदियों तक योग कुछ आश्रमों तक सीमित रहा। देश के इतिहास में पहली बार एक अकेले संन्यासी स्वामी रामदेव ने आस्था चैनल के सहयोग से सदियों बाद योग को घर-घर पहुंचाया। एक जन आंदोलन बनाया। स्वामी रामदेव योग प्रचार के लिए विदेशों में भी गये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के सहयोग से विश्व के 165 देशों के समर्थन से 21 जून को अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का ऐतिहासिक निर्णय हुआ।

# राजद के टिकट पर ही चुनाव लडूंगी : बीमा भारती

एजेंसी

**पूर्णिया :** मैं राजद की प्रत्याशी के रूप में रूपौली विधासभा उपचुनाव लडूंगी। लोगों की बातों पर जाना बेकार है।

उक्त बातें क्षेत्र में उठ रहे अटकलों को समाप्त करते हुए पूर्व मंत्री सह पूर्व विधायक बीमा भारती ने शनिवार को यहां कही।उन्होंने कहा कि क्षेत्र में क्या-क्या अटकलें लगाई जा रही हैं उससे उन्हें कोई मतलब नहीं है । वह राजद की सिपाही हैं। राजद के टिकट पर ही रूपौली विधानसभा से उपचुनाव लड़ेंगी । यह पूछने पर कि यह सीट पिछले विधानसभा चुनाव में सीपीआई के पास थी, सीपीआई के कार्यकर्ता कह रहे हैं कि यहां महागठबंधन से सीपीआई का ही प्रत्याशी चुनाव लड़ेगा । इस बात पर उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ नहीं है ।यहां राजद का ही प्रत्याशी होगा तथा राजद के प्रत्याशी के रूप में वह चुनाव लड़ेंगी।यह भी पूछने पर कि चर्चा है कि राजद के सीट नहीं होने तथा सीपीआई के सीट हो जाने पर यहां से उनके पति अवधेश मंडल या उनकी पुत्री रानी भारती स्वतंत्र रूप से चुनावी मैदान में उतरेंगे । उन्होंने इन सभी बातों को खारिज करते हुए कहा कि कौन क्या बोलता है उससे मतलब नहीं है। वह कहती हैं कि ऐसी कोई बात नहीं है। उनके अलावा कोई चुनाव नहीं लड़ेगा।पूर्व विधायक बीमा भारती के द्वारा कहीं बातों से इतना तो स्पष्ट हो गया है कि वह राजद से चुनाव लड़ने जा रही हैं, बाकी सभी बातें अफवाह हैं । वैसे राजनीति में कुछ भी नहीं कहा जा सकता है । कब, क्या, किधर कौन सा पासा पलट जाएगा कहना मुश्किल है।



# जल ही जीवन है, मिशन को अपनाना जरूरी : मुख्यमंत्री



एजेंसी

**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल ही जीवन है मिशन को अपनी प्रतिदिन की दिनचर्या में अपनाना जरूरी है। जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रदेश में वृहद स्तर पर जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। सभी 55 जिलों में जिला, तहसील, पंचायत, ग्राम स्तर तक कोई भी इस अभियान के प्रभाव से अछूता नहीं हैं। यह जल के प्रति हमारी निष्ठा और जागरूकता को दिखाता है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को उज्जैन के पुलिस लाइन में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तालाब गहरीकरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने पुलिस लाइन स्थित तालाब के गहरीकरण के लिए श्रमदान किया, उन्होंने पाम का पौधा रोप कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। मुख्यमंत्री ने पुलिस लाइन में आयोजित जल संरक्षण के अद्भुत आयोजन के लिए पुलिस प्रशासन को बधाई देते हुए अभियान को निरंतर जारी रखने का आव्हान किया। उन्होंने सभी को गंगा दशहरा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी।पुलिस महानिरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस से आरंभ हुए जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत पुलिस लाइन के तालाब के गहरीकरण का कार्य 5 जून से ही पुलिस वॉलिंटियर्स द्वारा किया जा रहा है, तालाब का 15 फीट तक गहरीकरण किया जाएगा। साथ ही तालाब के आसपास वर्षाकाल में 1500 से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। पुलिस लाइन में आकर्षक तरीके से सजाए गए तालाब परिसर में जल गंगा संवर्धन अभियान का कार्यक्रम उत्सवीय वातावरण संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आगमन पर सर्वप्रथम पुलिस बल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया, पुलिस बैंड द्वारा बजाई जा रही आकर्षक धुनों के बीच पुष्पवर्षा से डॉ. यादव का स्वागत किया गया।

## मध्य प्रदेश के रायसेन में शराब बनाने की नामी फैक्टरी पर छापे में 58 बाल मजदूर मुक्त कराए गए

**नई दिल्ली :** बाल मजदूरी की रोकथाम के लिए सख्त कार्रवाई करते हुए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन ( बचपन बचाओ आंदोलन) के साथ मिलकर मध्यप्रदेश के रायसेन जिले में शराब बनाने की एक नामी फैक्टरी पर छापे की कार्रवाई में 58 बाल मजदूरों को मुक्त कराया। बचपन बचाओ आंदोलन की सूचना पर एनसीपीसीआर के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो की अगुवाई में 'सोम डिस्टिलरी' पर मारे गए इस छापे में मुक्त कराए गए बच्चों में 19 लड़कियां और 39 लड़के हैं। बच्चों को मुक्त कराने की इस कार्रवाई पर संतोष जाहिर करते हुए बचपन बचाओ आंदोलन के निदेशक मनीष शर्मा जो कि छापामार टीम में भी शामिल थे, उन्होंने कहा, अल्कोहल और रसायनों की दुर्गंध हम जैसे वयस्कों के लिए भी असहनीय है।

# सीआईडी ने साइबर ठगी के आरोपित को असम से किया गिरफ्तार

**डीएसपी नेहा बाला ने शनिवार को बताया कि साइबर क्राइम थाना में पीड़ित महिला ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी कि उससे व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क किया गया।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) की साइबर क्राइम थाना ने साइबर ठगी के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित फरहादुर रहमान की गिरफ्तारी असम के धुबरी जिले स्थित फकीरगंज थाना क्षेत्र से हुई है। इसके पास से मोबाइल और दो सिम बरामद हुए हैं। डीएसपी नेहा बाला ने शनिवार को बताया कि साइबर क्राइम थाना में पीड़ित महिला ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी कि उससे व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क किया गया। महिला से कहा गया कि आपको इंस्टाग्राम पर वीडियो लाइक कर स्क्रीन शॉट भेजने का पार्ट टाईम जॉब ऑफर किया गया है। महिला ने जब यह काम करना शुरू कर दिया, तो उसे टास्क दिया जाने लगा। हर टास्क के लिए पैसे मिलने लगे। इससे महिला को आगे भी यह काम करते रहने का प्रोत्साहन मिला। इसके बाद साइबर अपराधी ने महिला को टेलीग्राम आईडी ॠद्य4ह्यह्यड्ड के माध्यम से संपर्क कर टास्क और हाइअर रेटिंग के लिए संपर्क किया गया। इस टेलीग्राम प्रोफाईल के माध्यम से दिए गए टास्क को करने के लिए इन्हें विभिन्न बैंक खाताओ में पैसे डालने को बोला गया। इसके बाद उनसे एक वेबसाइट अकाउंट बनाने बोला गया, जहां महिला के द्वारा किये गये इन्वेस्टमेंट का प्रॉफिट दिखाई देता था लेकिन महिला को प्रॉफिट नहीं मिला। इस प्रकार से महिला से कुल 29 लाख 94 हजार 50 रुपये की ठगी कर ली गई। डीएसपी ने बताया कि अनुसंधान के क्रम में मामले में प्रयुक्त फर्जी इन्वेस्टमेंट वेबसाइट का आईपी ऐड्रेस सिंगापुर, चीन, टोक्यो और जापान का पाया गया। साथ ही फाइनेंशियल ट्रेल एनालिसिस में फेक कंपनी के नाम पर रजिस्टर्ड रैंक अकाउंट दिल्ली, गुजरात, मध्य प्रदेश के बैंक खाता पाया गया। इसमें करोडो रुपये के ट्रांजेक्शन किये गये थे। जांच में इन बैंक खाताओं से हुए ट्रांजेक्शन के आईपी ऐड्रेस का मूल स्थान हांगकांग एवं चीन में पाया गया। त्वरित कार्रवाई करते हुए काण्ड में सभी बैंक खाताओं में कुल नौ लाख 36 हजार को फ्रीज करवा दिया गया। उल्लेखनीय है कि पूर्व में इसी मामले में रवि शंकर और वीरेंद्र की गिरफ्तारी सीआईडी की टीम ने की थी।

